ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● डालटनगंज ● आश्विन कृष्ण पक्ष 13 ● विक्रम संवत 2080 ● गुरुवार, 12 अक्टूबर 2023 ● वर्ष-29 ● अंक-355 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

आमिर खान फिल्म 'सितारे जमीन पर' से करेंगे ... पेज 10 पर

जनजाति समुदाय भारतीय सभ्यता और संस्कृति का अभिन्न अंग : राज्यपाल

नवीन मेल संवाददाता

पूर्वी सिंहभूम/रांची। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि यह महोत्सव केवल हमारी संस्कृति तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारे राष्ट्र की समृद्ध विविधता को भी दर्शाता है। उन्होंने कहा कि प्राचीन काल से ही जनजाति समुदाय भारतीय सभ्यता और संस्कृति का अभिन्न अंग रहे हैं। इस समुदाय का समृद्ध इतिहास और परंपरा प्रेरणादायक है और इसकी पूरे विश्व में एक अमिट छाप है। राज्यपाल बुधवार को पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) के गोपाल मैदान में आयोजित आदि महोत्सव में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य वीरों की भूमि है। इस राज्य में भगवान बिरसा मुंडा सहित कई

महान विभूतियां हुए हैं, जिन्होंने मातृभूमि व समाज के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। प्रधानमंत्री ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को पूरे देश में 'जनजातीय गौरव दिवस' के रूप में मनाने का निर्णय लिया। भगवान बिरसा मुंडा एक समाज सुधारक और दूरदर्शी स्वतंत्रता सेनानी थे, जिन्होंने अंग्रेजों द्वारा किए गए अत्याचारों के विरुद्ध संघर्ष किया। राष्ट्र के लिए उनका बलिदान आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। राज्यपाल ने कहा कि जनजाति समुदाय की कला जीवंत हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने लोगों से स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'वोकल फॉर लोकल' का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी 24 जिलों की विभिन्न पंचायतों के भ्रमण के दौरान, लोगों से संवाद किया और उनके कौशल को निकट से देखा। यहां के आदिवासी समाज की महिलाएं परिश्रमी हैं और विकास के लिए लालायित हैं। महिला स्वयं सहायता समूहों में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही हैं और आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर हैं।

झारखंड के राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने भावभीनी श्रद्धांजलि दी

कार्डिनल टोप्पो का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार

नवीन मेल संवाददाता

रांची। कैथोलिक ईसाइयों के बड़े धर्मगुरु कार्डिनल फादर तेलेस्फोर पी टोप्पो का बुधवार को रांची में हजारों की भीड़ के बीच राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। कार्डिनल टोप्पो का लंबी बीमारी के बाद 4 अक्टूबर को निधन हो गया था। उन्हें रांची के संत मारिया गिरिजाघर परिसर में मदर टेरेसा की प्रतिमा के पास दफनाया गया। अंतिम संस्कार से पहले झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो के अंतिम संस्कार में देश के 25 राज्यों के 30 बिशप, 500 फादर और

रोम से नियुक्त किये गये वेटिकन सिटी एंबेसी के सदस्य भी शामिल हुए। बता दें कि टोप्पो पूरे एशिया के पहले आदिवासी थे, जिन्हें कार्डिनल बनाया गया था। वह कार्डिनल के साथ-साथ लंबे समय तक ईसाइयों के रांची आर्चडायसिस (धर्मप्रांत) के आर्कबिशप भी रहे। कैथोलिक मिशन में सर्वोच्च धर्मगुरु पोप के बाद कार्डिनल का दर्जा ही सबसे ऊंचा होता है। वह कार्डिनल के पद से 24 जून 2018 को रिटायर हुए थे। रांची के लोएला ग्राउंड में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में करीब 30 हजार लोग जुटे। पिछले पांच दिनों में करीब एक लाख लोगों ने उनके अंतिम दर्शन किए। जिस हॉस्पिटल में उन्होंने अंतिम सांस ली, वहां से रांची तक करीब 34 किलोमीटर दूर गिरजाघर में जब उनका शव लाया गया, तब करीब 34 किलोमीटर दूरी लंबी मानव श्रृंखला बनाकर उन्हें अंतिम विदाई दे गई। अंतिम संस्कार के पहले कार्डिनल को राजकीय सम्मान दिया गया। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, सांसद महुआ माजी, राज्य के पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, विधायक नेहा तिर्की, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर समेत कई लोगों ने उनके अंतिम दर्शन किए।

मुख्यमंत्री आज खिलाड़ियों व प्रशिक्षकों को करेंगे सम्मानित

रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य को गौरवान्वित करने वाले खिलाड़ियों एवं उनके प्रशिक्षकों को खेलगांव में प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित करेंगे। सम्मान राशि पाने वालों में ओलम्पिक खेलों सहित विभिन्न राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय खेलों में राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाले एवं प्रतियोगिता में स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक प्राप्त करनेवाले खिलाड़ी तथा इनके प्रशिक्षक शामिल हैं। मुख्यमंत्री द्वारा इस समारोह में 19 खेलों के लिए 222 खिलाड़ियों के बीच 4,46.20,000 रुपये एवं 15 खेलों के 52 प्रशिक्षकों के बीच 48,30,000 रुपये की सम्मान राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की जाएगी।

गागर में सागर

ट्रेन से कटकर एक व्यक्ति की मौत

रांची। रांची के डोरंडा स्थित डिबडीह पुल के पास से बुधवार को पुलिस ने शव बरामद किया है। पुलिस के अनुसार ट्रेन से कटकर एक व्यक्ति की मौत हुई है। मृत व्यक्ति की शिनाख्त राजकुमार के रूप में की गई है। वह अरगोड़ा का रहने वाला था। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया।

पति ने पत्नी की कुदाल से काटकर की हत्या, गिरफ्तार

दुमका। जिले के जामा प्रखंड अंतर्गत चिकनियां पंचायत के जरजोखा में पति दिनेश किस्कू ने मंगलवार रात पत्नी मालोती सोरेन (40) को कुदाल से काटकर हत्या कर दी। बुधवार को घटना की सूचना मिलने बुधवार को जामा थाना पुलिस पहुंचकर आरोपित पति को गिरफ्तार कर शव को पोस्टमार्टम के लिये दुमका भेज दिया है। मृतका के भाई मानेशल सोरेन के बयान पर कांड संख्या 95/23 के तहत भादवि की धारा 302 में मामला दर्ज किया गया है। बताया जाता है कि पति-पत्नी में अक्सर शराब की नशे में थे। इसी बीच किसी बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया और गुस्से में पति ने पत्नी की कुदाल से काटकर हत्या कर दी।

राज्य सूचना आयोग के पूर्व आयुक्तों के भत्ते में 4200 रुपये प्रतिमाह की बढ़ोतरी

रांची। राज्य सरकार ने झारखंड सूचना आयोग से रिटायर मुख्य सूचना आयुक्त, सूचना आयुक्त को मिलने वाले भत्ते एवं सेवा शर्त में संशोधन किया है। केंद्रीय सूचना आयोग की तर्ज पर राज्य के पूर्व मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्त को आवास के लिए 1500 रुपये का (टेलीफोन-मोबाइल) कॉल की सुविधा थी, उसे बढ़ाकर 4200 रुपये प्लस टैक्स प्रतिमाह किया गया है। इसमें अब ब्रॉडबैंड, इंटरनेट इत्यादि शब्द भी जोड़ दिए गये हैं। पहले ये शब्द नहीं थे। इसके अलावा घरेलू सहायता के लिए संविदा पर हेल्पर को नियुक्त करने की सुविधा भी बढ़ी है। इन हेल्पर को रखने के लिए न्यूनतम वेज 18,000 रुपये मासिक प्लस डीए के साथ भुगतान किया जायेगा। इस खर्च का भुगतान राज्य सरकार करेगी। इस संबंध में बुधवार को कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

हाई कोर्ट ने मुख्य सचिव को 9 नवंबर को किया तलब

रांची। झारखंड हाई कोर्ट ने स्टेट लिटिगेशन पॉलिसी से संबंधित याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य के मुख्य सचिव को तलब किया है। स्टेट लिटिगेशन पॉलिसी पर स्वतः संज्ञान लेकर सुनवाई कर रही है। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र और जस्टिस आनंद सेन की बेंच में बुधवार को इस मामले की सुनवाई हुई। अदालत ने राज्य सरकार की ओर से स्पष्ट जवाब नहीं दिए जाने पर मुख्य सचिव को 9 नवंबर को उपस्थित होने का निर्देश दिया है। इस मामले में न्याय मित्र राजीव रंजन मिश्रा ने अदालत को सुझाव दिया है कि राज्य सरकार वैसे ही मामलों में अपील या एसएलपी दाखिल करे, जिसके लिए संबंधित विभाग के उच्च अधिकारी जिम्मेदार होने चाहिए। अगर एसएलपी और अपील में सरकार के खिलाफ कोई आदेश पारित होता है, तो संबंधित अधिकारियों से उक्त मामले में वसूली की जाए।

डीजीपी ने सभी रेंज के डीआईजी व जिलों के एसपी के साथ की बैठक, कहा

सोशल मीडिया पर रखें नजर

नवीन मेल संवाददाता

रांची। डीजीपी ने राज्यभर में संवेदनशील व सांप्रदायिक वारदातों के लिहाज से हॉट स्पॉट के चयन व प्रत्येक पूजा पंडाल में सीसीटीवी लगाना सुनिश्चित करने का आदेश दिया है। डीजीपी अजय कुमार सिंह ने सभी जिलों के एसपी व रेंज डीआईजी के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए समीक्षा बैठक की। डीजीपी ने सभी जिलों में पर्व त्योहार को लेकर की गई प्रशासनिक तैयारियों की जानकारी ली। इस दौरान विधि व्यवस्था संधारण की तैयारी, शांति समिति की बैठकों, सांप्रदायिक सद्भाव में खलल डालने वाले असमाजिक तत्वों की पहचान, वारंटियों के खिलाफ कार्रवाई के अपडेट, अवैध खनन, मादक द्रव्यों की तस्करी के विषयों पर जानकारी ली।

एसपी ने रखा एजेंडा

बैठक के दौरान सभी जिलों के एसपी ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए की गई तैयारियों का एजेंडा रखा। डीजीपी ने सभी जिलों के एसपी को आदेश दिया है कि प्रत्येक जिले में 24 घंटे पुलिस पदाधिकारी व बलों की प्रतिनियुक्ति करें। साथ ही प्रत्येक घटना की सूचना पुलिस मुख्यालय के वरीय पदाधिकारियों व डीजी कंट्रोलरूम को देने का निर्देश दिया गया है।

हॉट स्पॉट के साथ-साथ संवेदनशील पंडाल भी होंगे चिन्हित

जिलों के एसपी को निर्देश दिया गया है कि वह जिलावार हॉट स्पॉट के चयन के साथ-साथ वैसे पंडालों को भी चिन्हित करें जो संवेदनशील हों। ऐसी जगहों पर रोशनी की समुचित व्यवस्था हो, सीसीटीवी अनिवार्य रूप से लगाए जाएं। पंडालों के पास प्रतिनियुक्त बल को दंगा रोधी संसाधनों से लैस करते हुए प्रतिनियुक्ति का आदेश दिया गया है। सोशल मीडिया पर भी विशेष निगरानी रखने का आदेश डीजीपी ने दिया है। आपत्तिजनक पोस्ट डालने वालों पर कार्रवाई का आदेश डीजीपी ने दिया है। बैठक के दौरान सीआईडी डीजी अनुराग गुप्ता, एडीजी अभियान संजय आनंद लाठकर, आईजी विशेष शाखा प्रभात कुमार, आईजी सीआईडी असीम विक्रांत मिंज, डीआईजी विशेष शाखा माइकल राज भी मौजूद थे।

हाई कोर्ट में शराब टेंडर की जांच के लिए दायर पीआईएल पर सुनवाई

रांची। झारखंड हाई कोर्ट में थोक शराब के लिए जारी टेंडर में गड़बड़ी की जांच को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर बुधवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा व जस्टिस आनंद सेन की अदालत में इस जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। इस संबंध में याचिकाकर्ता उमेश कुमार ने याचिका दाखिल की है। अब इस मामले में दो जनवरी को सुनवाई होगी। साथ ही अदालत ने याचिकाकर्ता को भी सरकार के जवाब पर प्रति उत्तर दाखिल करने का निर्देश दिया है। सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से पक्ष रख रहे वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि इस मामले में सरकार ने जुलाई में जवाब दाखिल कर दिया है। इस पर अदालत ने कहा कि सरकार की ओर से कोई जवाब दाखिल नहीं किया गया है। सिर्फ याचिकाकर्ता की ओर से 12 मई को एक शपथ पत्र दाखिल किया गया है। अदालत ने फिर से सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। सरकार ने भी कहा कि याचिकाकर्ता और उनके वकील पर आपराधिक मामले दर्ज हैं।

हाईकोर्ट में सीएम हेमंत के वकील ने कहा-

समन में नहीं है स्पष्टता

13 को ईडी रखेगी अपना पक्ष

रांची। ईडी के समन के खिलाफ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा दाखिल क्रिमिनल रिट याचिका पर बुधवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र और जस्टिस आनंद सेन की खंडपीठ में हुई सुनवाई के दौरान सीएम हेमंत सोरेन की ओर से सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता और जाने माने राजनीतिज्ञ पी चिदंबरम ने पक्ष रखा। उन्होंने ईडी के समन पर सवाल खड़ा किया। मामले की अगली सुनवाई 13 अक्टूबर को होगी। सीएम हेमंत सोरेन की तरफ से पक्ष रख रहे अधिवक्ता पी चिदंबरम ने ईडी के समन पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि हेमंत सोरेन को दिए जा रहे समन में स्पष्टता नहीं है। ईडी के द्वारा उन्हें आरोपी के रूप में बुलाया जा रहा या गवाह के रूप में यह स्पष्ट नहीं है। सुनवाई के दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से पी चिदंबरम यह दलील कोर्ट के समक्ष रखते नजर आए। वहीं ईडी की ओर से एस के राजू ने भी वर्चुअल मोड में पक्ष रखा। दोनों पक्षों की ओर से सुनवाई होने के बाद कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई 13 अक्टूबर को निर्धारित की है। अधिवक्ता धीरज कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि 13 अक्टूबर को ईडी को पक्ष रखने के लिए हाई कोर्ट ने कहा है। उन्होंने कहा कि सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से यह कहा गया कि ईडी ने जो समन जारी किया है वह वैध नहीं है, क्योंकि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर ना तो कोई एफआईर दर्ज है और ना ही कोई आरोपी या गवाह वो हैं। ऐसे में ईडी समन क्यों भेज रहा है स्पष्ट नहीं है। गौरतलब है कि पिछली सुनवाई 6 अक्टूबर को थी, जिसमें कोर्ट ने याचिका में पाये गए सभी डिफेक्ट दूर करने का निर्देश दिया था। हाई कोर्ट में ईडी के समन के खिलाफ दी गई चुन। ती में प्रार्थी द्वारा पीएमएलए एक्ट 2002 की धारा 50, 63 की वैधता को चुनौती दी गई है।

अब तक ईडी भेज चुका है पांच नोटिस : रांची जमीन घोटाला मामले में ईडी के द्वारा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पांच समन जारी किया जा चुका है। ईडी के इन समन के खिलाफ हेमंत सोरेन के द्वारा सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने हेमंत सोरेन को इस मामले में हाई कोर्ट जाने को कहा था इसके बाद हेमंत सोरेन के द्वारा झारखंड हाई कोर्ट में क्रिमिनल रिट पिटीशन दाखिल की गई है।

पुलिस कांस्टेबल की संदिग्ध हालात में मौत गर्दन में मिले निशान, जांच में जुटी पुलिस

नवीन मेल संवाददाता

रांची। रांची जिला बल में पदस्थापित कांस्टेबल अभिषेक कुमार की संदेहास्पद परिस्थितियों में इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। कांस्टेबल अभिषेक कुमार की मौत किस तरह से हुई है इसकी जांच पुलिस कर रही है क्योंकि अभिषेक के गले में निशान मिले हैं।

क्या है पूरा मामला : रांची पुलिस लाइन में पदस्थापित कांस्टेबल अभिषेक कुमार रांची के सुखदेव नगर थाना क्षेत्र स्थित विनोद कुमार के मकान में बतौर किरायेदार अपनी पत्नी के साथ रहा करते थे। अभिषेक की पत्नी अक्षरा कुमारी ने पुलिस को दिए बयान में बताया है कि मंगलवार की देर रात खाना खाने के बाद उनके पति को सांस लेने में तकलीफ होने लगी और वह कुछ ही देर बाद उल्टियां करने लगे। इसके बाद अक्षरा कुमारी के द्वारा ही अभिषेक कुमार को आनन-फानन में पास के अस्पताल में ले जाया। सेवा सदन अस्पताल में डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज करने के बाद अभिषेक को और बेहतर इलाज के लिए दूसरे अस्पताल ले जाने की सलाह दी ,जिसके बाद अक्षरा कुमारी अपने पति अभिषेक को रांची के लालपुर थाना क्षेत्र स्थित एक निजी अस्पताल में ले गई जहां इलाज के दौरान अभिषेक की मौत हो गई।

मामला संदेहास्पद ,जांच करेगी पुलिस : जिस अस्पताल में अभिषेक कुमार की मौत हुई वह अस्पताल रांची के लालपुर थाना क्षेत्र में आता है, लालपुर पुलिस के द्वारा अभिषेक की पत्नी का बयान लिया गया है ,जिसमे पत्नी ने मौत की वजह बीमारी बताई है। लेकिन लालपुर पुलिस मामले को संदेहास्पद मानकर चल रही है। अमृत जवान अभिषेक के गर्दन पर फांसी के फंदे पर लटकने के जैसा निशान मिला है। लालपुर थाना आदिकान्त महतो ने बताया कि मामला संदेहास्पद है। चुकी पीओ सुखदेवनगर थाना क्षेत्र में है इसलिए आगे की जांच सुखदेवनगर पुलिस के द्वारा की जाएगी।

पलामू सांसद बीडी राम ने चैनपुर में कहा-पीएम के हाथ में देश सुरक्षित

तीस करोड़ से अधिक की लागत से 5 सड़कें व 3 पुलों का शिलान्यास

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। चैनपुर प्रखंड के कई सड़कों और पुलों का शिलान्यास बुधवार को पलामू सांसद बीडी राम ने किया। ये सड़कें हैं। सेमरा से ताली वाया सुकरी सड़क 8.130 किलोमीटर, चैनपुर से उलडंडा सड़क 11.186 किलोमीटर, 75 पोलपोल से भोगू कैनाल तक 5.169 किलोमीटर, पोलपोल से कुंडेलवा तक सड़क 6.516 किलोमीटर, हिसरा पोखराहा से झाबर वाया हुटार तक 7.230 किलोमीटर एवं कुंडेलवा ओबरा नदी पर पुल निर्माण एवं बजराहा नाला पर दो पुल । मौके पर उन्होंने कहा कि सड़कों/पुलों के निर्माण होने से जनता को आवागमन में सुगम होगी। सड़क के निर्माण से लोगों को बरसात के दिनों में होने वाली कठिनाइयों से मुक्ति मिल जाएगी। अगर सब कुछ ठीक-ठाक रहा तो अगले वर्ष तक यह सड़कें बन कर तैयार हो जाएगी। मौके पर सांसद

ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना को राज्य सरकार के द्वारा नहीं भेजे जाने के कारण सड़क निर्माण मे काफी परेशानी आ रही है। ग्रामीण कार्य विभाग के अन्तर्गत सड़कों का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज देश पीएम मोदी के हाथों में सुरक्षित है। इस शिलान्यास समारोह में मुख्य रूप से जिला पार्षद प्रमोद सिंह, फैजल अहमद, राम करेश चौरसिया, विजय ओझा, अमलेश चौरसिया, भीष्म चौरसिया, सोमेश सिंह, सांसद के निजी सचिव अलख दुबे, मंडल अध्यक्ष शशि भूषण पांडेय, सुशिल सिंह, जवाहर चंद्रवंशी, रामकेश चौरसिया, ईश्वरी पांडेय, आनंद सिंह, भोला पांडे बसंत भैया मनीष पांडे चिंता देवी श्याम चरण पांडे रिंकू पासवान शाहिद काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

बीएचयू ने हाइड्रोजन उत्पादन की अत्याधुनिक क्वांटम-प्रौद्योगिकी विकसित की है

बड़ी मात्रा में ईंधन का उत्पादन संभव

नई दिल्ली (एजेंसी)। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय ने एक नई उच्चप्रवाह क्षमता क्वांटम समर्थित हरित हाइड्रोजन उत्पादन प्रौद्योगिकी विकसित की है। यह हरित हाइड्रोजन उत्पादन को बड़ी मात्रा में बढ़ावा दे सकती है। उत्पादन की गई हाइड्रोजन गैस की उच्च शुद्धता के कारण, ईंधन का उपयोग बिना अतिरिक्त शुद्धिकरण के किया जा सकता है। इससे प्रौद्योगिकी की लागत किफायती हो जाती है। यह परिवर्तनकारी नवाचार ऊर्जा उत्पादन से लेकर परिवहन और कृषि सहित विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक अनुप्रयोग संभावनाएं उपलब्ध कराएगा। उन्होंने अगली पीढ़ी के क्वांटम-संचालित फोटो-उत्प्रेरक को उच्च प्रोटॉन उपलब्धता और गतिशीलता वाले चार्ज ट्रांसफर सिस्टम के साथ प्रस्तुत किया और ऊर्जा उत्पादन के लिए क्वांटम उत्प्रेरक अनुप्रयोग भी प्रदान किए। विश्वविद्यालय की ग्रीन केपलरेट टीम द्वारा यह प्रौद्योगिकी विकसित की गई है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय का कहना है कि डॉ सोमनाथ गराई और प्रोफेसर एस श्रीकृष्णा की टीम द्वारा विकसित इस प्रौद्योगिकी ने पर्यावरण-अनुकूल ऊर्जा विकल्पों के रूप में

ग्रीन हाइड्रोजन के उपयोग का प्रदर्शन किया। ग्रीन केपलरेट टीम ने भंडारण मुक्त प्रत्यक्ष हाइड्रोजन अंतर-दहन इंजन प्रौद्योगिकियों की परिकल्पना की है। इस टीम ने डीएसटी द्वारा वित्त पोषित इस चालू परियोजना के एक हिस्से के रूप में इंजन क्षमताओं और कार्यात्मकताओं की विभिन्न रेंज के ऑटोमोबाइल में भी इसका प्रदर्शन किया है। विश्वविद्यालय का कहना है कि इस प्रौद्योगिकी का पेटेंट, हाइड्रोजन और फ्यूल सेल प्रोग्राम, स्वच्छ ऊर्जा अनुसंधान पहल के तहत बुस्टिंग द एच इकोनॉमी बाई हार्नेसिंग मैरिट ऑफ क्वांटम एनकैप्सुलेशन कैमिस्ट्री, आगमेंटिड काइनेटिक्स फॉर वॉटर स्पिलेटिंग रिएक्शन अंडर कन्फाइनमेंट नामक परियोजना के तहत लंबित है। अत्याधुनिक फोटोकैमिकल-रिएक्टर डिजाइन में सौर ऊर्जा को अधिकतम करने के लिए अंतर्निहित इलुमिनेशन असेंबली और बाहरी अवतल परावर्तक पैनल की सुविधा मौजूद है। इस टीम ने एक सतत इलेक्ट्रॉन युक्त प्रोटॉन आपूर्ति प्रणाली का निर्माण किया है, जो औद्योगिक धातु-अपशिष्ट का उपयोग करके एक इलेक्ट्रॉन इंजेक्टर तंत्र से प्रेरित है, जिसके द्वारा कठिन अनुकूलन के बाद, प्रयोगशाला पैमाने पर ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन की अधिकतम दर लगभग एक लीटर मिनट प्रति 10 ग्राम तक अर्जित की गई है।

हाईकोर्ट में लोकायुक्त नियुक्ति मामले की अगली सुनवाई 22 नवंबर को

रांची। झारखंड हाई कोर्ट में विभिन्न संवैधानिक संस्थाओं में अध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्ति सहित नेता प्रतिपक्ष मामले को लेकर दाखिल विभिन्न याचिकाओं की सुनवाई बुधवार को हुई। मामले में महाधिवक्ता राजीव रंजन की ओर से कोर्ट को बताया गया कि लोकायुक्त की नियुक्ति के लिए एक कमेटी गठित की गई है। जल्द ही लोकायुक्त की नियुक्ति कर ली जायेगी। राज्य सरकार के आग्रह को देखते हुए कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 22 नवंबर निर्धारित की है। मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई। पूर्व की सुनवाई में राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कहा था कि चीफ इंफॉर्मेशन कमिश्नर अ। र लोकायुक्त की नियुक्ति के लिए शीघ्र बैठक होगी। इससे पहले विधानसभा सचिव ने हाई कोर्ट द्वारा उठाए गये दो बिंदुओं पर हाई कोर्ट में शपथ पत्र दायर किया था, जिसमें कहा गया था कि हाई कोर्ट अपने क्षेत्राधिकार के तहत विधानसभा अध्यक्ष को निर्देश नहीं दे सकता है। हाई कोर्ट हाउस के बिजनेस में एंट्री नहीं कर सकता है। संविधान के आर्टिकल 212 के तहत हाई कोर्ट विधानसभा की कार्यवाही में किसी तरह का हस्तक्षेप नहीं कर सकता है। विधानसभा स्पीकर को निर्देश देने का उसे पावर नहीं है। पूर्व की सुनवाई में कोर्ट ने पूछा था कि संविधान के आर्टिकल 226 के तहत हाई कोर्ट के पास क्या पावर है कि वह झारखंड विधानसभा अध्यक्ष को विपक्ष का नेता बनाने का निर्देश दे सकता है।

चैनपुर थाने में हुई शांति समिति की बैठक

पूजा के दौरान शांति भंग करने वाले नपेंगे : एसडीपीओ

प्रतिमा विसर्जन में निर्धारित मार्ग का सख़्ती से पालन करें : थाना प्रभारी

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। चैनपुर थाना परिसर में बुधवार को आसन्न दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता अंचल पदाधिकारी संजय कुमार बाखला ने की। बैठक को संबोधित करते हुए एसडीपीओ सुरजीत कुमार में कहा कि पूजा और विसर्जन के दौरान शांति भंग करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि विसर्जन में पूजा समिति के लोग रूट पर ही जाकर विसर्जन करें। विसर्जन के दौरान कोई नशा ना करें तथा गाना भक्तिमय ही बजायें और डीजे का साउंड बहुत ही साधारण आवाज में रखें। एसडीपीओ सुरजीत कुमार ने कहा कि पूजा पंडाल में प्रवेश और निकास द्वार अलग अलग हों ताकि महिला पुरुष के आने जाने की अलग-अलग व्यवस्था हो। पूजा समिति के कार्यकर्ताओं का पहचान पत्र निर्गत करें। जहां रावण दहन होता है वहां बिजली कटवा दिया जाय तथा पानी और अग्निशमन की व्यवस्था जरूर किया जाय। उन्होंने कहा कि पूजा पंडालों में फर्स्ट एड बॉक्स अवश्य रखा जाय। थाना प्रभारी रूपेश कुमार दुबे ने कहा कि गाड़ी पर डीजे ज्यादा ऊंचाई तक ना बांधें तथा विसर्जन में रूट का पालन सख्ती से करें। अभद्र गाना ना बजायें और जुलूस के दौरान नशे में नहीं रहें। उन्होंने कहा कि किसी प्रकार की समस्या होने पर पूजा समिति के लोग खुद ही ना निपटें इसकी सूचना पुलिस प्रशासन को दें। पुलिस प्रशासन कार्रवाई करेगी। अंचल अधिकारी संजय कुमार बाखला ने कहा कि दुर्गा पूजा आपसी भाईचारे और आपसी सौहार्द के साथ शांति पूर्ण माहौल में मनायें। बीडीओ गिरवर मिंज ने कहा कि कानून का पालन करते हुए भाईचारा तथा खुशी के साथ पूजा मनायें । बैठक में प्रखंड प्रमुख गायत्री देवी, पूर्व प्रखंड प्रमुख विजय गुप्ता, पूर्व जिप सदस्य शैलेंद्र कुमार शैलू , मुखिया पपलू दुबे, दीनानाथ मांझी, नीतीश कुमार सिंह, लाल बहादुर भूईयां, काशी प्रसाद, दिनेश राम, चैनपुर यज्ञ समिति के अध्यक्ष राजन गुप्ता, लालजी चौधरी, मो.फारूक अहमद, अकबर कुरेशी, इस्तखार मुन्ना, सलामुद्दीन खान, आलेहसन अंसारी, शिव यादव, युसूफ अंसारी, दिलीप पासवान, नितेश कमलापुरी, चंदू गुप्ता, लक्ष्मण साहू, बबलू चौरसिया सहित काफी संख्या में पूजा समिति के अध्यक्ष, सदस्य और ग्रामीण मौजूद थे।

पूजा पंडाल निर्माण के लिए भूमि पूजन की तैयारी शुरू

हुसैनाबाद। युवा बाल संघ स्टेशन रोड जपला कमेटी के द्वारा दुर्गा पूजा पंडाल निर्माण को लेकर बुधवार को भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन शम्भू पाठक ने कराया। मुख्य यजमान सुनील गुप्ता ने भूमि पूजन किया। संघ के सचिव रवि यादव ने बताया कि इस वर्ष भी भव्य पूजा पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है। साथ ही आकर्षक लाइटिंग की जा रही है। इस मौके पर आईओडब्ल्यू संजीव कुमार, राजद के युवा नेता रवि कुमार यादव, पीडब्लूआई शशिकांत कुमार, पवन चौधरी, राजेश्वर सिंह, प्रमोद मेहता, अरुण गुप्ता, सैनिक कुमार, सुभाष कुमार गुप्ता, सुजीत मेहता, रामलाल साव, चंदन बैठा, भिरगू साव, रिशू गुप्ता, विकास कुमार, रितिक कुमार, राजा, जिशु कुमार, छोटू शर्मा समेत कई लोग मौजूद थे।

अनुमंडलीय थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

विश्रामपुर। अनुमंडलीय थाना परिसर में बुधवार को आगामी दुर्गा पूजा मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता पुलिस निरीक्षक प्रियंका आनंद व थाना प्रभारी शशि रंजन ने की। संचालन विधायक प्रतिनिधि राजन पाण्डेय ने की। बैठक में मौजूद दोनो समुदाय के लोगो ने सर्वसम्मति से अमन और शांति के साथ दुर्गा पूजा मनाने का निर्णय लिया। बीडीओ विक्रम आनंद, पुलिस निरीक्षक प्रियंका आनंद व कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन ने दुर्गा पूजा के दौरान लोगों से भाईचारगी बनाये रखने का अपील की। थाना प्रभारी शशि रंजन ने कहा की पूजा के दौरान सुरक्षा के मद्दे नजर ड्रोन कैमरा सहित अन्य उपकरणों की मदद से असमाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। बैठक में विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, विधायक प्रखंड प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल, प्रथम नप अध्याध देवनारायण सिंह, पूर्व उपाध्यक्ष अजय बक्सराय, व्यवसाई सह समाजसेवी संजय पांडेय, स्वच्छ भारत के प्रदेश सह संयोजक रविंदर नाथ उपाध्याय, बिहारी लाल गुप्ता, युवा समाजसेवी विजय कुमार रवि, पेंटर जिलानी, राजेश मार्शल, मुखिया प्रतिनिधि मनीष गुप्ता, सहित दोनो समुदाय के कई लोग मौजूद थे।

पुलिस ने अवैध शराब भट्ठी को किया ध्वस्त

नवीन मेल संवाददाता

हरिहरगंज । पिपरा थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह के नेतृत्व में अवैध शराब निर्माण के विरुद्ध सघन छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान पिपरा थाना क्षेत्र बरवाडीह में चल रहे एक अवैध शराब निर्माण की भट्ठी को ध्वस्त किया गया। शराब माफिया व्यापक पैमाने पर शराब का निर्माण कर रहे थें। स्थल पर शराब बनाने के लिए प्लास्टिक के कई ड्राम में महुआ, गुड़ तथा पानी डाला हुआ पाया गया। जबकि महुआ और गुड़ बोरे में पैक कर भी रखा गया था। इस संबंध में थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि छापेमारी के बाद 7 ड्राम दो क्विटल जावा महुआ सहित शराब बनाने के उपकरणों को जब्त कर मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। हालांकि पुलिस के आने की भनक लगते ही धंधेबाज फरार हो गये। बावजूद पुलिस इस धंधे में संलिप्त लोगों को चिन्हित कर अग्रेतर कार्रवाई में जुटी है। छापेमारी अभियान में एसआई पिनियस मुंडा, एएसआई सुरेन्द्र सिंह सहित आईआरबी 3 के कई जवान शामिल थे।

कार्यपालक पदाधिकारी ने किया सफाई अभियान का निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। दुर्गा पूजा के दौरान पूजा समितियों और श्रद्धालुओं की सहुलियत को देखते हुए शहर में विशेष सफाई को लेकर हुसैनाबाद नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी विपुल सन्नी ने शहर के विभिन्न वार्डों एवं दुर्गा पंडालों का निरीक्षण किया। जिसमें मुख्यतः ब्लॉक रोड स्थित पंचसरोवर मंदिर , महावीर मंदिर, दुर्गा मंदिर पटेल चौक, हरिहर चौक, स्टेशन रोड, गमहरिया स्कूल के निकट, देवी मंदिर दिनेश चौक,मोहम्दाबाद देवी मंदिर के साथ लम्बी गली, राम बिग्हा एवं अनुमंडल परिसर में अधिष्ठापित होने वाले पूजा पंडालों का निरीक्षण कर विशेष सफाई तीन दिनों के अन्दर पूरा करने का निर्देश सभी पर्यवेक्षकों को दिया। साथ ही दुर्गा पूजा को देखते हुए निकाय के विभिन्न बिजली के खम्भो पर अधिष्ठापित एलईडी लाइट जो वर्तमान में खराब हैं। बनाने का निर्देश बिजली मिस्त्री को दिया। अम्बेडकर चौक से लेकर गमहरिया नहर मोड़ तक एवं जेपी चौक से लेकर गांधी चौक तक एवं स्टेशन रोड को विशेष तौर पे सफाई एवं नाली में ब्लीचिंग पाउडर के साथ उपरोक्त जगहों पर फौगिंग कराने का भी निर्देश कार्यपालक पदाधिकारी के द्वारा दिया गया। उन्होंने कहा कि विगत कुछ दिनों से खराब चल रहे देवरी स्थित जलापूर्ति मोटर पंप को ठीक कराते हुए शीघ्र ही जलापूर्ति की जायेगी। उक्त निरीक्षण के क्रम में नगर प्रबंधक राकेश कुमार सिंह, हिमानी बाड़ा, नाजिर रविकांत पटेल के साथ सभी पर्यवेक्षक उपस्थित थे।

टूटे घर में ईश्वर के सहारे रहने को मजबूर है राजेंद्र

नावा बजार। जिला स्थित भंडार पंचायत निवासी राजेंद्र पानडे जिनका मिट्टी का आवास जो काफी पुराना हो जाने के कारण चारों ओर से टूटने के कगार पर है। अगर दीवाल की बात करें तो वह भी गिरते जा रहा है श्री पांडे के पिता स्वर्गीय त्रिवेणी पांडे जिनकी मृत्यु काफी पहले हो चुकी थीं कुछ वर्ष पहले माता का भी निधन हो गया है। निहायत गरीबी होने के कारण मकान का मरम्मती कार्य भी करने से असमर्थ है। उन्होंने बताया मेरा विकलांग सर्टिफिकेट भी है पर विकलांगता परसेंटेज कम होने के कारण भी हमें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रधानमंत्री आवास सूची में मेरा नाम है। मै आवास संबंधित कार्य करने वाले ग्रामीण स्तर के कर्मचारियों को इसकी सूचना दी है पर हो ना हो हमारे साथ अनदेखी की जा रही है।

गागर में सागर

सर्पदंश से एक बच्चे की मौत

विश्रामपुर। नगर परिषद क्षेत्र के डिहरिया में सर्प दंश से एक बारह वर्षीय बच्चे की मौत हो गई है। जिसकी पहचान छोटू , पिता इमामुदिन अंसारी के रूप में हुई हैं। जानकारी के अनुसार बच्चा अपने घर के पास खेल रहा था। तभी एक सर्प ने डस लिया। जिसकी जानकारी बच्चे ने परिजनों को दी। और उसे तत्काल चिकित्सीय उपचार हेतु जिला अस्पताल ले कर गये। जहां इलाज के दौरान बच्चे की मौत हो गई। इधर बच्चे की मौत की खबर सुनते ही परिजन चीत्कार मार कर रोने लगे।

जरही चौक अब महावीर चौक के नाम से जाना जायेगा

पांकी। प्रखंड के जरही चौक का नाम अब महावीर चौक के नाम से जाना जायेगा। उक्त बातें पांकी विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशी भूषण मेहता जरही चौक के समीप निमार्णाधीन हनुमान मंदिर के प्रांगण में स्वागत कार्यक्रम में कहीं। विधायक के आगमन पर हनुमान मंदिर निर्माण समिति के लोगों ने विधायक को भगवान श्री राम की प्रतिमा प्रदान करते हुए भव्य स्वागत किया इस दौरान विधायक ने मौके पर मौजूद लोगों को बताया कि उक्त चौक पर हनुमान मंदिर के निर्माण कार्य प्रारंभ होने से चौक को एक नई पहचान मिलेगी व चौक हनुमान महावीर चौक के नाम से जाना जायेगा।

जनता दल के कार्यालय में जेपी की जयंती मनी

मेदिनीनगर। लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती बुधवार को मनायी गयी। इसे लेकर शहर के आबादगंज मोहल्ला स्थित जय प्रकाश जनता दल के कार्यालय में कार्यक्रम हुआ। जेपी जनता दल के नेताओं एवं कार्यकताओं ने उनके तस्वीर पर फूलमाला अर्पित किया। साथ ही उनके विचारों को आम जनों तक पहुंचाने का संकल्प लिया। मौके पर पार्टी के नेताओं ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज के वर्तमान समय में जेपी के विचारों की जरूरत है। मौके पर पार्टी के जिलाध्यक्ष कमलेश मिश्रा,राजीव द्विवेदी, विमलेश यादव,राकेश सिंहा,सुरेश साहु,शिवशंकर अकेला सहित कई लोगों ने विचार व्यक्त किया।

याद किये गये लोकनायक जयप्रकाश नारायण

हुसैनाबाद। शहर के हृदय स्थली कहे जाने वाली जेपी चौक पर स्थापित देश के महान स्वतंत्रता सेनानी लोकनायक जय प्रकाश नारायण की जयन्ति बुधवार को मनाई गयी। सभी दलों के लोगों ने माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया। इस मौके पर निवर्तमान नगर अध्यक्ष शशि कुमार ने कहा कि जेपी जी का सपना था,भ्ष्टाचार मिटाना, बेरोजगारी दूर करना, शिक्षा में क्रांति व आज भी पूरी नही हो सकी। सम्पूर्ण क्रांति की सपना आज भी अधूरा हैं। वे भारत में एक ऐसी सामाजिक व्यवस्था लाना चाहते थे, जिससे मनुष्य की शक्ति और क्षमताओं को सफल अभिव्यक्ति मिलने के मार्ग में आने वाली बाधाएँ समाप्त हों। यथासम्भव सामाजिक और आर्थिक विषमता समाप्त हो, सबको अवसर की समानता प्राप्त हो । उनके समाजवाद का उद्देश्य समाज का सामंजस्यपूर्ण सन्तुलित विकास करना था। वहीं सेस स्कूल के प्राचार्य कौशल किशोरम ने कहा कि आज देश मे जो व्यवस्था हैं उसके बल पर उनके सपनों को सकार नहीं किया जा सकता हैं। वे समाजिक व आर्थिक समानता के पक्षधर थे। इस मौके पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता, कांग्रेस नेता मसरूर अहमद, आजसू नेता मनोज शर्मा, इजहार अंसारी,सूर्यनाथ राम,केदार सिंह, असगर उर्फ मिथुन मीकू ठाकुर आदि कई लोग उपस्थित थे।

ट्रक की चपेट में आने से ठेका मजदूर घायल

विश्रामपुर। रेहला महिला मंडल के समीप एनएच - 39 पर एक कोयला लदे ट्रक की चपेट में आने से ठेका मजदूर रामलखन यादव (48) के दोनों पैर बुरी तरह जख्मी हो गया है। जख्मी हालत में उसे आदित्य बिड़ला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने चालक को कब्जे में लेकर ट्रक को जब तकर थाने ले गयी। जानकारी के अनुसार ग्रासिम फैक्टरी का ठेका मजदूर रामलखन यादव सुबह छह बजे से दो बजे तक ड्यूटी कर साईकल से घर सिगसिगी पंचायत के लोहरदागा गांव जा रहा था, इसी बीच महिला मंडल मोड़ के समीप बालूमाथ से कोयले लेकर आ रही एक ट्रक की चपेट में आ गया। इस घटना में उसके दोनों पैर बुरी तरह से जख्मी हो गया है। मौके पर उपस्थित लोगों एवं उसके साथ जा रहे अन्य ठेका मजदूरों ने उसे बगल के आदित्य बिड़ला चिकित्सालय में ले जाकर भर्ती कराया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद कंपनी की एम्बुलेंस से मेदिनीनगर बेहतर इलाज के लिए भेज दिया गया। उसके शरीर के अन्य हिस्सों में भी चोटें आई है। घटना की सूचना पर हॉस्पिटल में घायल मजदूर के परिजन पहुंच गये हैं। थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने बताया कि घायल मजदूर के बयान पर मामला दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी।

नगर परिषद बहानेबाजी कार्य नहीं करें : ऋषि पांडेय

विश्रामपुर। कांग्रेस नगर अध्यक्ष ऋषि पांडेय ने कहा कि नगर परिषद कार्य करने के बजाय बहानेबाजी कर रहा है। नियमों और कानून का हवाला देकर अपनी जिम्मेवारी से मुक्त होना चाहता है। जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। श्री पांडेय बुधवार को पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि शारदीय नवरात्रि और दुर्गा पूजा महोत्सव के दौरान साफ सफाई से लेकर लाइट तक की व्यवस्था नगर परिषद को करना है। मूर्ति विसर्जन हेतु चयनित रूट के सड़कों का हाल बेहाल है। लेकिन नप के अधिकारी इससे पल्ला झाड़ने का प्रयास कर रहे हैं। अगर दुर्गा पूजा महोत्सव से पहले बुनियादी सुविधाओं को दुरुस्त नहीं किया गया तो आंदोलन का रुख अख्तियार किया जायेगा।

पांकी ऑटो चालक महासंघ ने किया चक्का जाम

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। ऑटो चालकों पर रंगदारी करने वालों को जेल भेजना होगा। ऑटो चालकों का शोषण, प्रताड़न व मारपीट करने वाले अराजक तत्वों के खिलाफ आरपार की लड़ाई होगी। उक्त बातें झारखंड राज्य ऑटो चालक महासंघ के केंद्रीय अध्यक्ष सह रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश सिंह ने कही। वे बुधवार को पांकी में चक्का जाम किए ऑटो चालकों को संबोधित कर रहे थे। राकेश सिंह ने कहा कि पांकी के इमली चौक पर मंगलवार की रात्रि रंगदारी नहीं देने पर ऑटो चालक पप्पू शर्मा को मो. सोनू अंसारी, विकास पासवान व एक अन्य व्यक्ति ने बेरहमी से मारपीट की। यह निंदनीय घटना है । इस बाबत थाना प्रभारी ने कहा कि दो अपराधियों को पकड़ लिया गया है। तीसरे आरोपी को पकड़ने की कार्रवाई की जा रही है। शीघ्र ही तीसरा आरोपी पकड़ा जाएगा। थाना प्रभारी ने महासंघ को आश्वस्त किया कि अराजक तत्वों पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के पलामू प्रभारी मदन सिंह, ऑटो चालक महासंघ के पांकी सचिव नागेंद्र सिंह, विनोद राम, राजेश सिंह, धीरेंद्र सिंह, धर्मेंद्र कुमार, अवध सिंह, राकेश कुमार, प्रमोद कुमार, अखिलेश यादव, चंदन यादव, मिट्ठू मियां, मो. दाऊद, संतु सिंह, अरविंद कुमार सहित बड़ी संख्या में ऑटो महासंघ के सदस्य व चालक मौजूद थे।

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की संरचना को लेकर बैठक

हरिहरगंज। गांव में शत प्रतिशत शौचालय का उपयोग और सफाई के प्रति जागरूक करना ही मुख्य उद्देश्य है। ये बातें बुधवार को हरिहरगंज प्रखंड सभागार में जलसहिया व मुखिया के साथ बैठक के दौरान जिला समन्वयक धर्मेंद्र दुबे ने कही। बैठक में प्रखंड के मुखिया एवं जलसहिया के साथ स्वच्छता पर कार्य की प्रगति चर्चा की गयी। साथ ही सोखता बनाने पर जोर दिया गया। स्वयं शौचालय बनाने पर 12 हजार रुपए का प्रोत्साहन राशि देने की बात कही। इस दौरान जल सहयोग को पानी के टीडीएस जांच करने की मशीन दी गयी। बैठक में प्रखंड कोऑर्डिनेटर जयप्रकाश सिंह, मुखिया संघ सहित कई मुखिया व जलसहिया शामिल थें।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला

mail-rdsdgumla123@gmail.com

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/GUMLA/14/2023-24

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

ग्रुप सं०	प्रखण्ड	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	रायडीह	Construction of Six Class Room ACR with, 7'0''(Feet) with Verandah with Stair Case ubder Campus Of Govt High School Salkaya at Block - Raidih, District- Gumla	55,77,000.00	1,11,600.00	10,000.00	06 माह

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 19.10.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 19.10.2023 से दिनांक 28.10.2023 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 30.10.2023 अपराह्न 3:00 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने का स्थान :–
   1. जिला नियंत्रण कक्ष, गुमला।
   2. जिला नियंत्रण कक्ष, राँची।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि को यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोषित होता है, तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्यदिवस तक स्वतः विस्तारित समझी जायेगी।
7. निविदा खोलने का स्थान – ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
8. निविदा खोलने की तिथि एवं समय –31.10.2023 अपराह्न 2:00 बजे
9. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
10. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9430377526 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
11. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला के पदनाम से देय हो देना होगा।
12. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला

PR 308833 Rural Development (23-24)_D

झारखण्ड सरकार

कार्यालय जिला पशुपालन पदाधिकारी, पलामू।

Email ID – ahdplm@gmail.com

–: आवश्यक सूचना :–

पलामू जिलान्तर्गत वैसे सभी Pet Shop एवं Dog Breeding सेन्टर जो राज्य जीव –जन्तु–कल्याण बोर्ड, झारखण्ड, राँची से बिना निबंधन कराये अपनी संस्था का संचालन कर रहे है या निबंधित थे परन्तु वर्तमान में बिना नवीनीकरण के ही संस्था का संचालन कर रहे है, उन्हें सूचित किया जाता है कि एक माह के अन्दर अपनी संस्था का पंजीकरण/नवीनीकरण हेतु अपना आवेदन जिला पशुपालन कार्यालय, पलामू से सम्पर्ककर आवेदन जीव–जन्तु–कल्याण बोर्ड झारखण्ड, हेसांग, राँची में जमा करें अन्यथा नियमानुसार पशु क्रय–विक्रय एवं तदविषयक नियम के विभिन्न सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई की जायेगी।

निवेदक
जिला पशुपालन पदाधिकारी,
पलामू।

PR 308821 District (23-24)D

कार्यालय जिला परिषद, पलामू।

E-mail- zilaparishad.palamu@gmail.com

अति अल्पकालीन निविदा

इच्छा की अभिव्यक्ति (EOI) सूचना सं0– 08/CEOZP/2023

जिला परिषद कार्यालय में विभिन्न उपस्कर के क्रय किया जाना है जिसके क्रम में विभिन्न उपस्करों का मानक दर प्राप्त करने के लिए इच्छुक आपूर्तिकर्ता से कोटेशन प्राप्त करने हेतु इच्छा की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है–

विभाग	जिला परिषद का कार्यालय, पलामू।
विज्ञापन दाता का नाम	सचिव, जिला परिषद, पलामू।
निविदा/कोटेशन जमा करने की तिथि	19.10.2023 को 2:00 बजे अपराह्न तक।
निविदा/कोटेशन जमा करने का स्थान	कार्यालय जिला परिषद, पलामू।
निविदा/कोटेशन खोलने की तिथि	19.10.2023 को 3:00 बजे अपराह्न में।

आपूर्ति/अधिष्ठापित की जानेवाली सामग्रियों/उपस्करों उच्च गुणवता एवं मानक का होना आवश्यक है। आपूर्ति/अधिष्ठापित की जानेवाली सामग्रियों/उपस्करों की विवरणी निम्नवत है:–

क्र0 सं0	सामग्री का नाम	Quoted Rate/ Unit Item	Total Amount
1	Executive Table		
2	Executive Chair		
3	Almirah		
4	Television 55 inch		
5	Desktop Computer (Windows/Mac)		
6	Laptop (Windows/Mac)		
7	Computer Table		
8	Chair (Durian)		
9	Office Chair		
10	Laser Printer		
11	Water purifier 50 Ltr.		
12	Refrigdgerator (i) 330 Ltr. (ii) 550 Ltr. (iii) 615/ Ltr. (iv) 633 Ltr. (v) 865 Ltr. (vi) 934 Ltr.		
13	Generator (DG) (i) 30 KVA. (ii) 60 KVA.		
14	AC (i) 2 Ton. (ii) 1.5 Ton. (iii) 1 Ton.		
15	Cartridge HP/Canon/Epson All Model		
16	Water Cooler		
17	U-Shaped Conference Hall With Furniture, Table & Chair (Seating capacity -40)		

- निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त होने वाले बीड पर विचार नहीं किया जाएगा।
- इच्छुक आपूर्तिकर्ता उपरोक्त उपस्करों का मानक दर उपलब्ध करायेंगे फलस्वरूप उच्च गुणवता एवं न्यूनतम दर Quote करने वाले फर्म/आपूर्तिकर्ता को आवश्यक मात्रा में उपस्कर उपलब्ध कराने हेतु चयनित किया जा सकेगा।
- इच्छा की अभिव्यक्ति (EOI) के नियम एवं शर्तें तथा पंचायतों की सूची पलामू जिला NIC के Website- www.palamu.nic.in पर देखा जा सकता है।

ह0/–
उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद,
पलामू।

PR 308849 District(23-24)D

कार्यालय नगर पंचायत मझिआँव

पत्रांक– 901/दिनांक– 10.10.2023

अति अल्पकालीन/दर आमंत्रण सूचना : 23/2023–24

नगर पंचायत मझिआँव क्षेत्रांतर्गत Urban Health and Wellness Centre के संचालन हेतु Basic Equipment and Stationary की आवश्यकता है। Basic Equipment & Stationary क्रय हेतु कोटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता/ विक्रेता दिनांक 18.10.2023 को 02 बजे अपराह्न तक अपना कोटेशन/ दर नगर पंचायत मझिआँव के कार्यालय में जमा कर सकते है। निर्धारित अवधि के उपरान्त कोई दावा/ आपत्ति मान्य नहीं होगा।

क0 सं0	उपकरण/सामग्री का नाम	मात्रा	दर प्रति अदद	कुल राशि
1	Pulse Oximeter	01		
2	Gluco Meter	01		
3	Hemoglobin Meter	01		
4	Stethoscope	02		
5	BP Machine Digital	01		
6	Weight Machine Digital	01		
7	Height meter	01		
8	Thermometer Digital	02		
9	Register Large	10		
10	Register Medium	10		
11	Bed side Screen	01		
12	Emergency Drug Tray	01		
13	Nebulizer Machine	01		
14	Fire Extinguisher	02		
15	Ambu Bag	01		
16	I/V Stand	01		
17	Tongue Depression	01		
18	Mouth Gag	01		
19	Inverter with Battery Tobler	01		
20	Dustbin	10		
21	Color Coded bin	16		
22	Sharp container	02		
23	Towel	06		
24	Suction Machine	01		
25	Foot step	01		
26	Nebulizer	01		
27	Torch	01		
28	फुल झाड़ू	03		
29	Mop	03		
30	सीक झाड़ू	03		
31	झोल झाड़न	02		
32	A4 Paper	02 पेटी		
33	Pen	10		
34	Bucket	02		
35	Mug	02		
36	Baby weight machine Digital	01		

नोट:– कोटेशन से संबंधित विस्तृत नियम एवं शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट एवं Website- https://udhd. jharkhand.gov.in/पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत मझिआँव।

PR 308853 Urban Development(23-24)D

गागर में सागर

नाबालिग ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

मेदिनीनगर। पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम शोले निवासी सुधीर चंद्रवंशी की पुत्री चांदनी कुमार उम्र 15 वर्ष मानसिक तनाव में आकर मंगलवार की दोपहर करीब एक बजे अपने घर में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया की मंगलवार की दोपहर घर में कोई नही था। इसी बीच चांदनी घर में अकेला पा कर फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली।इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा इस घटना की जानकारी पाटन थाना की पुलिस को दी गई।घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर आस पास के ग्रामीणों से आत्महत्या से संबंधित मामले की जानकारी ली। इसके बाद पुलिस के द्वारा शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया गया है।

वाहनों की टक्कर में बाइक सवार की मौत

मेदिनीनगर। छत्तरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच-98 फोरलेन ओवरब्रिज पर मामा होटल के समीप मंगलवार की रात मोटरसाइकिल सवार दो व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने टक्कर कार दी। जिससे मोटर साइकल पर सवार एक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान छत्तरपुर थाना क्षेत्र के मसीहानी गांव निवासी विनोद उरांव उम्र (42) वर्ष के रूप में की गई है। वहीं घायल व्यक्ति का नाम राजेन्द्र उरांव है। बताया जाता है कि दोनों मोटरसाइकिल से डालटनगंज के तरफ से आ रहे थे। जैसे ही फोरलेन ओवरब्रिज पर पहुंचे। अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। वही इस घटना के बाद मृतक के परिजनों ने छत्तरपुर सरइडीह मोड़ चौक को जाम कर दिया।जाम की वजह से दोनों तरफ से वाहनों की लम्बी कतार लग गयी।इसके बाद इस घटना की जानकारी छतरपुर थाना को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही छतरपुर थाना प्रभारी शेखर कुमार अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर सड़क जाम कर रहे लोगों को समझा बुझा कर सड़क को जाम से मुक्त कराया। इसके बाद पुलिस के द्वारा शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए मोदीनगर अस्पताल भेज दिया गया है। वही घायल का इलाज मेदनीनगर सदर अस्पताल में चल रहा है। जहां इलाज के बाद भी उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

बीएन कॉजेल एरिया में बढ़ी सुरक्षा व्यवस्था

मेदिनीनगर। पलामू एसपी रिशमा रमेशन के आदेश पर शहर के टिओपी 3 प्रभारी मंतुसट कुमार महतो के नेतृत्व में बीएन कॉलेज एरिया में सुरक्षा व्यवस्था को बढ़ाया गया है। टीओपी 3 प्रभारी के निर्देश पर टाइगर मोबाइल के जवान परवेज खान और श्रवण कुमार के द्वारा लगातार बीएन कॉलेज एरिया में पेट्रोलिंग किया जा रहा है। इनके द्वारा पेट्रोलिंग की वजह से क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम है। बताते चलें कि बीएन कॉलेज क्षेत्र में कुछ दिन पहले ही अपराधियों द्वारा एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। इसके बाद से टीओपी 3 प्रभारी के द्वारा इस क्षेत्र में लगातार टाइगर मोबाइल के जवानों को 24 घंटा पेट्रोलिंग करने का आदेश दिया गया है।

अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी की बैठक के बाद 64 बंदियों की जमानत की आस बढ़ी

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। अंडर ट्रायल रिव्यू कमिटी की बैठक पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में बुधवार को हुई। बैठक में 64 बन्दियों को चिन्हित किया गया। उक्त आशय की जानकारी पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने दी है । उन्होंने बताया कि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में अंडर ट्राइब रिव्यू कमेटी की पहली बैठक चार अक्टूबर को हुई थी । वहीं दूसरी

बैठक बुधवार को वर्चुअल मोड में हुई। जिसमें अब तक कुल 64 बन्दियों को चिन्हित किया गया है। जिनके जमानत के लिए कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि कुल 13 कैटेगरी में बन्दियों को चिन्हित किया जा रहा है । उन्होंने बताया कि यह अभियान नालसा के द्वारा स्पेशल यूटीआरसी कैपेन के नाम से पूरे भारत में चलाया जा रहा है। इस अभियान से अंडर ट्रायल बन्दियों को जेल से बाहर आने का रास्ता साफ हो गया है। उन्होंने बताया कि बैठक में पलामू के प्रधान जिला में सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव, उपायुक्त शशि रंजन ,पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन, जेल अधीक्षक व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार अर्पित श्रीवास्तव शामिल थे।

उपायुक्त ने की कृषि विभाग की समीक्षा

मत्स्य संपदा योजना का लक्ष्य पूरा करें : डीसी

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। उपायुक्त शशि रंजन ने बुधवार को जिले के पशुपालन, सहकारिता, मत्स्य , हॉर्टिकल्चर के पदाधिकारियों समेत जेएसएलपीएस के डीपीएम संग बैठक कर सम्बन्धित विभाग के कार्य प्रगति की समीक्षा की। सर्वप्रथम उन्होंने मत्स्य विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने मत्स्य पदाधिकारी को जेएसएलपीएस के डीपीएम के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए हरिहरगंज में मत्स्य पालन को आजीविका के रूप में बढ़ावा देने की दिशा में काम करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने जेएसएलपीएस की पूरी मशीनरी को हरिहरगंज में सक्रिय रखने पर बल दिया। मत्स्य पदाधिकारी से तालाबों की संख्या,मछली उत्पादन का लक्ष्य,सप्लाई सहित अन्य विषयों पर जानकारी ली । उन्होंने बीज वितरण,केज कल्चर,पोर्टेबल हैचरी एवं प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना की समीक्षा कर शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति का निर्देश दिया।उन्होंने सदस्य

पदाधिकारी को जिले में बायोफ्लॉक तकनीक को बढ़ावा देने व इसकी मदद से अधिकाधिक मछली का उत्पादन करने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने डिस्ट्रिक्ट हॉर्टिकल्चर ऑफिसर से उनके द्वारा जिले में किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली और जेएसएलपीएस के डीपीएम के साथ बेहतर समन्वय बनाते हुए कार्य करने का निर्देश दिया। कहा कि जिले में हार्टिकल्चर को लेकर किसानों को जागरूक किया जाये। इसी तरह उपायुक्त ने मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना की प्रगति के क्रम में आवश्यक निर्देश दिये। मौके पर उपरोक्त विभागों के पदाधिकारी समेत प्रशिक्षु आईएएस मौजूद रहे।

दुर्गा पूजा को लेकर डीसी -एसपी ने की जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक

व्हाट्सएप ग्रुप पर रखें पैनी नजर, दागी तत्वों के खिलाफ 107 की कार्रवाई करें : उपायुक्त

पंडालों में सीसीटीवी लगाना सुनिश्चित करें : एसपी

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। जिले के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन व पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन की संयुक्त अध्यक्षता में बुधवार को टाउन हॉल में आसन्न दुर्गा पूजा के मद्देनजर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में उपायुक्त श्री रंजन ने पूजा समितियों से पूजा को शांति व सदभाव पूर्ण माहौल में सफल बनाने में सहयोग की अपील की। कहा कि पूजा भव्य लेकिन शांतिपूर्ण तरीके से मनायें। बैठक में उपायुक्त ने सभी थाना प्रभारियों को उनके क्षेत्र में संचालित व्हाट्सएप के विभिन्न ग्रुपों पर पैनी नजर रखने की बात कही। कहा कि इन दिनों आपत्तिजनक सामग्रियां इसी माध्यम से प्रसारित की जाती हैं,ऐसे में इन पर पैनी नजर रखने की आवश्यकता है। उन्होंने

दागी असामाजिक तत्वों के विरुद्ध 107 के तहत कार्रवाई करने की भी बात कही। कहा कि सभी अनुमंडल पदाधिकारी, अंचलाधिकारी यह सुनिश्चित करें कि उनके क्षेत्र में पूजा पंडालों के समीप कहीं भी बिजली के तार जीर्णशीर्ण अवस्था में ना रहे।वहीं पंडालों में महिला व पुरुषों के लिये अलग-अलग लाइन की व्यवस्था रखने पर बल दिया। कहा कि पंडालों में तैनात रहने वाले वालंटियर पहचान पत्र से लैस रहें।इसके अलावे उन्होंने पंडालों में महिलाओं के लिए अस्थाई शौचालय के निर्माण पर भी बल दिया। साथ ही फायर फाइटिंग सिस्टम के रखने की भी बात कही। उन्होंने सभी दंडाधिकारियों से अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर अनिवार्य रूप से रहने का निर्देश दिया। बैठक में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए पूजा समितियों के प्रतिनिधियों से एसपी रिष्मा रमेशन ने पंडालों में शत-प्रतिशत सीसीटीवी लगाने की बात

कही। इसके साथ ही अग्निशमन यंत्र,बिजली विभाग की ओर से पंडाल का फिटनेस प्रमाण पत्र रखने पर भी बल दिया। कहा कि पूजा को शांतिपूर्ण सफलतापूर्वक संपन्न कराने में आप सब की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने रावण दहन कार्यक्रम के मद्देनजर कार्यक्रम स्थल पर पाइपलाइन युक्त वाटर टैंकर रखने की भी बात कही। कहा कि जिले के सभी थाना प्रभारी मोबाइल मोड में रहेंगे।बैठक में जिलेभर से आये विभिन्न अखाड़ा समिति के सदस्यों व पूजा समिति के प्रतिनिधियों व अन्य सामाजिक संगठनों के लोगों ने भी अपनी-अपनी बातों से जिला प्रशासन के पदाधिकारियों को अवगत कराया । मौके पर उपरोक्त के अलावे अपर समाहर्ता,तीनों अनुमंडल पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, थाना प्रभारी, पूजा समिति व विभिन्न अखाड़ा समिति के लोग उपस्थित थे।

पाटन में शांति समिति की बैठक

पाटन। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार दुर्गा पूजा पर्व को लेकर पाटन थाना परिसर में शांति समिति का बैठक हुई। अध्यक्षता पाटन प्रमुख शोभा देवी ने की। यह महापर्व सर्व समिति से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में दोनों समुदाय के लोग उपस्थित हुए। बैठक में थाना प्रभारी गुलशन गौरव ने कहा कि दुर्गा पूजा में अपवाह और सोशल मीडिया पर भ्रामक खबर फैलाने वाले पर कड़ी नजर रखी जायेगी। मौके पर बीडीओ मनोज कुमार तिवारी, पुलिस निरीक्षक विष्णु देव पासवान, जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह, विधायक प्रतिनिधि संजय सिंह, किशनपुर ओपी प्रभारी कुमार नीरज, ए साईं वरुण कुमार, राकेश कुमार, बीडीआई टोपो, समेत पूजा कमेटी के लोग और ग्रामीण उपस्थित थे।

गागर में सागर

रामायण सीरियल का किया उद्घाटन

खरौंधी। खरौंधी प्रखंड क्षेत्र के कोसलिबार में रामायण सीरियल का उद्घाटन समाजसेवी अरविंद पासवान ने किया। पासवान ने बताया कि रामायण सीरियल देखने से समाज मे सद्बुद्धि का विकास होगा। आज हम सभी को भगवान राम के बताए मार्ग पर चलने की जरूरत है। ससे हमारा गांव, समाज में सुख शांति एवं समृद्धि आ सके एवं समाज का विकास हो सके। मौके पर सुरेन्द्र यादव, लालकुमार यादव, अजित यादव, राधेश्याम प्रजापति, संतोष ठाकुर, बंशीधर सिंह, मिथलेश सिंह, गंभीरा सिंह, शिवकुमार सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थिति थे।

हंटरगंज प्रखंड प्रमुख ने की नए जिला आपूर्ति पदाधिकारी से मुलाकात

चतरा। हंटरगंज प्रमुख ममता कुमारी ने बुधवार को जिला आपूर्ति पदाधिकारी मनिंदर भगत से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने जिला आपूर्ति पदाधिकारी से प्रखंड में कार्डधारियों को समय से और मात्रा के अनुरूप राशन पीडीएस संचालकों द्वारा नही दिए जाने की बात कहीं। ऐसे में उन्होंने जिला आपूर्ति पदाधिकारी से आग्रह किया कि एक बार हंटरगंज पर प्रखंड के जन वितरण प्रणाली दुकानदारों का निरीक्षण कर सभी दुकानदारों को कार्डधारकों से बेहतर संबंध स्थापित कर उचित राशन देने का निर्देश दें ताकि कार्डधारियां को उचित राशन मिल सके। उनके साथ गिद्धौर प्रमुख अनिता यादव और पत्थलगड़ा की मनीषा कुमारी भी मौजूद थीं।

आधा दर्जन घरों में बन रही अवैध जावा महुआ शराब की गई नष्ट

गिद्धौर(चतरा)। गिद्धौर प्रखंड के विभिन्न गांव में पुलिस ने बुधवार को अवैध जावा महुआ शराब विनष्टीकरण को लेकर अभियान चलाया। इस क्रम में पांडेयबागी व जापुआ गांव के करीब आधा दर्जन घरों में बन रहे अवैध जावा महुआ शराब को नष्ट कर दिया। वही थाना प्रभारी गुलाम सरवर ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगली बार से अवैध शराब पकड़ी गई तो कड़ी कार्रवाई किया जायेगी। अभियान का नेतृत्व थाना प्रभारी कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी की कई घरों में अवैध रूप से जावा महुआ का शराब बनाया जा रहा है। जिसके आलोक में कार्रवाई की गई।

गरीब अनमोल की 10वीं तक की शिक्षा द विजन पब्लिक स्कूल में होगी

इटखोरी(चतरा)। द विजन पब्लिक स्कूल इटखोरी के संस्थापक नीरज सिन्हा ने बुधवार को हलमता पहुंचकर सड़क हादसे में दिवंगत उमेश राणा के परिवार से मिलाकर शोक संवेदना व्यक्त की। साथ ही दिवंगत के सुपुत्र अनमोल कुमार को गोद लिया और परिजनों को समझाया की चिंता न करें आप अपने बच्चे को रोज स्कूल भेजे विद्यालय आपके बच्चे कि कक्षा 10 तक की पढ़ाई मुफ्त में प्रदान करेगी। अभी अनमोल द विजन पब्लिक स्कूल में यूकेजी का छात्र है।

गिद्धौर : एनडीपीएस के आरोपी होटल संचालक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

गिद्धौर (चतरा)। गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय के जपुआ में संचालित वेलकम ढाबा के संचालक अरविंद दांगी को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। यह गिरफ्तारी कटकसांडी थाना में कांड संख्या 399/23 में दर्ज एनडीपीएस एक्ट के मामले में की गई। बुधवार को दोनों थानों के पुलिस पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से छापेमारी अभियान चलाकर अरविंद को होटल से गिरफ्तार कर लिया गया। बताया गया कि गिरफ्तार आरोपी को हजारीबाग जेल भेजा जाएगा।

शिविर लगाकर की 81 बच्चों के आंखों की जांच, 37 को दिया जायेगा चश्मा

प्रतापपुर (चतरा)। बुधवार प्रतापपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित मध्य विद्यालय में असैनिक शल्य चिकित्सा सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा नेत्र जांच शिविर लगाया गया। जिसमें 81 बच्चों के आंखों की जांच की गई एवं 37 बच्चों को चश्मा के लिए चिन्हित किया गया। शिविर में बच्चों के आंखों की जांच करवाने व व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए मुख्य रूप से रिसोर्स शिक्षक छोटू राणा एवं डॉक्टर दिनेश कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम आयोजित

सिमरिया(चतरा)। सिमरिया डिग्री महाविद्यालय में बुधवार को मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य सुरेंद्र कुमार बक्सी द्वारा झंडोतोलन किया गया। इसके पश्चात अमृत कलश यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम में शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारीगण, महाविद्यालय समिति के सदस्यगण, छात्र-छात्राएं सहित राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं सदस्यों की सफल भूमिका रही।

प्रखंड कार्यालय कर्मियों की दबंगई चरम पर पहुंची

पंचायत सचिव पर रिश्वत नहीं देने पर मास्टर रॉल फाड़ने का आरोप

नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर

प्रखंड कार्यालय के कर्मियों की दबंगई इन दिनों चरम पर है। मनरेगा योजना से संबंधित किसी भी कार्य के लिए अगर मास्टर रॉल पर हस्ताक्षर के लिए पंचायत सचिव या रोजगार सेवक के पास जाने पर पैसे की डिमांड की जाती है। ताजा मामला बुधवार का है। फुलवार गांव निवासी ब्रजेश यादव के खेत में मनरेगा के तहत हो रहे मेडबंधी योजना में जब लाभुक ब्रजेश यादव मास्टर रॉल पर पंचायत सचिव सतीश सिंह के पास हस्ताक्षर कराने पहुंचे तो हस्ताक्षर करने के नाम पर उनके द्वारा पांच सौ रुपये की मांग की गई। जब पैसा देने में असमर्थता जताई गई तो मास्टर रॉल फाड़कर फेंक दिया गया तथा कहा गया कि अगर पैसा नहीं दोगे तो तुम्हारा काम नहीं होगा। तुम्हें जहां जाना है, जा सकते हो मेरा कुछ नहीं बिगाड़ पाओगे। इसे लेकर पीड़ित ब्रजेश यादव ने बीडीओ को लिखित आवेदन देकर मामले की जांचोपरांत दोषी पंचायत सेवक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में पंचायत सचिव सतीश सिंह ने बताया कि मैं किसी भी लाभुक का मास्टर रॉल छीनकर नहीं फाड़ा हूं। मेरे उपर लगाया गया आरोप निराधार है।

खरौंधी में दशहरा को लेकर शांति समिति की बैठक

खरौंधी। थाना परिसर में दुर्गा पूजा तथा दशहरा महापर्व को लेकर मंगलवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार ने पंचायत प्रतिनिधियों से दुर्गा पूजा को लेकर जानकारी ली। वहीं मुखिया ने दुर्गा पूजा में शांति बहाल करने की मांग की। उपप्रमुख देवदत प्रसाद आर्य ने कहा कि पहले की तरह इस बार भी दुर्गा पूजा प्रखंडवासी मिलजुलकर मनाएंगे। प्रमुख आभा रानी ने कहा कि त्योहार के दौरान प्रशासन भी अतिरिक्त सतर्कता बरतते हुए निगरानी करेगा ताकि दुर्गा पूजा पंडाल में व्यवधान उत्पन्न नहीं हो। थाना प्रभारी पंकज सिंदुरिया ने कहा कि प्रखंडवासी दुर्गा पूजा के दौरान क्षेत्र में किसी भी समस्या के लिए थाना को अवगत करायें। मौके पर सेवानिवृत शिक्षक राजकेश्वर प्रसाद यादव, विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र यादव, उपेंद्र दास, सांसद प्रतिनिधि राम खेलावन, पूर्व उपप्रमुख गोरखनाथ चौधरी आदि मौजूद थे।

बूथ सशक्तिकरण को लेकर भाजपाइयों ने की बैठक

नवीन मेल संवाददाता। बड़गड़

मंडल इकाई के भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक बुधवार को मंडल अध्यक्ष बजरंग प्रसाद की अध्यक्षता में विधायक प्रतिनिधि ओम प्रकाश के आवास पर हुई। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के गढ़वा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी, लातेहार प्रभारी सह बूथ सशक्तीकरण प्रभारी मुकेश निरंजन सिन्हा, भाजपा के सभी मोर्चे के पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष, संयोजक आदि मौजूद थे। केसरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर आगे बढ़ रहा है।

सिन्हा ने हर बूथ मजबूत करने का मूल मंत्र बताया तथा मंडल के हरेक बूथ पर भाजपा को मजबूत करने के लिए बूथ सशक्तिकरण अभियान के तहत प्रखंड के सभी 28 बूथों के लिए अध्यक्ष, संयोजक एवं सह संयोजक को दायित्व सौंप गया। बैठक में जिला मंत्री ठाकुर प्रसाद महतो, स्वाति तिर्की, जिला कार्यसमिति सदस्य सुरेश केसरी, सांसद प्रतिनिधि आनंद सोनी, विधायक प्रतिनिधि ओम प्रकाश, भंडरिया मंडल अध्यक्ष राजेश्वर ठाकुर, सुनीता देवी, रामचंद्र सिंह, अरूण नगेशिया, इश्वरी प्रसाद, संतोष प्रसाद, रामनाथ केसरी, हरिलाल बढाईक, रामसेवक रजक, मुकेश सोनी, रंजन सोनी, रवि सोनी, अखिलेश पांडेय आदि उपस्थित थे।

'गरीबी की मार' से जिंदगी की जंग हार गया डंडई का दलित युवक

गरीबी के कारण किडनी की पथरी का इलाज नहीं हो पाया

नवीन मेल संवाददाता। डंडई

डंडई गांव का दलित युवक उपेंद्र कुमार राम मंगलवार की रात्रि जिंदगी की जंग हार गया। सदर अस्पताल गढ़वा में उसने अंतिम सांस ली। मृतक पिछले एक वर्ष से किडनी में पथरी की समस्या से लड़ रहा था। मृतक बैजनाथ राम का दूसरा पुत्र था। उसके तीन बच्चे हैं, जिनमें दो लड़का और एक लड़की है। मृतक का सबसे छोटा लड़का नमन भी तीन माह से जिंदगी का जंग लड़ रहा है। पिता की तरह उसका भी दाहिनी किडनी में पथरी है। बताया जाता है कि उपेंद्र गरीबी के कारण सही से इलाज नहीं हो पाने की वजह से हो गई। पति की मौत के गम में पत्नी शोभा पूरी तरह टूट गई है।

जानकारी के अनुसार शुरुआती दौर में मृतक का दाहिनी किडनी में पथरी हो गई। किसी तरह पैसे का इंतजाम कर परिजनों ने उसका ऑपरेशन कराया, जो सफल नहीं हुआ। इसी बीच उसकी बायी किडनी में भी पथरी हो गई। उसका उपचार गढ़वा, रांची से लेकर अन्य प्रदेशों के अस्पतालों में होता रहा रहा, लेकिन मृतक समस्या का अंत नहीं हो पाया। इस दौरान परिजन पूरी तरह टूट गए। थक हार कर सभी अस्पतालों को त्याग कर 15 दिन पहले परिजनों ने उपेंद्र को अपने घर ले आया। मंगलवार शाम की उसकी समस्या एकाएक बढ़ गई। आनन फानन में परिजनों द्वारा उसे गढ़वा सदर ले जाया गया, जहां चिकित्सकों द्वारा ऑक्सीजन लगाए जाते उससे पहले ही उसकी मौत हो गई। शव घर पर पहुंचते ही कोहराम मच गया। पत्नी शोभा विलाप कर ही रही थी। हालांकि मृतक को बचाने में परिजन ही नहीं, गांव के ग्रामीण भी पीछे नहीं रहे। लोगों ने संयुक्त रूप से चंदा इकट्ठा कर परिजन को 25000 रुपये दिए थे। मृतक का दाह संस्कार के लिए भी गांव के कई समाज सेवियों के द्वारा मदद की गई। मुखिया धनवंती देवी के पति महेश्वर राम ने परिजन को 2000 रुपये दिए गए। कई राजनीतिक दलों के लोगों ने भी मृतक के घर पहुंच कर परिजनों को ढांढस बंधाया।

कार्यपालक पदाधिकारी ने जन प्रतिनिधियों संग की समीक्षा बैठक

मझिआंव। नगर पंचायत सभागार कक्ष में कार्यपालक पदाधिकारी सैलेश कुमार के द्वारा निवर्तमान अध्यक्ष सुमित्रा देवी उपाध्यक्ष, एवं सभी वार्ड पार्षद के साथ विकास योजना से संबंधित एक समीक्षा बैठक किया गया जिसमें शहर को साफ स्वच्छ रखने एवं जनोपयोगी योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु विस्तृत चर्चा की गई।

कहा गया कि सभी वार्ड पार्षद अपने -अपने वार्ड क्षेत्र से अतिआवश्यक कार्य की सूची उपलब्ध करवाएं ताकि जल्द से जल्द समाधान किया जा सके। सभी वार्ड पार्षद से अपने -अपने वार्ड क्षेत्र में राजस्व जमा करने हेतु आम जनों को प्रोत्साहित करने हेतु अनुरोध किया गया। किसी भी प्रकार का समस्या होने पर तत्काल सूचना देने हेतु नंबर जारी किया गया। बोर्ड भंग होने के बावजूद भी नियमित अंतराल पर बैठक का आयोजन किया जाएगा। मौके पर स्वच्छता प्रभारी राकेश कुमार सिन्हा, नाजिर अमित पाठक, अनूप कुमार आदि उपस्थित थे।

पंचायत समिति की बैठक में योजनाओं पर की गई चर्चा

नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर

प्रखंड कार्यालय के सभागार में पंचायत समिति की बैठक प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी की अध्यक्षता में की गई।

इसमें मनरेगा स्वास्थ्य विभाग शिक्षा विभाग, जेएसएलपीएस, बाल विकास विभाग, सहकारिता विभाग, कृषि विभाग, रेशम किट उद्योग बैंक, प्रधानमंत्री आवास आदि विभागों के कार्यों की समीक्षा की गई। चापाकल, कन्यादान योजना, मुख्यमंत्री सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, पौधरोपण, बीज वितरण सहित सभी मुद्दों पर चर्चा की गई। सदस्यों द्वारा मनरेगा योजनाओं की जांच के लिए बीपीओ, जेई, एई एवं दो पंचायत समिति सदस्यों की जांच कमेटी बनाने का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण राम, अंचल अधिकारी अरुण कुमार मुंडा, उप प्रमुख गणेश प्रताप देव, सांसद प्रतिनिधि, मुकेश चौबे विधायक, प्रतिनिधि लालमोहन यादव, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी मनोज कुमार, बीडीसी मृदुला द्विवेदी, फटेमोहम्मद अंसारी, लालो खातून, सैयद अंसारी आदि मौजूद थे।

दो महीने की पर्ची निकाल कर राशन नहीं देने का लगाया आरोप

केतार। प्रखंड क्षेत्र के बलिगढ़ गांव के डीलर राम बेलास बैठा पर दो माह का पर्ची निकाल कर राशन वितरण नहीं करने का आरोप लाभुकों ने लगाया है। इसको लेकर बुधवार को दर्जनों लाभुकों ने प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मुकेश मछुआ को आवेदन देकर शिकायत की है। लाभुकों ने बताया कि डीलर से राशन की मांग करने पर कम राशन मिलने का हवाला देते हैं, जबकि डीलर को गोदाम से प्रति माह आवंटन के अनुरूप राशन मिला है। लेकिन राशन वितरण करने में डीलर आनाकानी करता है। यहां लाभुक कम राशन लेने को तैयार नहीं है। लाभुकों ने डीलर का राशन दुकान का जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है। आवेदन देने वालों में मधु देवी, संजीव कुमार, आरती कुमारी, आशीष कुमार बैठा, बालेश्वर सिंह, विवेक कुमार, प्रमोद सिंह, दीपक सिंह, मनोज सिंह, सविता देवी, मनोज सिंह, छोटेलाल, नीतू देवी, मंजू देवी, पूजा देवी, विद्यार्थी देवी, अशोक ठाकुर आदि शामिल थे।

नवरात्रि में शराब बिक्री पर मुखिया ने लगाई रोक

केतार। केतार प्रखंड के मुकुंदपुर पंचायत के मुखिया मुंगा साह ने 13 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक मुकुन्दपुर पंचायत क्षेत्र में पुर्ण रूप से शराबबंदी करने की घोषणा की है। मुखिया मुंगा साह ने कहा की नवरात्रि और दशहरा पूजा हर्षोल्लास के साथ मनाने में किसी भी ग्रामीण कोई विघ्न उत्पन न हो इसके मध्यनजर पंचायत के सभी गांवों में महुआ शराब निर्माण और बिक्री पर रोक लगाई गई है। इसके बावजूद जो लोग अपने घरों में महुआ शराब चुलाई और बिक्री करेंगे उनके घरों में प्रशासन से छापेमारी करवाते हुए कानूनी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने ग्राम वासियों से इस कार्य में सहयोग करने का आग्रह किया गया है।

'व्यवसाय और किसानों की बेहतरी के लिए राज्य सरकार कृतसंकल्प'

नवीन मेल संवाददाता। किस्को/लोहरदगा

झारखंड सरकार के कृषि पशुपालन एवं सहकारिता मंत्रालय के झारखंड राज्य कृषि विपणन पर्षद के अध्यक्ष रविंद्र सिंह ने लोहरदगा जिला अंतर्गत किस्को प्रखंड पहुंचे। उन्होंने किस्को स्थित बाजार शेड एवं मार्केट कॉम्प्लेक्स का निरीक्षण किया। उन्होंने किसानों एवं व्यापारियों को बाजार हाट में मिलने वाली सुविधाओं का जायजा लिया और सभी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने की बात कही।

उन्होंने कहा कि हम लोगों का प्रयास है कि जितने भी बाजार हॉट बाजार समिति के अंदर आने वाले हैं उन सभी को विकसित किया जाए। जिससे किसानों को उचित प्लेटफार्म मिल सके ताकि किसानों के द्वारा उत्पादित सामग्रियां को बाहर से व्यापारी जाकर सुगमता से खरीद सके और किसानों को उचित दाम मिल सके। इसके लिए सबसे पहले बाजार हाट को विकसित किया जाएगा। इसके लिए बाजार विपणन समिति किस तरह से विकसित करना चाहते हैं इसके लिए प्रस्ताव बनाकर भेजें। मौके पर कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी जिला अध्यक्ष हाजी शकील अहमद, किस्को प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सामुल अंसारी, कुडू प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सदरूल अंसारी, प्रदीप विश्वकर्मा, रौनक इकबाल, उल्फत अंसारी, अजीज अंसारी, अलीमुद्दीन अंसारी, कबीर अंसारी, गुलजार अंसारी मौजूद थे।

योजनाओं में अनियमितता की जांच की मांग

भवनाथपुर। जिला परिषद सदस्य रजनी शर्मा ने अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन देकर प्रखंड की बनसानी, मकरी, पंडरिया पंचायत में हो रहे जल नल योजना कार्य में अनियमितता की टीम गठित कर जांच कराने की मांग की है। कहा गया कि प्रखंड स्तर पर मैंने जांच कर विभाग के जे ई को कार्य में सुधार करने को निर्देश देने के बाद भी कोई भी सुधार नहीं किया गया। आवेदन में उल्लेख किया है कि पंडरिया पंचायत के गुड़गांव के शिव पहाड़ी स्थल पर हुए डीप बोरिंग, वनसानी पंचायत की सभी योजनाओं एवं मकरी पंचायत की सभी योजनाओं की जांच की जाए। सभी योजनाओं को ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधियों के विरोध के बाद भी फर्जी गठन करने का प्रयास विभाग द्वारा किया जा रहा है जिसकी जांच करना जनहित में आवश्यक है।

कार्यक्रम हेमराज विक्रमादित्य का विजय दिवस मनाया गया

'अच्छे योद्धा व कुशल प्रशासक थे हेमराज'

नवीन मेल संवाददाता। केतार

झारखंड प्रदेश रौनियार समाज के तत्वावधान में प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ प्रसाद की अध्यक्षता में हेमराज विक्रमादित्य महाराज का विजय दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम रौनियार समाज के लोगों ने हेमराज विक्रमादित्य महाराज की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित की। इस मौके पर जिला अध्यक्ष बैजनाथ प्रसाद ने हेमराज विक्रमादित्य महाराज की जीवनी पर प्रकाश डाला और उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया।

इस मौके पर रौनियार महासभा के संरक्षक रामविचार साहू ने कहा कि हेमराज विक्रमादित्य महाराज हरियाणा के रेवाड़ी के रहने वाले थे। उन्होंने मध्ययुगीन भारत में विरोधी मुस्लिम शासकों के बीच थोड़े समय के लिए ही एक 'हिंदू राज' स्थापित करने का काम किया। उन्होंने अपने पूरे करियर में कुल 22 लड़ाइयां जीतीं। इसकी वजह से ही उन्हें कुछ इतिहासकारों ने मध्य युग के समुद्र गुप्त का खिताब दिया। हेमराज विक्रमादित्य महाराज को मध्ययुग का नेपोलियन भी कहा गया जाता है। वे एक अच्छे योद्धा के साथ-साथ कुशल प्रशासक भी थे। उनके युद्ध कौशल का लोहा उनके साथियों के साथ-साथ उनके दुश्मनों ने भी माना था। इस मौके पर केतार मुखिया प्रमोद कुमार, विनोद प्रसाद, विकास प्रसाद, रामचंद्र प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, जितेंद्र प्रसाद, रामनायन प्रसाद, अशोक प्रसाद, कृष्णा प्रसाद, अर्जुन प्रसाद सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस को लेकर हुई बैठक

लोहरदगा। 31वें राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के सफल आयोजन हेतु साइंस फॉर सोसाइटी लोहरदगा की बैठक एम एल ए इंटर महिला महाविद्यालय में सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ गणेश प्रसाद की अध्यक्षता में संपन्न हुई। सचिव राहुल कुमार ने जानकारी दी कि जिला शिक्षा पदाधिकारी लोहरदगा के निर्देशानुसार कस्तूरबा मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका विद्यालय लोहरदगा के सभागार में शनिवार को 10:00 बजे से जिला स्तरीय शिक्षक कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इसमें जिले के सभी कोटि के सरकारी, गैर सरकारी मध्य, उच्च तथा प्लस टू स्तरीय विद्यालयों के विज्ञान शिक्षक अथवा सामाजिक विज्ञान के शिक्षक भाग लेंगे जो प्रशिक्षण के बाद अपने-अपने विद्यालयों के 10 से 17 आयु वर्ग के बाल वैज्ञानिकों को प्रोजेक्ट निर्माण में मार्गदर्शन करेंगे।

चतरा : प्रतिवर्ष करोड़ों खर्च के बावजूद विद्यालय में बूंद-बूंद को तरस रहे बच्चे

नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड

एक तरफ सरकार सर्व शिक्षा अभियान के तहत स्कुलों में संसाधन उपलब्ध कराने के लिए प्रतिवर्ष करोड़ों रुपये खर्च कर रही है। वहीं दूसरी तरफ चतरा जिले के मयूरहंड प्रखंड क्षेत्र के मंझगावा भुईयांडीह प्राथमिक विद्यालय में पढने वाले नौनिहाल बच्चे बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। विद्यालय में दिखावे के लिए एक चापानल अधिष्ठापित की तो गई है, पर केवल शोभा की वस्तु बनकर रह गई है।

इन दिनों बरसात के मौसम में बमुसकिल एकाध बाल्टी पानी निकल रहा। मध्याह्न भोजन संचालित करने के लिए लगभग एक किलोमीटर दूर से पानी लाना पडता है। विद्यालय में अनुसूचित जाति के लगभग तीस बच्चे नामांकित है और लगभग बच्चों की उपस्थिति प्रत्येक दिन रहती है। परंतु स्कूल में पीने का पानी मिलना दुर्लभ हो गया है। जिसके कारण बच्चों को रेलवे लाइन पारकर प्यास बुझाने के लिए दूर तक जाना पड़ता है। जिसके कारण कभी भी बड़ी घटना होने की संभावना बनी रहती है। विद्यालय के शिक्षक बालमुकुंद यादव ने बताया की पानी समस्या की जानकारी वरीय पदाधिकारी को दर्जनो बार दे चुका हूं पर आजतक समस्या का समाधान नहीं हो पाया। इस विषय में जिला शिक्षा अधिक्षक अभिषेक बडइक ने बताया की समस्या की जानकारी नहीं थी। अब समस्या का जानकारी हुई है जल्द ही समस्या का समाधान कर ली जाएगी।

गागर में सागर

गंभीर बीमारी से पीड़ितों ड्राफ्ट सौंपा

बरवाडीह। विधायक रामचंद्र सिंह ने अपने मांगरा स्थित आवास में बुधवार को गंभीर बीमारी से पीड़ित दो मरीजों को इलाज हेतु ड्राफ्ट प्रदान किया। जानकारी के अनुसार प्रखंड के कुटमू निवासी अकरम अंसारी एवं बबिता कुमारी पिता-रमेश मांझी ग्राम-सरईडीह को 50000 - 50000 का ड्राफ्ट सौंपा गया। प्रखंड में इससे पूर्व भी विधायक द्वारा गंभीर बीमारी से पीड़ित लोगों को इलाज हेतु मुख्यमंत्री चिकित्सा राहत के तहत अनुदान राशि उपलब्ध कराई गई थी। मौके पर 20 सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, कुलेश्वर सिंह उपस्थित थे।

कार्डिनल टोप्पो को दी गई श्रद्धांजलि

महुआडांड़। संत जेवियर महाविद्यालय में बुधवार को दिवंगत कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो के सम्मान में प्रार्थना सभा सह श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्राचार्य फादर एम के जोस ने कहा कि कार्डिनल एक भला चरवाहा व महान व्यक्ति थे। उन्होंने छोटानागपुर की कलीसिया, आदिवासी समाज, झारखंड व देश में अमन और तरक्की के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किये। शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रति भी उसका एक विशेष लगाव था। अंजना एक्का ने टोप्पो की जीवनी व उनके साथ के अपने अनुभव को साझा किया। मौके पर सहायक प्राध्यापक मैक्सेनसियुस कुजूर, सहायक प्राध्यापक अभय सुकुट डुंगडुंग मौजूद रहे।

जेएमएम नेता ने टोप्पो को दी श्रद्धांजलि

बरवाडीह। झारखंड मुक्ति मोर्चा के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष शशि भूषण तिवारी, केंद्रीय सदस्य दीपू कुमार सिन्हा के साथ रांची के संत मेरी कैथेड्रल चर्च पहुंच कर दिवंगत कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो के पार्थिव शरीर के दर्शन किए एवं पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

सीएस ने उच्चवाबाल का किया निरीक्षण

मनिका। सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार ने बुधवार को प्रखंड की राकीकला पंचायत के उच्चवाबाल गांव दौरा किया। मिशन इंद्रधनुष योजना का निरीक्षण किया। इस दौरान सिविल सर्जन ने कई किलोमीटर की पैदल यात्रा की। उन्होंने कहा कि एक भी बच्चा मिशन इंद्रधनुष में नहीं छूटना चाहिए। उन्होंने आंगनबाड़ी सेविकाओं को कोई दिशा निर्देश भी दिए। मौके पर मनिका स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉक्टर दिव्या क्षितिज कुजूर, अनिल राय, राहुल कुमार आदि उपस्थित थे।

पंकुरवा के मजदूर की हैदराबाद में मौत

बारियातु। मजदूरी करने हैदराबाद गए अमरवाडीह पंचायत अंतर्गत पंकुरवा ग्राम निवासी अरविंद गंझू (35) पिता स्व. लक्ष्मण गंझू की मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि करमा बिताकर अरविंद अपने परिवार का भरण-पोषण के लिए बाहर गया था। अचानक उल्टी दस्त से पेट दर्द होने लगा। उनके साथी बाइक से हॉस्पिटल ले जा रहे थे लेकिन रास्ते में ही मौत हो गई। ग्रामीणों ने शव को पैतृक गांव लाने के लिए श्रम मंत्री सत्यानंद भोगता से बात की। वहीं कंट्रोल रूम रांची व लातेहार द्वारा पूर्ण जानकारी ली गई। इधर बारियातू मंडल अध्यक्ष लव कुमार सिंह ने परिजनों से मुलाकात की। शव को गांव लाने के लिए हैदराबाद के कई कर्मियों से बात कर एंबुलेंस व्यवस्था करायी गई। शव हैदराबाद से लेकर पंकुरवा के लिए रवाना हो गया है। मृतक के अपने पीछे पत्नी व पांच वर्षीय पुत्री को छोड़ गया है। अरविंद घर का एकमात्र कमाऊ सदस्य था।

स्टार फुटबाल टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ

बालूमाथ। प्रखंड अंतर्गत झाबर पंचायत के हाथडीह मैदान में स्टार फुटबाल टूर्नामेंट का शुभारंभ जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर्य उरांव ने किया। उद्घाटन मैच बालूमाथ बनाम हाथडीह खेला गया। मौके पर जेएमएम प्रखंड सचिव परमेश्वर गंझू, जेएमएम नेता संतोष उरांव, मधु गंझू, महानंद सिंह, रूपलाल यादव, नरसिंह यादव, वीरेंद्र यादव, दिलीप यादव, मनोज यादव, अनिल उरांव, संदीप उरांव, रंजीत यादव, जलेंद्र गंझू, घनश्याम यादव, अनिल यादव, अरुण यादव, योगेश यादव, अजीत भुइयां, मुनेश्वर यादव आदि उपस्थित थे।

महिलाओं के बीच बांटी सिलाई मशीन

लातेहार। तुबेद कोल माइंस (डीवीसी) ने परियोजना प्रभावित क्षेत्रों में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) पहल शुरू की है। इस प्रयास के हिस्से के रूप में, कंपनी ने स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) की महिलाओं को सिलाई मशीन संचालन में कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरएसईटीआई), लातेहार के साथ साझेदारी की है। 30-दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद, 20 एसएचजी सदस्य अब अपनी उद्यमशीलता की यात्रा शुरू करने के लिए सिलाई मशीन प्राप्त करने के लिए तैयार हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीपीओ लातेहार थे, इस कार्यक्रम में डीपीएम जेएसएलपीएस के साथ आरसेटी के निदेशक और डीवीसी तुबेद कोयला खदान लातेहार के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

कार्यकर्ता मिलन समारोह में शामिल हुए स्वास्थ्य मंत्री

नवीन मेल संवाददाता। टंडवा

थाना क्षेत्र अंतर्गत चुंदरुधाम के समीप बुधवार को आयोजित कांग्रेस कार्यकर्ता मिलन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता पहुंचे। इसके पूर्व टाउन हॉल में आयोजित लोक जनसुनवाई के दौरान महिला व शिशु चिकित्सक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में करने की आवश्यकता पर शीघ्र हीं पहल करने का भरोषा लोगों को दिलाया। दूसरी ओर कार्यकर्ता मिलन समारोह में केरेडारी प्रखंड से कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करने वाले प्रेमरंजन पासवान ने सिमरिया विधानसभा से चुनाव लड़कर अपना भाग्य आजमाने की इच्छा जाहिर किया। बहरहाल, लोकसभा व विधानसभा चुनाव के तैयारियों को लेकर कई अन्य राजनीतिक पार्टी व प्रत्याशियों की सुगबुगाहट टंडवा में कुछ दिनों से साफ दिखाई देने लगी है। मौके पर राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहु, बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद आदि मौजूद थे।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने की मनिका डिग्री कॉलेज इकाई की घोषणा

नीलम बनी कॉलेज अध्यक्ष, विशाल बने मंत्री

नवीन मेल संवाददाता। मनिका

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद लातेहार ने बुधवार को मनिका डिग्री कॉलेज में शैक्षणिक सत्र 2023–2024 के लिए प्रथम इकाई की घोषणा की। नीलम कुमारी को कॉलेज अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया, चंदन कुमार, सावित्री कुमारी, उज्ज्वल कुमार एवं रुचि प्रिया को कॉलेज उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। वहीं विशाल कुजूर को कॉलेज मंत्री बनाया गया।

जानवी सोनी, पूजा कुमारी, सुनीता कुमारी, रीना कुमारी को कॉलेज सह मंत्री बनाया गया। उज्ज्वल कुमार (मोहित) को कॉलेज सोशल मीडिया प्रभारी, अभिषेक कुमार को कॉलेज एसएफएस प्रमुख, सोनी कुमारी को कॉलेज सह एसएफएस प्रमुख, राकेश कुमार को कॉलेज एसएफडी प्रमुख, रिचा कुमारी को कॉलेज सह एसएफडी प्रमुख का दयित्व सौंपा गया। वहीं आशीष कुमार, अमरेंद्र कुमार सिंह, रेशमी कुमारी, राजू कुमार यादव, रामसेवक यादव, सुजंती कुमारी, सीमा कुमारी, सरस्वती कुमारी, लीलावती कुमारी, विक्की यादव एवं रेशमी कुमारी को कॉलेज कार्यकारिणी का सदस्य बनाया गया। इसकी घोषणा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य उत्तम कुमार ने की। कुमार ने कहा कि अभाविप लातेहार जिला एवं मनिका नगर निरंतर छात्र हित में काम कर रही है और हमेशा करते रहेगी और अब कॉलेज इकाई बनने के साथ ही हम और दृढ़ निश्चय और मजबूती के साथ छात्र हित में कार्य करेंगे। सभी नए दयित्ववान कार्यकर्ता छात्र हित, समाज हित व राष्ट्रहित में काम करने को अग्रसर रहेंगे।

नवनियुक्त कॉलेज अध्यक्ष नीलम कुमारी ने कहा कि विश्वविद्यालय एवं कॉलेजों में व्याप्त शैक्षणिक अराजकता चुनौतीपूर्ण है। हमारी पहली प्राथमिकता होगी की जल्द से जल्द डिग्री कॉलेज मनिका में सभी विषयों के शिक्षकों की बहाली करवाई जा सके। नवनियुक्त कॉलेज मंत्री विशाल कुजूर ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि मनिका में अभाविप जोर-शोर से छात्र हित के कार्य में लगी हुई है और हर मुश्किल घड़ी में हम छात्रों के साथ खड़े हैं। छात्रों के हित के लिए हम कुछ भी कर गुजरने को तत्पर हैं।

सौहार्द के साथ मनाएं त्योहार : डीसी

विधि व्यवस्था संधारण के लिए पूरी चौकसी बरतने का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता। लातेहार

आगामी त्योहारों पर सुरक्षा व्यवस्था व विधि व्यवस्था संधारण हेतु उपायुक्त हिमांशु मोहन की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में दुर्गा पूजा को शांति एवं सदभावपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस दौरान उपायुक्त ने सभी प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों को दुर्गा पूजा पर विधि व्यवस्था संधारण हेतु पूरी चौकसी बनाए रखने का निर्देश दिया। उन्होंने अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी को निर्देश दिया कि अपने क्षेत्र में शांति समिति की बैठक कर लें। उपायुक्त ने सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान यदि किसी शरारती तत्व द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से अफवाह फैलाने की कोशिश की गई, तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त ने अपील करते हुए कहा कि धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखते हुए शांति व सौहार्द से पर्व को मनायें। उन्होंने उत्पाद अधीक्षक को निर्देश दिया कि अवैध शराब की बिक्री करने वालों के विरुद्ध कारवाई करें। आगे उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा में किसी तरह की विधि व्यवस्था की समस्या नहीं हो इसके लिए पूर्व में ही सभी तैयारी पूरी कर लें। उन्होंने सभी पुलिस पदाधिकारियों एवं दंडाधिकारियों को पूरी सतर्कता एवं सजगता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। सभी थाना तैयारी के साथ-साथ सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था रखें। सभी संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी एवं गश्ती करने का निर्देश दिया गया। सभी पूजा पंडाल समिति के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया कि किसी भी प्रकार का भड़काऊ या अश्लील गाने का प्रयोग नहीं किया जाना चाहिए। वहीं पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने कहा कि आगामी त्योहार को लेकर प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। सोशल मीडिया पर विशेष नजर रखी जाएगी। साइबर सेल 24 घंटे सोशल मीडिया की निगरानी कर रहा है। उन्होंने आम जनता से अपील की है कि दुर्गा पूजा के दौरान किसी तरह की अफवाह पर ध्यान नहीं दे और किसी तरह की समस्या होने पर सीधे पुलिस को जानकारी दें। विधि व्यवस्था बनाए रखने में जिला प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने पूजा पंडाल में सीसीटीवी एवं लाइट की समुचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी रोशन कुमार, उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी शेखर कुमार, मनिका विधायक प्रतिनिधि हरि शंकर प्रसाद आदि उपस्थित थे।

गिद्धौर थाना प्रभारी ने पूजा पंडालों का किया निरीक्षण

गिद्धौर। थाना प्रभारी गुलाम सरवर ने बुधवार को विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों का निरीक्षण किया। सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान ना दें व सोशल मीडिया पर विशेष नजर रखें।

दो होनहार छात्राओं को छात्रवृत्ति देने की घोषणा

नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड

प्रखंड क्षेत्र के जाखन्ड (कुम्हारी) में संचालित माध्यमिक शिशु शिक्षा निकेतन से मैट्रिक परीक्षा 2023 में छात्राओं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी शांति किरण छात्रवृत्ति स्कीम के तहत दो छात्राओं का चयन किया गया है। ज्ञात हो कि इटखोरी थाना क्षेत्र के पिपरा निवासी सॉफ्टवेयर इंजीनियर तीन भाई बहन स्वाति सिंह, रेशु सिंह तथा आभास कुमार द्वारा वर्ष 2021 उक्त स्कीम चलाई जा रही है। वर्ष 2023 मैट्रिक परीक्षा में इंदु कुमारी पिता सुबोध कुमार राम (कदगावां) ने सर्वाधिक (423) तथा निराली कुमारी पिता निर्भय सिंह (नरचाही) ने (422) अंक प्राप्त कर विद्यालय में अव्वल स्थान प्राप्त की, जिन्हें ग्रेजुएशन तक प्रति मास एक- एक हजार रुपये दिये जायेंगे। दूरभाष पर बातचीत के क्रम में सिंह ने कहा कि हम तीनों भाई बहन अपनी मेहनत से कमा कर इन छात्राओं को आगे की पढ़ाई में सहयोग करते हैं। यदि ये छात्राएं आगे चलकर शिक्षा के माध्यम से किसी मुकाम पर पहुंचती हैं तो हमारा नारी शिक्षा की सफलता का सपना साकार होगा। बताते चलें कि सिंह मुंबई में रेशु सिंह पुणे में दोनों के पति विदेशों में तथा भाई आभास कुमार सिंह बेंगलुरु में सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं। इन छात्राओं के चयन हेतु श्रीमती सिंह के द्वारा कन्जिया निवासी सहायक शिक्षक अभिराम सिंह को नियुक्त किया गया था। विद्यालय के निदेशक बिनय कुमार सिंह ने इनके जज्बे को नमन करते हुए इस कार्य के लिए आभार व्यक्त किया है।

अपने ऊपर लगे गंभीर आरोपों को लेकर थाना पहुंचे भाजपा नेता सह कोयला व्यवसायी प्रदीप

नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ

प्रखंड में संचालित तेतरियाखाड़ कोल माइंस में विस्थापित एवं प्रभावित ट्रक ऑनरों के बीच का संघर्ष चर्चा में रहा है। ताजा मामला यह है कि भाजपा मंडल मंत्री सह कोयला व्यवसाई प्रदीप यादव ने बालूमाथ थाना में आवेदन देकर अपने ऊपर लगे आरोप पर घोर आपत्ति जताई है। आवेदन में लिखा गया है कि मैं अपने पारिवारिक कार्य से रांची में था, किंतु बुधवार को कुछ दैनिक हिंदी समाचार पत्र में मेरे ऊपर जेएलटी का लेवी वसूलने तथा ट्रकों को जलाने का आरोप लगाया गया है, जो बिल्कुल गलत व बेबुनियाद है। मेरी साफ सुथरी छवि को धूमिल करने का समाचार प्रकाशित किया गया है जिससे मैं काफी आहत हूं। समाचार में मुझ पर नक्सली संगठन का लेवी वसूलने एवं ट्रक जलाने का आरोप लगाया है। इस आरोप के साक्ष्य की जांच किया जाए और मुझे न्याय दिलाया जाए। यदि साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो उपरोक्त कथित पत्रकारों एवं ट्रक ऑनर एसोसिएशन के स्व. घोषित अध्यक्ष संजीव सिन्हा एवं कमलेश सिंह यादव, प्रभु साव, तिलकधारी साव (सभी बसिया पंचायत के) ने बैरियर पर किसी भी ड्राइवर को धमकी या ट्रक रोकने से इनकार किया है। मौके पर उपस्थित कई ट्रक मालिकों ने कहा कि वर्षों से तेतरिया खाड़ में ट्रैकों का परिचालन नंबरिंग से होता रहा है और गाड़ी नंबर से चलाने के लिए सैकड़ों विस्थापित व प्रभावित ट्रक मालिक या ड्राइवर बैरियर के पास रहते हैं और अपने नंबर के अनुसार गाड़ी माइंस में प्रवेश कराते हैं। मौके पर तेतरिया विस्थापित नेता मनोज यादव ने कहा है कि कुछ लोग मनमाने तरीके से तेतरिया खाड़ को संचालन के उद्देश्य से आए दिन गलत आरोप लगाते रहते हैं। इसके लिए पहले भी प्रखंड एवं जिला प्रशासन के साथ विस्थापित एवं प्रभावित ट्रक ऑनरों का बैठक हो चुकी है और कई नियम सिस्टम बनाए गए हैं, फिर भी कुछ लोगों द्वारा उस सिस्टम के विरुद्ध गाड़ी परिचालन कर अन्य कोलवरी की तरह लूट मचान चाहते हैं जो हम विस्थापित ऐसा कभी नहीं होने देंगे। यह कोलवरी हजारों बेरोजगार लोगों का जीने का एकमात्र सहारा है।

जांच कर मानहानि का केस दर्ज करने की मांग, कहा- मेरी छवि को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा

पर मानहानि का मुकदमा दायर किया जाए। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का आस्वाशन दिया। यादव ने आवेदन की प्रतिलिपि प्रखंड एवं जिला के वरीय अधिकारियों को देकर मामले से अवगत कराया है।

ट्रक ऑनरों ने बैठक कर आरोप को गलत बतलाया

वहीं बुधवार दोपहर को तेतरिया माइंस परिसर के पास महुआ पेड़ के नीचे सैकड़ों स्थानीय ट्रक मालिकों एवं चालकों की बैठक हुई। बैठक में बुधन यादव, सुरेश

‘10 फीसदी से अधिक फीस बढ़ोतरी पर स्कूलों की मान्यता होगी रद’

नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह

निजी विद्यालयों के संचालकों के साथ बैठक में डीईओ की चेतावनी

प्रखंड के कई निजी विद्यालयों के द्वारा मनमाने तरीके से स्कूल फीस में बढ़ोतरी किए जाने के खिलाफ प्रखंड के जिप सदस्य संतोषी शेखर द्वारा मामले की शिकायत जिला परिषद की बैठक में करने के साथ-साथ पूरे मामले में कार्रवाई को लेकर धरना प्रदर्शन करने के बाद शिक्षा विभाग द्वारा पूरे मामले में संज्ञान लेते हुए बुधवार को प्रखंड कार्यालय में प्रखंड में संचालित सभी निजी विद्यालयों के साथ बैठक की। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी प्रिंस कुमार, बीईईओ नागेंद्र कुमार सिंह, बीडीओ राकेश सहाय, जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर के साथ निजी स्कूलों के संचालक और प्रिंसिपल शामिल थे। जिला शिक्षा अधिकारी प्रिंस कुमार ने सभी निजी स्कूलों 10 फीसदी फीस बढ़ोतरी का लेखा-जोखा लिया गया, जिसमें संत कलारेट स्कूल, संत सोल्जर स्कूल समेत अन्य कई स्कूलों द्वारा 10 प्रतिशत से अधिक फीस की बढ़ोतरी किए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संचालकों को फटकार लगाई औरर पूरे मामले पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को जांच कर विस्तृत रिपोर्ट देने का निर्देश दिया ताकि ऐसे विद्यालय के संचालक पर अविलंब सख्त कार्रवाई की जा सके। इसके साथ ही निर्देश दिया कि प्रत्येक 2 वर्ष में एक बार फीस की बढ़ोतरी मात्र 10 प्रतिशत ही हो सकती है। इसके अलावा अभिभावकों से फीस वसूल की गई तो संबंधित स्कूलों की मान्यता रद की जाएगी। यह भी निर्देश दिया गया कि मान्यता प्राप्त स्कूलों में कम से कम 25 प्रतिशत बच्चों को निशुल्क शिक्षा दिया जाना अनिवार्य है। यह नियम प्रखंड के सभी निजी स्कूलों द्वारा पालन किया जा रहा है या नहीं इसकी जांच कर एक सप्ताह में बीईईओ को रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान कई निजी विद्यालय के संचालक नदारद थे।

कार्यालय नगर पंचायत मझिआँव

पत्रांक–903 / दिनांक– 10.10.2023

अति अल्पकालीन / दर आमंत्रण सूचना : 24 / 2023–24

नगर पंचायत मझिआँव क्षेत्रांतर्गत Urban Health and Wellness Centre के अंतर्गत Tele-consultantion के संचालन हेतु विभिन्न सामग्रियों की आवश्यकता है। सामग्री कय हेतु कोटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता / विक्रेता दिनांक 18.10.2023 को 02 बजे अपराह्न तक अपना कोटेशन / दर नगर पंचायत मझिआँव के कार्यालय में जमा कर सकते है। निर्धारित अवधि के उपरान्त कोई दावा / आपत्ति मान्य नहीं होगा।

List of equipment for tele consultation Urban Health and Wellness Centre, NP Manjhiaon

Tele Consultation Items			Company/Brand	Rate per pcs.	Total Amount
Sl No	Name of Items	Unit	Specification attached here		
1	All in one computer (i5 11 Generations)	1	Desktop computer All in one 20-24' inc- Intel core/511th generation onwards RAM-8GB, Hard Drive 1TB or 512 SSD, UPS with inbuilt Antivirus, MS Office		
2	Head phone with Microphone	1			
3	(View Stand) X-ray stand	1			
4	Camera	1			
5	Speaker	2			
6	Color Printer with Scanner	2	HP/Cannon/Epson		
7	Internet (5G fiber)	1			
8	Computer table wodden 1	1			

नोटः– कोटेशन से संबंधित विस्तृत नियम एवं शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट एवं Website- https://udhd.jharkhand.gov.in/पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत मझिआँव

PR 308855 Urban Development and Housing(23-24).D

कार्यालय जिला परिषद, पलामू।

E-mail-zilaparishad.palamu@gmail.com

हाट बाजार बंदोबस्ती हेतु आम सूचना।

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड सरकार के संकल्प संख्या 1376 / दिनांक 01.04.2015 के द्वारा सैरातों की बन्दोबस्ती हेतु त्रिस्तरीय पंचायतों को शक्तियां प्रत्यायोजित की गयी है, जिसके अनुसार 100000.00 (एक लाख) रूपये से अधिक राशि के सैरात की बन्दोबस्ती जिला परिषद स्तर से की जाएगी। दिनांक 06.01.2022 को संपन्न जिला परिषद, पलामू के कार्यकारी समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में पलामू जिला अंतर्गत हाट बाजार तेतरांई के बंदोबस्ती हेतु संम्बंधित अंचलाधिकारी द्वारा डाक की न्यूनतम राशि 100000.00 (एक लाख) रूपये प्रतिवर्ष से अधिक निर्धारित की गयी है।

अतः एतद द्वारा पलामू जिला अंतर्गत निम्नांकित हाट बाजार की खुली डाक द्वारा बंदोबस्ती हेतु सर्वसाधारण से प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है–

क्र0	हाट / बाजार का नाम	प्रखण्ड / अंचल क्षेत्र	वर्ष 2023 हेतु डाक की तिथि	समय	डाक की न्यूनतम राशि (1 वर्ष के लिए)	अग्रधन की राशि (10%)
1	2	3	4	5	6	7
1	तेतरांई हाट	पाँकी	19-10-2023	पूर्वाह्न 11:30 बजे से	192000.00	19200.00

उपरोक्त हाट बाजार के बंदोबस्ती हेतु पलामू जिला के निवासी भाग ले सकते हैं। इस खुली डाक में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को दिनांक 18.10.2023 तक कॉलम संख्या–7 में निर्धारित अग्रधन राशि बैंक ड्राफ्ट / चेक द्वारा जो सचिव, जिला परिषद, पलामू (Secretary, Zila Parishad, Palamu)के पदनाम से भुगतेय होगा कार्यालय जिला परिषद, पलामू में जमा करना अनिवार्य होगा। बैंक ड्राफ्ट के साथ दो पासपोर्ट साईज फोटो, वैध चरित्र प्रमाण पत्र, स्थानीय निवास प्रमाण, पहचान पत्र एवं पैन कार्ड का छायाप्रति जमा करना आवश्यक होगा। हाट बाजार की बंदोबस्ती की अवधि एक वर्ष की होगी। सर्वोच्च डाक वक्ता को डाक समाप्ति के पश्चात् सम्पूर्ण डाक राशि का 50% राशि तत्काल तथा शेष 50% राशि अगले 6 माह के अन्दर जमा करना अनिवार्य होगा। डाक की बोली का अन्तर न्यूनतम 10000.00 (दस हजार) रूपये होगा।

विस्तृत आम सूचना के नियम व शर्तें पलामू NIC के वेबसाइट– www.palamu.nic.in / जिला परिषद के सूचना पट्ट / अनुमण्डल कार्यालय / प्रखण्ड कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है। विशेष जानकारी के लिए सम्पर्क संख्या– 7903556060 पर कार्यालय अवधि में जानकारी ली जा सकती है।

ह0 / –
उप विकास आयुक्त –सह–
मुख्य कार्यापालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, पलामू।

PR 308816 District(23-24)D

कार्यालय नगर परिषद्, चतरा।

पुराना कचहरी के समीप, चतरा (झारखण्ड)– 825401
दुरभाष : 06541–253030, ई–मेल : npchatra@gmail.com

पत्रांक–1438 / न0प0, दिनांक–11.10.2023

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद, चतरा क्षेत्रान्तर्गत वैसे रेस्टोरेंट मालिक, मकान मालिक, विवाह मंडप, होटल, लॉज, दुकानदार, आर0ओ0 प्लांट व्यवसायिक संगठन इत्यादि से अपील है कि बकाया होल्डिंग टैक्स एवं ट्रेड लाईसेंस का भुगतान अविलम्ब जनसुविधा केन्द्र (नगर परिषद, चतरा) में जमा करना सुनिश्चित करें अथवा suda.jharkhand.gov.in के माध्यम से Online जमा कर सकते है।

बकाया होल्डिंग टैक्स एवं ट्रेड लाईसेंस का ऑनलाईन एवं **JSK** केन्द्र में भुगतान करने पर विशेष छुट प्राप्त किया जा सकता है, जो निम्न प्रकार है:–

1. **General Citizens :-** online- rebate 5% एवं JSK केन्द्र में भुगतान करने पर 2.5% का छुट प्राप्त कर सकते हैं।
2. **Women/Sr. Citizen/Armed force/Transgender :-** online- rebate10% एवं JSK केन्द्र में भुगतान करने पर 7.5% का छुट प्राप्त कर सकते हैं।

झारखण्ड नगरपालिका सम्पत्ति कर (निर्धारण, संग्रहण और वसूली) नियमावली 2013 अधिसूचना संख्या–641, दिनांक–17.02.2014 सहपठित अधिसूचना संख्या–4353 एवं संशोधित नियमावली 2015 एवं 2016 के नियम 13 द्वारा नगर परिषद, चतरा क्षेत्रान्तर्गत सभी नागरिकों को अपने धृतिकर (Property Tax) का स्व–निर्धारण फार्म कार्यालय में जमा करना आवश्यक है, जिसके पश्चात हीं होल्डिंग संख्या कार्यालय द्वारा निर्गत किया जाता है। निरीक्षण के क्रम में Holding Number/Paper नही पाये जाने पर झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत उचित कार्रवाई करने के साथ Penalty लगाने का भी प्रावधान है। उल्लेखनीय है कि होल्डिंग संख्या के अभाव में आम सरकारी सुविधाओं से वंचित किया जा सकता है।

अधिक जानकारी के लिए नगर परिषद, चतरा के निम्नांकित कर संग्रहकर्त्ताओं से सम्पर्क कर सकते हैं।

क्र0	नाम	मोबाईल सं0	आवंटित वार्ड
01	श्री आनन्द कुमार, कर–संग्रहकर्त्ता	9939124269	01, 02, 03, 06, 12 एवं 13
02	श्री पवन कुमार, कर–संग्रहकर्त्ता	8709512695	04, 05, 09 एवं 10
03	श्री दिलीप साह, कर–संग्रहकर्त्ता	9304592943	07, 08, 17, 18 एवं 20
04	श्री विलेश कुमार, कर–संग्रहकर्त्ता	6200832645	11, 15 एवं 16
05	मो0 साजिद हुसैन, कर–संग्रहकर्त्ता	7033584982	14, 19, 21 एवं 22

नोटः– राजस्व कर जमा नहीं करने पर झारखण्ड नगरपालिका सम्पत्ति कर (निर्धारण, संग्रहण और वसूली) नियमावली 2013 के तहत विधिसम्मत कार्रवाई की जायेगी।

प्रशासक,
नगर परिषद्, चतरा।

PR 308837 Urban Development(23-24)D

गागर में सागर

आपूर्ति पदाधिकारी ने भंडरा आपूर्ति गोदाम, कार्यालय का किया निरीक्षण

भंडरा। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ज्ञान शंकर जायसवाल ने बुधवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखंड आपूर्ति कार्यालय एव गोदाम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान में डीएसओ ने विक्रेताओं का ऑनलाइन वितरण के आधार पर गोदाम में स्टॉक खद्दान्न का ब्योरा लिया। उन्होंने गोदाम के कर्मियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा की सभी डीलरों को सही मात्रा में वजन कर राशन दें। डीलर भी वजन करा केही राशन लें। निरीक्षण के दौरान प्रखंड के 48 डीलरों में 34 डीलरों को राशन भेजने की जानकारी जिला आपूर्ति को पता चली। उन्होंने निर्देश दिया कि दशहरा के बाद सभी बचे डीलर को राशन भेज दे। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने राशन वितरण प्रणाली के ढोने वाले वाहनों की संख्या की जानकारी ली और चालकों से पूछताछ की। आपूर्ति पदाधिकारी ज्ञान शंकर जसवाल का लोहरदगा आने के बाद ये पहला प्रखंड दौरा है। **कोताही पर सख़्त एक्शन की हिदायत :** जिला आपूर्ति पदाधिकारी ज्ञान शंकर जायसवाल ने पीडीएस डीलर को नियमित और सही राशन देने की सख़्त हिदायत देते हुए कहा कि राशन वितरण में किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीएसओ ने कहा कि मनमानी करने वाले पीडीएस दुकानदारों पर सख़्त एक्शन होगा। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने बामनडीहा राशन डीलर अनिता महिला मंडल पर जल्द जांच कर कार्रवाई की बात कही। मौके पर बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी आपूर्ति पदाधिकारी नवप्रभात कुजूर, भुवन लाल सहित अन्य कर्मी मौजूद थे।



'जतरा झारखंडी सभ्यता का धरोहर'

भंडरा। प्रखंड के वकील अंबवा गांव में ऐतिहासिक बघमरवा जतरा का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के दर्जनों गांव के खोड़हा समूह भाग लिया। मौके पर जतरा आयोजक प्रमोद उरांव ने कहा कि जतरा झारखंडी सभ्यता संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। जतरा में प्रदेश की संस्कृति का अनूठा झलक देखने को मिलता है। उन्होंने कहा कि आज झारखंडी पारंपरिक सभ्यता संस्कृति को बचाने की जरूरत है। इसके लिए युवाओं को पहल करनी होगी। बघमरवा जतरा में कोटा, धोबाली, पझरी, बिटपी, सेमरा, सोरन्दा, भौरों, नवडीहा, भंडरा, नवाटोली, मकुंदा, नगड़ी, सहित दर्जनों गांवों के खोड़हा समूह अपने पारंपरिक वेश-भूषा में जतरा में शामिल होकर नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। जतरा में मिठाई, खिलौने, श्रृंगार सामग्री व ईख की जम कर बिक्री हुई। इधर जतरा में दूर-दराज गांव से पहुंचे पहान-पुजार व खोड़हा समूहों को आयोजन समिति द्वारा नकद राशि देकर सम्मनित किया गया। जतरा के आयोजन में संयोजक प्रमोद उरांव, भुनेश्वर उरांव, महेश उरांव, सुरेंद्र उरांव, बंधू उरांव, मंगरा उरांव, वीरेंदर उरांव का योगदान रहा।

जिला स्तरीय मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक में लिए गए कई अहम निर्णय

लोहरदगा। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा राजेंद्र बहादुर पाल के अध्यक्षता में जिला स्तरीय मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक पीडीजे चेंबर में की गई। इसमें उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्णा, पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, डॉक्टर चंदन, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार, सिविल कोर्ट के निबंधक, राज कल्याण, लोक अभियोजक मिनी लकड़ा, सिविल सर्जन, जेल अधीक्षक, भवन निर्माण के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर, कार्यपालक अधिकारी, मुख्यालय पुलिस उपाधीक्षक समेत अन्य लोग उपस्थित रहे। बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। न्यायालय में लंबित वादों के त्वरित निष्पादन हेतु कई दिशा निर्देश जारी किए गए। 'न्याय सदन' डालसा कार्यालय के निर्माण को लेकर विचार विमर्श किया गया। पीड़ित प्रतिकर के रूप में चार केसों पर विचार करते हुए कुल 12 लाख रुपए मुआवजा दिए जाने को लेकर निर्णय किया गया। नालसा द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कारा में बंद कैदियों को जमानत पर छोड़े जाने को लेकर के चर्चा की गई। इसके अलावा झालसा रांची के निर्देश में चलाए जा रहे 100 दिवसीय विशेष जागरूकता सह आउटरीच कार्यक्रम की प्रगति को लेकर चर्चा की गई।

कस्तूरबा गांधी सीएम स्कूल ऑफ एक्सिलेंस में जागरूकता रैली का आयोजन

बालिका शिक्षा को समर्पित है किशोरी समृद्धि योजना : डीसी

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर कस्तूरबा गांधी सी एम स्कूल ऑफ एक्सिलेंस न्यू रोड लोहरदगा में समाज कल्याण विभाग लोहरदगा की ओर से राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के प्रचार- प्रसार एवं जागरूकता हेतु बालिकाओं के द्वारा जागरूकता रैली आयोजन किया गया। रैली कस्तूरबा स्कूल से नगरपालिका कार्यालय, भारतीय स्टेट बैंक, सोमार बाजार, पावरगंज चौक से न्यू रोड होते हुए पुनः विद्यालय परिसर में पहुंचकर सभा में परिवर्तित हो गया। कार्यक्रम की शुरूआत उपायुक्त डॉक्टर वाघमारे प्रसाद कृष्ण व अन्य द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि आज स्कूली बालिकाओं के उमंग एवं उत्साह को देखकर बचपन के स्कूल दिनों की याद ताजा हो जाती है। आज खासकर इस विद्यालय को देखकर गर्व महसूस हो रहा है कि सरकारी विद्यालय भी सही दिशा एवं छात्राओं के उज्जवल भविष्य की ओर ले जा रहा है। उपायुक्त ने कहा कि बालिकाओं के शिक्षा के लिए समर्पित योजना सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना एक महत्वाकांक्षी योजना है जिसमें बालिकाओं को मिलने वाली राशि के साथ महत्वपूर्ण

यह है कि आपका हौसले कितने मजबूत इस योजना ने किए।

उपायुक्त ने सावित्रीबाई फुले के संबंध में कहा कि वह भारत की पहली महिला शिक्षिका थीं जिन्होंने महिलाओं के शिक्षा के लिए प्रथम महिला विद्यालय महाराष्ट्र के पूणे जिले में भिड़ेवाडा नामक स्थान में खोली। उस वक्त सावित्री बाई फुले मात्र 17 वर्ष की थी और ज्योतिबा फुले की उम्र 22 वर्ष थी। उपायुक्त ने फूले दंपती के आदर्श थॉमस पैन द्वारा फ्रांस की क्रांति से संबंधित समानता, स्वतंत्रता और बंधुता जैसे उद्दत आदर्श दुनिया को दिया। फूले ने भी माना की दुनिया में स्वतंत्रता, समानता और बंधुता आदर्श बनी रहेगी। सावित्रीबाई फुले, ज्योतिबा फुले के साथ महिला शिक्षा हेतु भिंडेवाड़ा पुणे में जब स्कूल खोली तो लोग महिला अकृत्य कार्य समझकर उनके ऊपर कीचड़ फेंकते थे वैसी स्थिति में साथ में अन्य साफ कपड़े साड़ी रखती थी जिसे बदलकर विद्यालय में पढाने का कार्य की। आज उनके कार्य के प्रति पूरा राष्ट्र नतमस्तक है। उपायुक्त ने संबोधन में कहा कि इतिहास से प्रेरणा लेकर आप भी शिक्षा प्राप्त करें और आगे बढ़े। आप शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं तो आगे जाकर कुछ ना कुछ अवश्य करेंगे किंतु समाज में अगर छूटे हुए साथी हैं तो उन्हें जरूर प्रेरित करें और शिक्षा प्राप्त करने के लिए जागरूक करने के लिए इन्हें आगे लाए।

जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की लड़कियां अपनी आर्थिक सामाजिक परेशानियों के कारण अच्छी शिक्षा ले नहीं पाती। उन्हें इस योजना से जुड़ने से अच्छी शिक्षा प्राप्त करने का अवसर प्राप्त होगा वह भी किसी से कम नहीं रहेंगी उनकी समस्या समाधान हो पाएगा। ग्रामीण क्षेत्र की बालिकाएं भी अब आगे बढ़ पाएंगी। आप मेहनत करें और निर्वाध आगे बढ़ें। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा ने स्वागत संबोधन में कहा कि सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से लड़कियों के शिक्षा में रुकावट नहीं होगी अतः आप सभी उच्च शिक्षा जरूर प्राप्त करें। विद्यालय ना छोड़े, बाल विवाह न करे शिक्षा में रुकावट ना हो एवं बाल विवाह रोकना, योजना का मुख्य उद्देश्य है। समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा ने कहा कि बालिकाओं को योजना से मिलने वाली 40000 रुपये उन्हें शिक्षा प्राप्त करने, बाल विवाह रोकने तथा आगे पढ़ने में कोई रुकावट उत्पन्न होने नहीं देगी। छात्राओं द्वारा पर्यावरण संरक्षण से संबंधित गीत/नृत्य प्रस्तुत किया गया। अमित बैंड द्वारा छात्राओ के समक्ष देशभक्ति एवं प्रगतिशील गीत प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी,पर्यवेक्षिका,शिक्षिका सहित छात्राएं उपस्थित थीं। धन्यवाद ज्ञापन प्रधानाचार्य द्वारा दी गई।

सांस्कृतिक आदान-प्रदान कर लौटे युवा, हुआ स्वागत

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

158 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल एवं नेहरू युवा केंद्र लोहरदगा के सौजन्य से सांस्कृतिक आदान-प्रदान हेतु 15 वे आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम की शुरुआत 30 सितंबर को लोहरदगा से की गई थी, जिसमें लोहरदगा जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों से 260 बच्चों को देश के विभिन्न हिस्से में भेजे जाने की योजना है। इस कार्यक्रम के प्रथम चरण में 20 युवाओं का दल, जिसमें 10 लड़के एवं 10 लड़कियां शामिल थीं।

उत्तराखंड राज्य के देहरादून जिले में 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक आदिवासी युवा आदान प्रदान कार्यक्रम में भाग लेने के लिए भेजे गए थे। इस दौरान इन बच्चों ने देहरादून के विभिन्न हिस्सों में भ्रमण किया तथा अन्य क्षेत्रों से आए हुए बच्चों के साथ विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया। कार्यक्रम पूर्ण करने के उपरांत यह दल वापस लोहरदगा पहुंचा तथा 158 बटालियन सीआरपीएफ तथा नेहरू युवा केंद्र द्वारा स्वागत किया गया। इस दौरान राहुल कुमार कमांडेंट द्वारा आदिवासी युवाओं को इस कार्यक्रम में प्राप्त अनुभव के बारे में पूछने पर उन्होंने बताया कि इससे उन्हें बहुत कुछ सीखने एवं देखने का मौका मिला है तथा यह बच्चे काफी उत्साहित भी दिखे। उन्होंने इस पूरे कार्यक्रम की काफी प्रशंसा की।

कमांडेंट द्वारा यह भी बताया गया कि इस प्रकार के कार्यक्रम से बच्चों में देशभक्ति, राष्ट्रप्रेम की भावना उत्पन्न होती है तथा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति स्थापना में काफी मदद मिलती है क्योंकि यहां के युवा भारत के क्षेत्रों जाकर वहां के बारे में जान पाते हैं। साथ ही इन बच्चों ने ट्रेडिशनल डांस कंपटीशन में तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने वाले युवाओं को उनके प्रोत्साहन हेतु नेहरू युवा केंद्र के द्वारा प्रशस्ति प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया।

भंडरा में सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाए जाएंगे आगामी त्योहार

नवीन मेल संवाददाता। भंडरा

शरदीय नवरात्र एवं दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक भंडरा थाना परिसर में सीओ दिनेश कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। शारदीय नवरात्र एवं दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण माहौल में सांप्रदायिक सौहार्द के साथ मनाने की बात सभी शांति समिति सदस्यों ने कहा। सरकार व जिला प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन दुर्गा पूजा आयोजन समिति एवं दशहरा मेला के आयोजकों के द्वारा करने की बात कही गई। मौके पर प्रशासनिक पदाधिकारी ने कहा कि हम सभी को भंडरा के सांप्रदायिक सौहार्द को बनाए रखने के लिए एकजुट रहना है एवं सांप्रदायिक तत्वों का मुकाबला मिल कर करना करना है। सोशल मीडिया पर प्रशासन का विशेष निगाह रहेगी। सोशल मीडिया पर मैसेजों का आदान-प्रदान सोच समझ कर करें। सांप्रदायिक माहौल को बिगड़ने का प्रयास करने वाले और असामाजिक तत्वों पर प्रशासन का कड़ी

निगाह रहेगी और ऐसे तत्वों पर कड़ी से कड़ी करवाई की जाएगी। दशहरा पर लगाए जाने वाले मेला एवं पूजा पंडालो में शांति व्यवस्था रखने की मांग शांति समिति के सदस्यों के द्वारा की गई। बैठक मेंबीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा, थाना प्रभारी गौतम कुमार, प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डॉ संजय, मुखिया इंद्रदेव उरांव, परमेश्वर महली, बालकृष्णा सिंह, ईश्वरी मोहन शर्मा, आकाश यादव, मंसूर अंसारी, लखन लोहारा, रहमान खान, परवेज अंसारी, परवेज मिरदाहा, विवेक सोनी, अनुराग तिवारी आदि उपस्थित थे।

भाईचारा के साथ मनायें पर्व : बीडीओ

किस्को अंचल क्षेत्र में आगामी त्योहरों को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

नवीन मेल संवाददाता। किस्को

उपायुक्त डॉक्टर वाघमारे प्रसाद कृष्ण एवं पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां के आदेशानुसार जिले के किस्को अंचल पुलिस निरीक्षक के कार्यक्षेत्र अंतर्गत किस्को थाना, अति सुदूरवर्ती एवं घोर नक्सल प्रभावित पेशरार एवं जोबांग और बगडू थाना में आगामी दुर्गा पुजा, दीपावली और छठ पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक हुई।

इस बीच किस्को थाना परिसर में प्रभारी बीडीओ सह प्रभारी सीओ अभिनीत कुमार सूरज की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। वहीं नक्सल प्रभावित पेशरार थाना परिसर में प्रमुख सीता देवी और जोबांग थाना परिसर में थाना प्रभारी शशि शेखर की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। इसी तरह बगडू थाना

परिसर में थाना प्रभारी पंकज कुमार शर्मा की अध्यक्षता में बैठक की गई। इस दौरान लोगों ने शांति, सौहार्द और आपसी भाईचारा के साथ त्योहार मनाने का निर्णय लिया। किस्को अंचल पुलिस निरीक्षक मंटू कुमार ने कहा कि भ्रामक अफवाहों से बचें। यदि कहीं से ऐसी सूचना मिले तो तत्काल इसकी सूचना स्थानीय थाना पुलिस को दें। उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान पूर्ण शराबबंदी रहेगी। वहीं असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखी जाएगी, त्योहार के दौरान हुड़दंग व अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। बीडीओ सह सीओ अभिनीत कुमार सूरज ने कहा कि किस्को और पेशरार क्षेत्र के लोग पूर्वज काल से ही आपसी भाईचारा के साथ सभी त्योहार मनाते आये हैं जिसे आगामी दुर्गा पुजा में भी बरकरार रखते हुए मिलजुलकर मनायें और गंगा जमुनी तहजीब को बढ़ावा दें। डीजे पर साउंड लिमिट पर रखकर बजायें जिससे किसी को कोई परेशानी उत्पन्न न हो। मौके पर पेशरार थाना प्रभारी मोहम्मद अख्तर अली, किस्को थाना प्रभारी पोलीकार्प टोप्पो, सब इंस्पेक्टर सुखराम उरांव, एएसआई अविनाश कुमार सिंह, विश्वनाथ प्रसाद गुप्ता, नुसरत अंसारी, इसहाक अंसारी, कबीर अंसारी, उल्फत अंसारी, प्रकाश कुमार, राजेंद्र यादव, रौनक इकबाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

वाहनों से जबरन चंदा न लेने की हिदायत

नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा

आगामी दशहरा पर्व को लेकर सेन्हा थाना परिसर में आयोजित शांति समिति का बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी के अध्यक्षता में हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा ने रावण दहन की भी जानकारी ली। साथ ही दुर्गा पूजा पंडाल में पूजा के दौरान विधि व्यवस्था कायम रखने को लेकर सुझाव दिया गया। वहीं पूजा के दौरान भड़काऊ और अभद्र गाना बजाने तथा असमाजिक तत्वों पर नजर बनाए रखने की बात कही गई।

इसके अलावे ड्रोन कैमरा और सीसीटीबी कैमरा से भीड़ पर निगरानी रखने का पूजा कमेटी को निर्देश दिया गया। इसके अलावा किसी वाहन चालक से जबरन चंदा नहीं लेने की हिदायत दी गई। दान को स्वीकार

करने की बात कही गई। वहीं थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने सभी दुर्गा पूजा कमेटी के पदाधिकारियों व सदस्यों से क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश देते हुए प्रशासन से सहयोग लेने की बात कही गई। साथ ही अष्टमी एवं नवमी को विधि व्यवस्था बनाए रखने पर जोर दिया गया। सभी पंडाल के आसपास बालू रखने की बात कही गई। विजयादशमी के दिन भारी वाहनों के परिचालन पर रोक लगाने पर चर्चा की गई। मौके पर जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की, बीडीओ अशोक चोपड़ा, थाना प्रभारी अभिनव कुमार, एसआई गणेश यादव, मुखिया धनवाज उरांव, प्रमोद महतो, विहिप जिलाध्यक्ष रामलखन प्रसाद, मुनेश्वर साहू, इम्तियाज अंसारी कसमुल अंसारी, मुख्तार अंसारी, मिथलेश मिश्रा, जयनाथ साहू आदि उपस्थित थे।

विषैला पदार्थ खाने से लड़की की हालत बिगड़ी, रिम्स रेफर

कुडू। कुडू थाना क्षेत्र के कुडू नावाटोली में मंगलवार की रात को कोई विषैला पदार्थ खा लेने से एक नाबालिग लड़की की हालत गंभीर हो गई। कुडू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक इलाज के बाद उसे रांची रेफर कर दिया गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नावाटोली निवासी दिलीप उरांव की पुत्री अनुजा उरांव 16 वर्ष ने किसी विषैली वस्तु का सेवन कर लिया था। स्थिति बिगड़ने पर परिजनों द्वारा सिएचसी कुडू लाया गया। हलांकि किस प्रकार के विषैले पदार्थ सेवन किया था और किस परिस्थिति में सेवन किया था लड़की की स्थिति नाजुक होने के कारण इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है।

दुर्गा पूजा को लेकर प्रखंड स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित

नवीन मेल संवाददाता। कैरो

थाना परिसर कैरो में बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो, अंचलाधिकारी कमलेश उरांव, थाना प्रभारी शंखनाथ उरांव की संयुक्त अगुवाई में महापर्व दुर्गा पूजा को लेकर प्रखंड स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई।

प्रखंड प्रमुख श्रीराम उरांव ने कहा कि पहले की तरह ही आगे भी उसी प्रेम और आपसी भाईचारे के साथ मिलजुलकर त्योहार मनाएं। महतो ने कहा कि सभी दुर्गा पूजा समिति पूजा स्थलों पर सीसीटीवी कैमरा लगाएं तथा वॉलेंटियर बनायें जो शांति व्यवस्था बनाये रखने में मदद करेंगे। साथ ही साथ सरकार की गाइडलाइन का पालन करें। थाना प्रभारी संखनाथ उरांव ने कहा कि कोई अनहोनी होने पर तुरंत ही प्रशासन को सूचित करें। मौके पर उप प्रमुख मधुलिका रानी, एसआई संतोष कुमार, एएसआई संजय कुमार राय, मां अम्बे दुर्गा पूजा समिति कैरो के अध्यक्ष, प्रखंड बीससूत्री सदस्य, पूर्व पंचायत समिति सदस्य शरत विद्यार्थी, सचिव शंभु सोनी, बजरंग साहू, रिंकू साहू, राज साहू, विजय सिंह, विकास भगत, मोहन साहू, अवध साहू, मुखिया अरविंद उरांव, परवीन साहू, बलराम साहू, महताब आलम, जमील अख्तर, इम्तियाज अंसारी, मोजहिर अंसारी आदि उपस्थित थे।

कार्यक्रम मारवाड़ी युवा मंच के कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर में बोले एसडीओ

दिव्यांगजन अब स्वावलंबी व आत्मनिर्भर बन सकेंगे

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

मारवाड़ी युवा मंच के कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर में बतौर मुख्य अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल उपस्थित हुए और विशिष्ट अतिथि के रूप में मारवाड़ी युवा मंच झारखंड प्रांत के प्रांतीय अध्यक्ष अरुण गुप्ता का आगमन हुआ। साथ में प्रांतीय महामंत्री सार्थक अग्रवाल, प्रांतीय उपाध्यक्ष विक्रम शर्मा, प्रांतीय संयोजक जय प्रकाश शर्मा, शाखा अध्यक्ष चंदन राजगढ़िया का सबसे पहले शाखा पदाधिकारियों के द्वारा पुष्प गुच्छ दे कर स्वागत किया गया।

अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल ने शिविर में आए हुए

सभी दिव्यांग जनों को कृत्रिम अंग प्रदान किया और कहा कि अब आपलोग भी आत्मनिर्भर बन गए हैं। आज से आपको किसी सहारे की जरूरत नहीं पड़ेगी। मंच के कार्यों की जितनी प्रशंसा की जाय वो कम है, मुझे याद है कि कोरोना काल में भी जय प्रकाश शर्मा के नेतृत्व में मंच के युवाओं ने आम जनों की भरपूर सेवा की थी। हर सेवा क्षेत्र में मंच अग्रणी रहा है। मेरी शुभकामनाएं हमेशा इन युवाओं के साथ है। प्रांतीय अध्यक्ष ने अपने वक्तव्य में कहा कि मेरा लोहरदगा पहली बार आना हुआ है, यहां का मौसम और प्रकृति सौंदर्य अतुलनीय है। उन्होंने झारखंड प्रांत में चल रहे विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी, झारखंड में मंच की 86 शाखाएं नित्य नए आयाम जोड़ रही है लेकिन लोहरदगा जैसे छोटे जिले में इतना कुछ करना बहुत बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने मंच अध्यक्ष चंदन राजगढ़िया के प्रयासों की भी प्रशंसा की। महामंत्री सार्थक अग्रवाल और उपाध्यक्ष विक्रम शर्मा ने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी कि दीपावली में पूरे झारखंड में गरीब परिवारों के बीच एक लाख से ज्यादा मिठाई के डब्बों के वितरण का लक्ष्य है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंच अध्यक्ष चंदन राजगढ़िया, सिटी मैनेजर विजय कुमार, मारवाड़ी सम्मेलन अध्यक्ष दीपक सराफ, मारवाड़ी महिला सम्मेलन अध्यक्ष ममता बंका, मारवाड़ी पंचायत के संदीप पोद्दार, राकेश शर्मा, समाज सेवी सुमित राय, महिला समिति की पूर्व अध्यक्ष शकुंतला राजगढ़िया, निवर्तमान अध्यक्ष निशांत सराफ, सचिव अशीष पोद्दार, उपाध्यक्ष अभिषेक पोद्दार, कोषाध्यक्ष मयंक मोदी, मनीष राजगढ़िया, संजय सराफ, अनुराग पोद्दार, प्रतीक पोद्दार, कन्हैया राजगढ़िया, विनायक केडिया, सचिन पोद्दार, आशीष अग्रवाल, निखिल बर्मन, चिंटू तमेड़ा, मिथलेश कुमार, शशांक बर्मन, निलेश गुप्ता आदि मौजूद थे।

इनामी फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

किस्को प्रखंड के ग्राम हिसरी में नेहरू युवा क्लब के तत्वावधान तीन दिवसीय इनामी फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन हुआ। इसमें कुल 32 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबला कल्हेपाट एवं हिसरी की टीम के बीच खेला गया, जिसमें कल्हेपाट की टीम 2 - 0 से विजयी रही। समापन समारोह के मुख्य अतिथि किस्को प्रखंड जिला परिषद सदस्य संदीप कुमार, नेहरू युवा क्लब के मुख्य संरक्षक नेसार अहमद, विशिष्ट अतिथि किस्को प्रखंड प्रमुख सुचित्रा भगत, लोहरदगा जिला कांग्रेस के महासचिव सलीम अंसारी, अल्पसंख्यक कांग्रेस अध्यक्ष मुजम्मिल अंसारी, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष विनय उरांव, अंसार अहमद, रौनक इकबाल, गुलाम

जिलानी एवं हरि भगत का आयोजन समिति एवं स्थानीय ग्रामीणों द्वारा स्वागत किया गया। विजेता एवं उपविजेता समेत कुल आठ टीमों को अतिथियों के द्वारा नकद राशि एवं खस्सी देकर पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि संदीप कुमार ने कहा कि फुटबॉल का खेल इस क्षेत्र में काफी लोकप्रिय है। यदि खिलाड़ी इसे फीफा के नियमों एवं अनुशासित ढंग से खेलेंगे और निरंतर अभ्यास करेंगे तो निश्चित रूप से सफलता मिलेगी। नेहरू युवा क्लब के मुख्य संरक्षक नेसार अहमद ने कहा कि इस तरह के खेल के आयोजन से ग्रामीण स्तर पर सामाजिक सद्भाव और सौहार्द बढ़ता है। मौके पर सैफ अहमद, राकेश महतो, अरशद, अयूब, नौशाद अहमद, मुस्ताक अहमद, मीर रिजवान समेत समेत हजारों की संख्या में ग्रामीण और दर्शक उपस्थित थे।

युद्ध के बीच इजरायली करेंसी में आई भारी गिरावट

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में इजरायल और फिलिस्तीन के बीच बुधवार 5वें दिन भी युद्ध जारी है। हमास के हमले के बाद शुरू हुए इस युद्ध का फिलहाल कोई समाधान नहीं नजर आ रहा है। इस बीच इजरायल की करेंसी शेकेल को तगड़ा नुकसान हुआ है और उसकी वैल्यू कई सालों के निचले स्तर पर आ गई है। एक रिपोर्ट के अनुसार, सोमवार यानि 9 अक्तूबर को इजरायल की करेंसी शेकेल में 2.5 फीसदी से ज्यादा की गिरावट आई थी।

इन्वेस्टर्स को रिटर्न देने में आगे हैं ये 5 आईटी कंपनियां

नई दिल्ली। शेयर बाजार में निवेश करने वाले निवेशकों को कई तरह से कमाई होती है। शेयरों के भाव में आने वाली तेजी के अलावा कंपनियां अपने शेयरहोल्डर्स को डिविडेंड और बायबैक के जरिए रिटर्न देती हैं। आंकड़े बताते हैं कि इन तरीकों से शेयरहोल्डर्स को रिटर्न देने में आईटी कंपनियां काफी आगे हैं। फाइनेंशियल एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट के अनुसार, टॉप-5 लिस्टेड आईटी कंपनियों ने लाभांश और शेयरों की पुनर्खरीद के जरिए पिछले चार वित्त वर्ष के दौरान अपने शेयरहोल्डर्स को 3.28 लाख करोड़ रुपये लौटाए हैं। पांचों टॉप आईटी कंपनियों को औसत पेआउट 79.6 फीसदी है। आपको बता दें कि शेयर बाजार में लिस्टेड पांच बड़ी आईटी कंपनियां टीसीएस, इंफोसिस, विप्रो, टेक महिंद्रा और एचसीएल टेक हैं। इनमें टीसीएस सबसे बड़ी कंपनी है, जो घरेलू शेयर बाजार की सभी कंपनियों में बाजार पूंजीकरण के हिसाब से दूसरे नंबर पर है और सिर्फ रिलायंस इंडस्ट्रीज से ही पीछे है। आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2018-19 से वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान टीसीएस ने डिविडेंड के रूप में शेयरहोल्डर्स को 1,17,087 करोड़ रुपये का भुगतान किया है। वहीं कंपनी ने इस दौरान 50 हजार करोड़ रुपये के शेयरों की पुनर्खरीद की है। इस तरह टीसीएस 94 फीसदी के पेआउट रेशियो के साथ शेयरहोल्डर्स को रिटर्न देने में सबसे आगे है। दूसरे नंबर पर इंफोसिस है, जिसने पिछले 4 वित्त वर्ष के दौरान 58,131 करोड़ रुपये का डिविडेंड दिया है और 26,756 करोड़ रुपये के शेयरों की पुनर्खरीद की है। इंफोसिस का पेआउट रेशियो 87 फीसदी है। 72.5 फीसदी के पेआउट रेशियो के सथ टेक महिंद्रा तीसरे स्थान पर है, जिसने आलोच्य अवधि में 14,832 करोड़ रुपये का डिविडेंड दिया है और 1,956 करोड़ रुपये की पुनर्खरीद की है। पिछले 4 वित्त वर्षों में एचसीएल टेक ने 30,045 करोड़ रुपये का डिविडेंड दिया है, जबकि 4000 करोड़ रुपये के शेयरों की पुनर्खरीद की है। कंपनी का पेआउट रेशियो 56.1 फीसदी है। वहीं विप्रो ने इस दौरान 5,393 करोड़ रुपये के डिविडेंड के साथ-साथ 20 हजार करोड़ रुपये के शेयरों की पुनर्खरीद की है। विप्रो का पेआउट रेशियो 47.8 फीसदी है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा
e-mail ID : eedwsd.lohardaga1@gmail.com

सूचना

इस कार्यालय का ई प्रोक्योरमेंट अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 – 06/2022–23, तृतीय आमंत्रण जिसका PR no. 305174 (Lohardaga)23-24*D है, को अपिरहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

क्र0	कार्य का नाम	ग्रुप संख्या
1	ग्राम बाण्डी में सौर उर्जा आधारित जलापूर्ति योजना का निर्माण कार्य	LOH/ITDA/02
2	ग्राम जोरी के नावाटोली में सौर उर्जा आधारित जलापूर्ति योजना का निर्माण कार्य	LOH/ITDA/07

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,
लोहरदगा

PR 308897 (Lohardaga) 23-24 (D)

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

आवश्यक सूचना
(लापता ममता देवी उम्र–19 वर्ष)

रमना थाना सनहा सं0–33/2023 दिनांक–06.10.2023 में लापता महिला ममता देवी, उम्र करीब–19 वर्ष, पति–पवन पासवान, सा0–सुकना, थाना–जपला, जिला–पलामू की रहने वाले हैं। जो वर्तमान में अपने पिता रामनाथ राम, सा0+पो0+थाना–रमना, जिला गढवा के मकान में 03 सालों से रह रही थी जो दिनांक–01.10.023 को रात्री करीब 12:00 बजे बिना बताये कहीं चली गयी है, जो अभी तक घर वापस नहीं आयी है। इनके परिवार के द्वारा काफी खोजबीन किया गया। परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लापता ममता देवी का किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

हुलिया:–
नाम– ममता देवी, ग्राम–सुकना, थाना–जपला, जिला–पलामू।
रंग–हल्का सावला,
पहनावा–मटमैले रंग का सलवार सूट।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR 308851 Police (23-24)_D

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

आवश्यक सूचना।
(लापता रेशमी कुमारी, उर्फ रेशमी कुमारी उम्र–14 वर्ष)

धुरकी थाना कांड सं0–90/2020, दिनांक–27.08.2023, धारा–366(A) भा0द0वि0। में लापता लड़की रेशम कुमारी उर्फ रेशमी कुमारी, उम्र करीब–14 वर्ष,, सा0–रक्सी, टोला–पचफेड़ी, थाना–धुरकी, जिला–गढवा की रहने वाले हैं। जो लापता है, अभी तक वापस नहीं आए है। इनके परिवार के द्वारा काफी खोजबीन किया गया। परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लापता रेशम कुमारी, उर्फ रेशमी कुमारी उम्र करीब–14 वर्ष, थाना–भण्डरिया, जिला–गढवा का किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

हुलिया:–
नाम– रेशम कुमारी,
ग्राम–रक्सी, थाना–धुरकी
रंग–गोरी
पहनावा–स्कूल ड्रेस

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा

PR 308847 Police(23-24)#D

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा।

आवश्यक सूचना।
(लापता पुजा कुमारी उम्र–14 वर्ष)



भण्डरिया थाना कांड सं0–85/2020, दिनांक–02.12.2020, धारा–366(A) भा0द0वि0। में लापता लड़की पुजा कुमारी, उम्र करीब–14 वर्ष, पे0–माला साव, सा0–भण्डरिया, थाना–भण्डरिया, जिला–गढवा की रहने वाले हैं। जो मनोज तुरी, पे0–राजकुमार तुरी, सा0–कुरून थाना–भण्डरिया, के द्वारा बहला–फुसला कर भगा ले जाने कि बात प्रकाश में आई है। जो अभी तक वापस नहीं आए है। इनके परिवार के द्वारा काफी खोजबीन किया गया। परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लापता पुजा कुमारी, उम्र करीब–14 वर्ष, पे0–माला साव, थाना–भण्डरिया, जिला–गढवा का किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

हुलिया:–
नाम– पुजा कुमारी,
ग्राम–कुरून, थाना–भण्डरिया,

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा।

PR 308846 (Police) 23-24 (D)

झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
जिला नियोजनालय, लातेहार

सुनहरा अवसर — सुनहरा अवसर — सुनहरा अवसर

Placement Drive 2023

झारखण्ड राज्य के युवक / युवतियों की निजी क्षेत्र के कम्पनियों / प्रतिश्ठानों / संस्थानों में रोजगार के सुनहरा अवसर को प्रदान करन हेतु जिला नियोजन कार्यालय, लातेहार के द्वारा एक दिवसीय **Placement Drive** का आयोजन दिनांक: 16.10.2023 दिन– सोमवार को पूर्वाह्न 10:30 बजे से 4:00 बजे अपराह्न तक जिला खेल स्टेडियम, लातेहार परिसर में आयोजित किया जा रहा है।

इस मेले में कम्पनियों/प्रतिष्ठानों/संस्थानों से विभिन्न पदों हेतु रिक्तियाँ प्राप्त हो रही है। अन्य कम्पनियों/प्रतिष्ठानों/संस्थानों से लगातार सम्पर्क स्थापित की जा रही है, ताकि ज्यादा से ज्यादा विभिन्न पदों हेतु रिक्तियाँ प्राप्त हो, जिस से बेरोजगार युवक/युवतियों को ज्यादा से ज्यादा रोजगार पाने का अवसर प्रदान किया जा सके। उक्त मेले में झारखण्ड राज्य में निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियमावली 2022 के प्रावधानों का अनुपालन किया जायगा। इस मेले में भाग लेने हेतु निम्न दस्तावेजों की आवश्यकता होगी :–

1. झारखण्ड राज्य के किसी भी नियोजनालय में निबंधित नियोजन कार्ड।
2. शैक्षणिक योग्यता से संबंधित कागजातों की छायाप्रति।
3. 2 कॉपी फोटो
4. आधार कार्ड की छाया प्रति
5. स्थानीय निवास प्रमाण पत्र
6. जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति
7. बायोडाटा की दोकॉपी

इच्छुक उम्मीदवार उपरोक्त दस्तावेजों के बिना भाग नहीं ले सकते हैं। जो अपना निबंधन नियोजनालय में नहीं कराये हैं, वे अपना निबंधन ऑनलाईन विभाग के अधिकृत वेबसाईट https://rojgar.jharkhand.gov.in पर स्वयं कर सकते हैं या नियोजन कार्यालय/प्रज्ञा केन्द्रों में उपस्थित हो कर करालें।

लातेहार जिला के तमाम युवक/युवतियों से अपील है कि वे इस रोजगार मेला में भाग ले एवं अपनी योग्यता/इच्छानुरूप रोजगार पाकर अपने भविष्य को स्वर्णिम बनायें।

नोट : विशेष जानकारी के लिए जिला नियोजन कार्यालय, लातेहार से सम्पर्क स्थापित कर सकते है।
आपके उजवल भविष्य के शुभ कामानाओं के साथ

निवेदक,
जिला नियोजन पदाधिकारी,
लातेहार

PR 308881 Labour Employment and Traning (23-24)_D

उपायुक्त -सह- जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा
(खनन शाखा)

ज्ञापंक ..... /एम0 दिनांक .....

लोहरदगा जिला के लोहरदगा अंचल अन्तर्गत मौजा खखपरता एवं बाघा के विभिन्न स्थलों पर भण्डारित बालू खनिज का आम निलामी हेतु सूचना :–

एतद् द्वारा सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि "झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली 2004 यथा संशोधित 2019 के नियम 54A के प्रावधानों के तहत् लोहरदगा जिलान्तर्गत लोहरदगा अंचल के मौजा खखपरता एंव बाघा के विभिन्न स्थलों पर जप्त बालू लगभग 12000 घनफीट का नीलामी दिनांक 18.10.2023 को समय 01:00 बजे अपराह्न में लोहरदगा समाहरणालय के सभाकक्ष में लोक निलामी के माध्यम से कराई जाएगी।

खनिज की विवरणी निम्नवत है :–

क्रम	अंचल	खनिज भण्डारण स्थल की विवरणी	भण्डारित खनिज की मात्रा लगभग (घनफीट में)	सुरक्षित जमा राशि (रूपया में)	सुरक्षित जमा राशि का 10% प्रतिभूति राशि (रूपया में)
1	2	3	4	5	6
1	लोहरदगा	खखपरता मन्दिर के मुख्य द्वार के सामने पश्चिम	4000	44515.00	4452.00
2	लोहरदगा	बाघा चौक अवस्थित मन्दिर के पूरब 1000 घनफीट	8000	89030.00	8903.00
		बाघा चौक से मन्हो जाने वाला रास्ता में भंडू टोली सखुवा बगीचा के पास 3000 घनफीट			
		बाघा नवाटोली में रोड से दक्षिण लगभग 1000 घनफीट			
		बाघा छापरटोली में कोयल नदी जाने वाले रास्ता में दो जगहो पर 3000 घनफीट			

नोट :– लोक–नीलामी की प्रक्रिया एवं शर्तें जिला के वेबसाईट lohardaga.nic.in पर देखा जा सकता है।

ह/0
उपायुक्त, लोहरदगा

PR 308910 Lohardaga(23-24)#D

कार्यालय नगर परिषद्, चतरा
पुराना कचहरी के समीप, चतरा (झारखण्ड)– 825401
दुरभाष : 06541–253030, ई-मेल : npchatra@gmail.com

आम सूचना
"स्वच्छ पूजा पंडाल प्रतियोगिता–2023"

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि भारत सरकार की महत्त्वकांक्षी योजना "स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 के अन्तर्गत आगामी "स्वच्छ सर्वेक्षण–2024" को देखते हुए दुर्गा पूजा 2023 के अवसर पर "स्वच्छ पूजा पंडाल प्रतियोगिता" के माध्यम से पूजा पंडालों के द्वारा स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने का कार्य किया जाना है। पूजा एवं त्योहारों के अवसर पर श्रद्धालुओं की भीड़ एवं पंडालों के इर्द–गिर्द ठोस अपशिष्ट का बढ़ना आम बात है, जिसको कम करने का उत्तरदायित्व आम नागरिकों का भी है। उक्त प्रयास में आगामी दुर्गा पूजा में आम जनता की भागेदारी सुनिश्चित करने हेतु "स्वच्छ पूजा पंडाल प्रतियोगिता" का आयोजन करने का निर्णय लिया गया है। निकाय अन्तर्गत आने वाले पूजा पंडालों की स्वच्छता का मूल्यांकन दिनांक–20 से 24 अक्टूबर 2023 के दौरान निकाय द्वारा गठित टीम/समिति के द्वारा नीचे दिए गए तालिका में अंकित मापदण्डों के आधार पर किया जायेगा। मानदण्ड निम्नवत है:–

क्र0	मापदण्ड	अधिकतम अंक
01	पूजा पंडाल/प्रतिमा निर्माण सामग्री में प्रकृति संरक्षण की झलक।	10
02	पूजा पंडालों में कागज, पत्ता, जुट या किसी बायोडिग्रेडेबल सामग्री से बने सामग्री का उपयोग।	10
03	पूजा पंडाल/परिसर में पेयजल, सरबत पीने के लिए Reusable ग्लास या कागज का ग्लास का उपयोग।	10
04	पूजा पंडालों में प्रवेशव निकासी द्वार अलग–अलग तथा महिला एवं पुरूष हेतुअलग–अलग कतार की व्यवस्था सुनिश्चित करना।	10
05	पूजा पंडाल/परिसर में Volunteer, Id Card के साथ होने चाहिए।	10
06	पूजा पंडाल/परिसर में साफ–सफाई के लिए स्वयं से किए गए व्यवस्था/उपाय।	10
07	पूजा पंडाल/परिसर में आस–पास के दुकानदारों एवं आम नागरिकों द्वारा गंदगी ना फैलाना।	10
08	नशा मुक्ति, प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग नही करने व स्वच्छता से संबंधित विज्ञापन पट्ट का प्रदर्शन और ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से प्रचार–प्रसार।	10
09	विज्ञापन के लिए बायोडिग्रेडेबल सामग्री का उपयोग या फिर होर्डिंग के लिए LED Screen या स्टैडी का प्रयोग।	10
10	पूजा पंडाल के आकार के अनुसार पर्याप्त संख्या में हरा एवं नीला डस्टबीन की व्यवस्था कर आगंतुको द्वारा उनका प्रयोग।	10
11	पूजा पंडाल से निकलने वाले कचड़े का पृथक्करण।	10
12	पूजा पंडाल से निकलने वाले बायोडिग्रेडेबल कचड़े का पीट डिस्पोजल।	10
13	पूजा पंडाल से निकलने वाले नॉन बायोडिग्रेडेबल कचड़े का निस्तारण के लिए निकाय को सौपना।	10
14	थुकने का स्थान की व्यवस्था और नागरिकों द्वारा इसका उपयोग।	10
15	निकाय द्वारा चिन्हित विसर्जन स्थल में पूजा समिति के तत्वाधान में प्रतिमा का विसर्जन।	10
16	पूजा समिति या नागरिकों द्वारा किए गए इनोवेटिव वर्क।	10
	कुल अंक:–	160

पर्व/त्योहार के अवसर पर नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता हेतु निकाय स्तर से "स्वच्छ पूजा पंडाल प्रतियोगिता" का आयोजन किया जा रहा है तथा उपर्युक्त मापदण्डों के आधार पर रैंकिंग करते हुए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आनेवाले पंडालों को पुरस्कृत किया जाएगा। इस संदर्भ में जानकारी हेतु कार्यालय कार्य अवधि में WhatsApp No. 7766825858 या नगर परिषद्, चतरा कार्यालय के SBM कोषांग में सम्पर्क कर सकतें है।

प्रशासक,
नगर परिषद्, चतरा।

PR.NO.308885 Urban Development(23-24):D

कार्यालय नगर परिषद्, चतरा।
पुराना कचहरी के समीप, चतरा (झारखण्ड)– 825401
दुरभाष : 06541–253030, ई–मेल : npchatra@gmail.com

आम सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि भारत सरकार की महत्त्वकांक्षी योजना "स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 के अन्तर्गत शहरी क्षेत्र में स्वच्छ वातावरण तैयार करने एवं स्वच्छता बनाये रखने के लिए समाज के सभी वर्गों की भागेदारी आवश्यक है। उक्त लक्ष्य की प्राप्ति हेतु सबकी सहभागिता सुनिश्चित करने एवं सभी वर्गों को शामिल करने हेतु व्यापक प्रचार–प्रसार एवं स्वच्छता पर आधारित गतिविधियाँ की जानी है।

इस क्रम में नगर परिषद्, चतरा क्षेत्रान्तर्गत सभी होटल, क्लब, बैंक्वेट हॉल, मैरेज हॉल, धर्मशाला, अन्य संस्थानों/प्रतिष्ठानों/पूजा पंडाल (दुर्गा पूजा, दीपावली, काली पूजा, छठ पूजा व अन्य) आयोजकों व आम नागरिकों के घरों जिसमें शादी–विवाह या किसी भी प्रकार की सामाजिक/सांस्कृतिक व धार्मिक कार्यक्रम/समारोह/बैठक/उत्सव व अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है को सूचित किया जाता है कि वे उक्त आयोजनों को Single Use Plastic Free Events व Zero Waste Events का रूप दें।

उपरोक्त तरह के कार्यक्रम का आयोजन का दावा करने के लिए आयोजित कार्यक्रम का फोटो एवं कार्यक्रम का सारांश नगर परिषद्, चतरा के ई–मेल आई0डी0 npchatra@gmail.com या WhatsApp No. 7766825858 पर आवेदन करें ताकि नगर परिषद् चतरा ऐसे सभी आयोजनकर्त्ताओं को सम्मानित कर सके।

अतः अनुरोध है कि उपर्युक्त तरह के इवेंट का आयोजन कर इवेंट को यादगार बनाये, समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बने एवं स्वच्छ व स्वस्थ भारत के सपने को पूरा करने में अपना सहभागिता सुनिश्चित करें।

विस्तार पूर्वक जानकारी हेतु WhatsApp No. 7766825858 या नगर परिषद्, चतरा कार्यालय में पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक सम्पर्क किया जा सकता है।

प्रशासक,
नगर परिषद्, चतरा।

PR 308887 (Urban Development) 23-24 (D)

कार्यालय नगर पंचायत मझिआँव

पत्रांक– 902/दिनांक–10.10.2023

अति अल्पकालीन/दर आमंत्रण सूचना : 25/2023–24

नगर पंचायत मझिआँव क्षेत्रांतर्गत Urban Health and Wellness Centre के संचालन हेतु विभिन्न प्रकार की Furniture की आवश्यकता है। सामग्री क्रय हेतु कोटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता/ विक्रेता दिनांक 18.10.2023 को 02 बजे अपराह्न तक अपना कोटेशन/ दर नगर पंचायत मझिआँव के कार्यालय में जमा कर सकते है। निर्धारित अवधि के उपरान्त कोई दावा/ आपत्ति मान्य नहीं होगा।

क0 सं0	उपकरण/सामग्री का नाम	मात्रा	दर प्रति अदद	कुल राशि
1	Office Table	03		
2	Doctor Chair	01		
3	Staff chair	06		
4	Almirah Godrej	01		
5	Rack for Medicine	03		
6	Patient Examination table	01		
7	Wall Clock	02		
8	Door Mat	03		
9	Lock (Link)	06		
10	Patient waiting chair	01		
11	Patient stool	02		
12	Office Chair	06		

नोट:– कोटेशन से संबंधित विस्तृत नियम एवं शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट एवं Website- https://udhd.jharkhand.gov.in/पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत मझिआँव।

PR 308857 Urban Development(23-24)D

कार्यालय :- जिला अभियंता, जिला परिषद् पलामू, मेदिनीनगर

अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना
ई संख्या–DOPR/DE/ZP/Palamu-04/2023-24

1. योजना का नाम:–

क्र0 सं0	योजना का नाम	प्रा0 राशि (लाख में)	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र की राशि	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	प्रखण्ड मेदिनीनगर के पंचायत मेदिनीनगर के ग्राम बैरिया में बैरिया बाजार समिति में राष्ट्रीय उच्च पथ 75 से डी0आई0जी0 सी0आर0पी0 एफ0 कार्यालय से मुख्य द्वारा तक 500 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	19.583	40000.00	5000.00	03 माह।
2	प्रखण्ड मेदिनीनगर के पंचायत मेदिनीनगर के ग्राम बैरिया में बैरिया बाजार समिति में डी0आई0जी0 सी0आर0पी0एफ0 कार्यालय के मुख्य द्वारा से एफ0सी0आई0 2500 एमटी गोदाम तक 600 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	24.699	50000.00	5000.00	03 माह।
3	प्रखण्ड मेदिनीनगर के पंचायत मेदिनीनगर के ग्राम बैरिया में बैरिया बाजार समिति में लक्ष्मी ट्रेडिंग दुकान से दुकान संख्या–00 होते हुए दुकान सह गोदाम संख्या 17 तक 600 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	23.501	48000.00	5000.00	03 माह।
4	प्रखण्ड मेदिनीनगर के पंचायत चियांकी के ग्राम चियांकी में बिचला टोला में सिंचाई हेतु डीप बोरिंग एवं सोलर पैनल का अधिष्ठापन।	18.218	38000.00	5000.00	03 माह।
5	प्रखण्ड छतरपुर के पंचायत डाली के ग्राम डाली में अवस्थित विद्यालय में लाईब्रेरी का निर्माण।	22.20	45000.00	5000.00	03 माह।
6	प्रखण्ड पाण्डू के पंचायत रतनाग के ग्राम ओबरा में ढ़ाबी मोड़ से उपेंद्र नारायण सिंह के घर होते हुए स्वास्थ्य उपकेंद्र ओबरा तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	24.860	50000.00	5000.00	03 माह।
7	प्रखण्ड विश्रामपुर के पंचायत तोलरा के ग्राम कधवन में दुग्धशीतक केंद्र से एन0एच0 75 तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	17.773	36000.00	5000.00	03 माह।
8	प्रखण्ड विश्रामपुर के पंचायत चोरटिया के ग्राम चोरटिया में चोरटिया से कौड़िया तक लगभग 750 मीटर पथ निर्माण।	24.438	50000.00	5000.00	03 माह।
9	प्रखण्ड विश्रामपुर के पंचायत चोरटिया के ग्राम चोरटिया में धनकाई नदी पर पुल निर्माण।	22.484	46000.00	5000.00	03 माह।
10	प्रखण्ड पाटन के पंचायत पाटन के ग्राम पाटन में पाटन–मनातू मुख्य पथ गुड़न राम के घर से हरिजन टोला होते हुए नावाखास प्राथमिक विधालय तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	24.893	50000.00	5000.00	03 माह।
11	प्रखण्ड पाण्डू के पंचायत डालाकला के ग्राम धानुडीह में मुख्य पथ से आंगनबाड़ी हेतु हैंगवार तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	24.982	50000.00	5000.00	03 माह।
12	प्रखण्ड पाटन के पंचायत केल्हार में मुख्य पथ से पंचायत सचिवालय तक सड़क मरम्मति।	14.820	30000.00	2500.00	03 माह।
13	प्रखण्ड पाटन के पंचायत सतौवा में मुख्य पथ से पंचायत सचिवालय तक सड़क मरम्मति।	14.820	30000.00	2500.00	03 माह।
14	प्रखण्ड पाटन के पंचायत लोईंगा में मुख्य पथ से पंचायत सचिवालय तक सड़क मरम्मति।	14.820	30000.00	2500.00	03 माह।
15	प्रखण्ड पाटन के पंचायत डूमरी में मुख्य पथ से पंचायत सचिवालय तक सड़क मरम्मति।	14.820	30000.00	2500.00	03 माह।

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 12.10.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 19.10.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. जिला अभियंता, जिला परिशद् कार्यालय मेदिनीनगर में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र की मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी योग्याता दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि एवं समय 20.10.2023 को अपराह्न 1.00 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 20.10.2023 अपराह्न 3.00 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– जिला अभियंता, जिला परिशद्, पलामू।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–9955924364
8. निविदा शुल्क:– किसी भी भारतीय स्टेट बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफट के रूप में जिला अभियंता, जिला परिशद्, पलामू के पक्ष में मेदिनीनगर में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।
9. निविदादाता को UCAN Registration की छायप्रति अपलोड करना अनिवार्य है।
10. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

जिला अभियंता
जिला परिषद्, पलामू।

PR.NO.308868 District(23-24):D

पशुपालन विभाग की लाचारी

झारखंड में पशु अस्पताल की स्थिति अत्यधिक खराब हो चली है। लगता है कि एकीकृत बिहार में अरबों रुपए के हुए पशुपालन घोटाले के दर्द से झारखण्ड का पशुपालन विभाग आज तक नहीं उबर सका है। इसकी बानगी पलामू का पशुपालन विभाग है। जहां पालतू पशुओं की देखरेख व इलाज की पुरानी व ध्वस्त हुई व्यवस्था की जगह नई व्यवस्था स्थापित नहीं हो सकी है। जिले के पशुपालन विभाग में आधारभूत संरचनाओं का घोर अभाव है। जिले में स्वीकृत पूर्व के पदों के आलोक में भी पशु चिकित्सकों की संख्या आधे से कम है। अन्य पद भी बड़ी संख्या में खाली पड़े हैं। पशु अस्पतालों के भवन या तो ध्वस्त हो चुके हैं या फिर जर्जर हो ध्वस्त होने की कगार पर हैं। इसमें भी जिले के पांच पशु अस्पतालों को मॉडल अस्पताल का कागजी तगमा दे दिया गया है। यह अलग बात है कि हाल के वर्षों में विभाग के जिला स्तरीय कार्यालयों के भवन सुविधायुक्त व चकाचक हुए हैं, लेकिन पशुपालकों की सुविधावाले अस्पतालों का हाल बेहाल है। कहा जा सकता है कि जिले के करीब आठ लाख पशुधनों के इलाज की व्यवस्था झोला छाप डाक्टरों पर निर्भर है। हालांकि जिले में पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। पशुपालकों को सरकारी अनुदान दिये जा रहे हैं। पशुधनों को मौसमी व अन्य बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण व दवा वितरण के लिए गांव गांव में शिविर लगाने की योजना चलाई जा रही है, लेकिन डॉक्टर व अन्य कर्मियों के अभाव के कारण इसका पूरा लाभ पशुपालक किसानों को नहीं मिल पा रहा है। इस सम्बन्ध में जिला पशुपालन पदाधिकारी सह जिला गव्य पदाधिकारी डा. प्रभाकर सिन्हा ने बताया कि चिकित्सकों की कमी के कारण थोड़ी परेशानी तो हो रही है, लेकिन पशुपालकों को सरकार की योजनाओं का पूरा लाभ पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सारी जानकारी सरकार को दी गई है। विभागीय निदेशक काफी गंभीर भी हैं, जल्द ही जिले की कमियां दूर होने की संभावना है। उन्होंने जो बताया उसके अनुसार जिले में टीवीओ एवं बीएचओ के 27पद स्वीकृत हैं। इनके अलावे तीन अन्य विशेषज्ञ चिकित्सकों का पद है। लेकिन वर्तमान में महज 11पशु चिकित्सक कार्यरत हैं। योजनाओं की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत बकरा विकास योजना एवं जोड़ा बैल योजना में 90एवं 75 प्रतिशत अनुदान पर किसानों को लाभ दिया जा रहा है। इसके अलावे गव्य विकास योजना के तहत दो, पांच व दस दुधारू गायों की योजना के तहत किसानों को 50एवं 75 प्रतिशत अनुदान पर लाभ दिया जा रहा है। प्रगतिशील डेयरी के लिए मिकसिंग मशीन, खोवा, पनीर मेकिंग, वर्मी कम्पोस्ट निर्माण आदि के लिए भी योजनाएं चलाई जा रही हैं। इतना ही नहीं पशु चारा के लिए कुट्टी काटने की मशीन भी अनुदान पर दी जा रही है। पशुओं के इलाज के लिए गांवों में शिविर लगाकर टीकाकरण एवं दवा वितरण किया जा रहा है। बहरहाल कहने को तो राज्य व केंद्र की सरकार कृषि से जुड़े किसान व पशुपालकों पर मेहरबान है।

जिले के पशुपालन विभाग में आधारभूत संरचनाओं का घोर अभाव है। जिले में स्वीकृत पूर्व के पदों के आलोक में भी पशु चिकित्सकों की संख्या आधे से कम है। अन्य पद भी बड़ी संख्या में खाली पड़े हैं। पशु अस्पतालों के भवन या तो ध्वस्त हो चुके हैं या फिर जर्जर हो ध्वस्त होने की कगार पर हैं।

बढ़ते नेत्र-रोगियों से दुनिया धुंधली हो रही है

विश्व दृष्टि दिवस प्रत्येक वर्ष अक्तूबर के दूसरे गुरुवार को वैश्विक स्तर पर मनाया जाता है। इस साल यह 12 अक्टूबर गुरुवार को पड़ रहा है। यह दिन दृष्टि हानि, अंधापन के साथ-साथ दृष्टि संबंधी समस्याएं के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए मनाया जाता है, सभी लोगों के लिए अच्छी दृष्टि के महत्व पर प्रकाश डालता है। विश्व दृष्टि दिवस 2023 की थीम है 'काम पर अपनी आँखों से प्यार करें: कार्यस्थल में आँखों की देखभाल!' यह विषय समग्र कल्याण के मूलभूत पहलू के रूप में कार्यस्थल में दृष्टि स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के महत्व को रेखांकित करता है, क्योंकि आधुनिक जीवनशैली एवं कार्यस्थलों पर कम्प्यूटर, लैपटॉप, मोबाइल एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के बढ़ते प्रचलन में आंखें पर ही सर्वाधिक जोर पड़ता है। इस तरह जो लोग स्क्रीन पर बहुत अधिक समय बिताते हैं, उनमें समय के साथ आंखों से संबंधित कई तरह की बीमारियां होने का खतरा रहता है। मोबाइल-कंप्यूटर या टेलीविजन की स्क्रीन से निकलने वाली नीली रोशनी आंखों के लिए बहुत हानिकारक होती है। विश्व दृष्टि दिवस नेत्र देखभाल सेवाओं तक समान पहुंच को बढ़ावा देता है, विशेष रूप से वंचित और हाशिए पर रहने वाली आबादी के लिए। यह आंखों की देखभाल को किफायती और सभी के लिए उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर जोर देता है। विश्व दृष्टि दिवस इसलिये काफी महत्त्वपूर्ण है, दुनिया भर में नेत्र रोगों में बहुत अधिक बढ़ावा हो रहा है। दृष्टि हानि सभी उम्र के लोगों को प्रभावित करती है और अधिकांश प्रभावित लोग 50 वर्ष से अधिक आयु के हैं। बढ़ते नेत्र-रोगियों से दुनिया धुंधली हो रही है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, एक अरब से अधिक लोग ऐसे हैं जो ठीक से देख नहीं सकते हैं क्योंकि उनके पास चश्मे तक पहुँच की सुविधा नहीं है। इनमें से एक अरब लोग निवारण किये जा सकने योग्य दृष्टि दोष से पीड़ित हैं। दृष्टि हीनता व्यक्तिगत गतिविधियाँ, घूमने-फिरने, स्कूली शिक्षा और कार्य, दैनिक दिनचर्या, सामाजिक मेलमिलाप व वातार्लाप जैसे जीवन के हर पहलू पर दीर्घकालिक प्रभाव छोड़ती है। शरीर की खूबसूरती में आंखें एवं उनकी दृष्टि-सम्पन्नता बहुत सहायक होती है। कवियों ने तो अपनी कविताओं, गजलों, गीता में उपमाएं देकर आंखों का बखान किया हैं। उनकी कल्पना में जब जुबान खामोश होती है तो आंखें बोलती है, इसलिये दृष्टि दिवस पर आंखों के बारे में जानना और उनकी सुरक्षा करना जरूरी है। यो तो हमारे शरीर का हर अंग हमारे लिए बहुत कीमती और महत्वपूर्ण है। यदि उनमें से कोई भी अंग खराब या कमजोर हो जाय तो हमें कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इतना ही नहीं, हम इस जीवन का आनंद भी ठीक से नहीं ले पाते हैं। खासकर अगर आंखों की बात करें तो यह हमारे शरीर का सर्वाधिक महत्वपूर्ण अंग है। कुदरत का यह नायाब तोहफा है, जिससे सारी दुनिया की रंगीनी एवं अच्छी-बुरी सभी चीजें देखी जा सकती है। ऐसे में अगर आंखों को कुछ हो जाए तो दुनिया कितनी बेरंग हो जायेगी? यह किसी के लिए भी गंभीर चिंता का विषय है, यह जीवन का अधूरापन है। आंखों का काम देखना और देखे हुए संदेश को मस्तिष्क तक पहुंचाना होता है। शरीर का सबसे ज्यादा कोमल अंग आंखें ही होती है, इसलिए जरूरी है कि हम अपनी आंखों का खास ख्याल रखें। आंखों को सही रखने के लिए सही खान-पान का होना बहुत जरूरी है। आंखें शरीर का वह अंग हैं जो हमें दुनिया की खूबसूरती का एहसास कराती हैं। हालांकि, समय के साथ जीवनशैली और खान-पान में गड़बड़ी के कारण इससे जुड़े खतरे बढ़ते जा रहे हैं। चाहे वह मोबाइल एवं कंप्यूटर पर बहुत अधिक समय बिताना हो या शुगर और बीपी जैसी बीमारियां हों, इन सभी का आंखों के स्वास्थ्य पर गलत प्रभाव पड़ रहा है। संयुक्त राज्य अमेरिका में अंधेपन और कमजोर नजर का मुख्य कारण मोतियाबिंद, डायबिटिक रेटिनोपैथी और ग्लूकोमा जैसी बीमारियों को बताया है। आँख या नेत्र जीवधारियों का वह अंग है जो प्रकाश के प्रति संवेदनशील है। अच्छी दृष्टि किसी व्यक्ति के जीवन की गुणवत्ता पर गहरा प्रभाव डालती है। यह लोगों को दैनिक कार्य करने, शिक्षा प्राप्त करने और समाज में पूरी तरह से भाग लेने, समग्र कल्याण में योगदान करने में सक्षम बनाता है। दृष्टि दिवस संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के साथ जुड़ा है, जिसमें इस बात पर जोर दिया जाता है कि अच्छी दृष्टि सुनिश्चित करना व्यापक वैश्विक विकास उद्देश्यों को प्राप्त करने का एक अभिन्न अंग है। विश्व दृष्टि दिवस वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देता है, दृष्टि हानि और अंधापन को रोकने के लिए एक साझा मिशन में व्यक्तियों और संगठनों को एकजुट करता है। हर साल दुनिया भर में अंधापन और दृष्टि हानि के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर लायंस क्लब फाउंडेशन सक्रिय हुआ, इसकी प्रेरणास्रोत बनी अमेरिकी लेखिका, शांतिकर्मी, युद्ध विरोधी राजनीतिक कार्यकर्ता, समाजसुधारक एवं प्रेरक उद्बोधक हेलेन केलर, वो स्वयं अंधी होने के बावजूद दुनिया में अनूठे एवं विलक्षण कर किये। 1925 में, जब लायंस इंटरनेशनल केवल सात वर्ष का था, प्रसिद्ध हेलेन केलर ने अपने वार्षिक सम्मेलन में लायंस सदस्यों से अंधता निवारण पर प्रेरक उद्बोधन देते हुए 'अंधेरे के खिलाफ धर्मयुद्ध में अंधों के शूरवीर' बनने के लिए चुनौती दी। उस भाषण ने लायंस की एक नई दिशा तय कर दी और तब से साइट फर्स्ट अभियान की नेत्र-क्रांति से अंधता को दूर किया जा रहा है। दुनिया भर में लाखों लायंस सदस्यों ने दृष्टिबाधित लोगों की मदद करने के लिए अपने उल्लेखनीय उपक्रम कर रहे हैं। इस प्रयास में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के साथ-साथ इंटरनेशनल एजेंसी फॉर द प्रिवेंशन ऑफ ब्लाइंडनेस (आईएपीबी) द्वारा सहयोग मिल रहा है। आईएपीबी एक वैश्विक संगठन है जिसमें 100 से अधिक देशों के विभिन्न धर्मार्थ संगठन और गैर सरकारी संगठन एक ऐसी दुनिया बनाने के लिए मिलकर काम करते हैं जिसमें विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से अंधता रोकथाम और इलाज खोजने सहित अंधेपन के मुद्दे पर जागरूकता फैलाई जाती है। दुनिया के कुछ हिस्सों में बहुत से लोगों को अंधेपन और अन्य ऑप्टिकल समस्याओं का खतरा अधिक है क्योंकि उनके पास आंखों की देखभाल तक पर्याप्त पहुंच नहीं है। विश्व दृष्टि दिवस एक चैरिटी में दान करने के लिए एक आदर्श प्रेरणा प्रदान करता है जो उन लोगों की मदद करता है जो अपनी आवश्यक दृष्टि देखभाल पाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। नेत्र स्वास्थ्य सबसे जरूरी है और दृष्टि हानि और अंधापन शिक्षा, रोजगार, जीवन की गुणवत्ता और बहुत कुछ को प्रभावित करता हैं।

आंखों का काम देखना और देखे हुए संदेश को मस्तिष्क तक पहुंचाना होता है। शरीर का सबसे ज्यादा कोमल अंग आंखें ही होती है, इसलिए जरूरी है कि हम अपनी आंखों का खास ख्याल रखें। आंखों को सही रखने के लिए सही खान-पान का होना बहुत जरूरी है।

इन दिनों

ललित गर्ग

बोधि वृक्ष

आइये सुनें धर्मराज व चित्रगुप्त की वास्तविक कहानी

दिन भर पानी भी नहीं पीते और शाम को बेगुनाहों को मार कर माँस खाते हो। भगवान पूछते थे 'तुम किसके आदेश से जानवरों को मार रहे हो? आप अल्लाह को कैसे प्राप्त करोगे? जीव हत्या करने वालों को धर्मराज (यम) के दरबार में भारी शुल्क देना होगा। भगवान/अल्लाह जिसने छह दिनों में सृष्टि रची और सातवें दिन सिंहासन पर बैठे वह अल्लाहु अकबर है और आप उनके आदेश का उल्लंघन कर रहे हो। ऐसा करके आप केवल अपने कर्म को बर्बाद कर रहे हैं और यहां तक ? कि पिछले जन्म में किये गये पुण्यों को भी बर्बाद कर रहे हो। यह भक्ति का तरीका नहीं है, यह काल का जाल है और धर्मराज आपको इस जघन्य पाप की सजा अवश्य देगा। वैसे ही भगवान हिंदुओं को समझा रहे हैं कि **वेद पढ़े पर भेद न जाने, बाँचें पुराण अठारा ॥ जड़ कूँ अंधरा पान खवावे, बिसरे सिरजनहारा ॥**

अर्थ :- हिन्दू मूर्तिपूजा करते हैं, पत्थर को जल चढ़ाते हैं। अज्ञानी पंडित वेद और गीता पढ़ते हैं लेकिन वेदों में कहीं भी मूर्ति पूजा करने के लिए नहीं लिखा गया है। वे स्वयं भी मनमानी पूजा करते हैं और भक्तो को भी बताते है इस प्रकार पूरा संसार सृष्टि के रचयिता को भूल गये हैं। वे देवताओं को प्रसाद चढ़ाने के नाम पर जीव हत्या भी करते हैं। वे सभी परमेश्वर के दोषी हैं।

उजड़ खेड़े बहुत बसाये, बकरा झोटा मारा ॥ जा कूँ तो तुम मुक्ति कहत हो, सो हैं कच्चे बारा ॥ मांस मछरिया खाते पांडे, किस विध रहे उचारा ॥ स्यों जजमान नरक कु चाले, बूड़े स्यूं परिवारा ॥ छाती तोरि हनें जम किंकर, लाग्या जम का लारा ॥ दास गरीब कहे बे काजी, ना कहीं वार न पारा ॥

(क्रमशः)

अर्थव्यवस्था पर विश्वास का प्रतीक है नये डीमैट अकाउंट

शेयर बाजार में जिस तेजी से नये डीमैट अकाउंट खुल रहे हैं, वह स्पष्ट रूप से लोगों के विश्वास का ही परिणाम है। किसी भी देश की अर्थव्यवस्था के प्रति लोगों के विश्वास को आमजन के वित्तीय निवेश को लेकर देखा जा सकता है। देश के शेयर बाजार में लगातार इस मायने में बूम देखा जा रहा है। चालू कलैंडर वर्ष के हर महीने लाखों नये डीमैट खाते खुल रहे हैं। इसी कलैंडर वर्ष की बात की जाय तो जनवरी से अब तक दो करोड़ से अधिक नये डीमैट खाते खुले हैं। अकेले सितंबर में करीब 30 लाख 60 हजार नये डीमैट खाते अस्तित्व में आये हैं। इससे पहले अगस्त में इस साल के सर्वाधिक 31 लाख नये खाते खुले। इसी तरह से गये महीने 10 आईपीओ बाजार में आये हैं और इनमें निवेशकों ने दिल खोलकर पैसा लगाया है। इन 14 आईपीओ के माध्यम से कंपनियों ने 11868 करोड़ रुपये जुटाये हैं। यदि देखा जाय तो दिसबंर 2010 के बाद सबसे अधिक आईपीओ बाजार में आये हैं। समग्र रूप से देखा जाय तो इस साल जनवरी से सितंबर तक 34 आईपीओ के माध्यम से कंपनियों ने निवेशकों से 26913 करोड़ रुपये जुटाये हैं। सभी आईपीओ ओवर सब्सक्राइब रहे हैं। यह सब तो तब है तब है जब आज दुनिया के देश आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहे हैं। पर यह साफ हो जाता है कि शेयर बाजार में लगातार नये खाते खुलना और आईपीओ को अच्छा समर्थन मिलना इस बात का संकेत है कि देश की अर्थ व्यवस्था को लेकर लोगों में किसी तरह का नकारात्मक विचार नहीं है। बल्कि यह कहा जाना उचित होगा कि लोगों का देश की अर्थव्यवस्था व देश के आर्थिक हालातों के प्रति विश्वास कायम है। दरअसल कोरोना के बाद जिस तरह के हालात हुए और देश-दुनिया की आर्थिक गतिविधियां प्रभावित हुईं उससे लोगों में अर्थव्यवस्था को लेकर अनेक आशंकाएं हुईं और इसमें भी कोई दोराय नहीं कि दुनिया के अधिकांश देश आर्थिक संकट के दौर से गुजरे और आज भी गुजर रहे हैं। कोढ़ में खाज का काम पिछले लंबे समय से चल रहे रूस-यूक्रेन युद्ध ने किया। अब इजराइल और हमास के ताजा हमलों से नया संकट सामने आ गया है। इससे सबके साथ ही दुनिया के अधिकांश देशों में हालात अच्छे नहीं चल रहे हैं। चीन की नीतियों से दुनिया के देश त्रस्त है सो अलग। इसके अलावा आंतकवादी घटनाएं, जलवायु परिवर्तन के कारण आये दिन आने वाले तूफानों, अनावृष्टि, अतिवृष्टि, मौसम की बेरुखी आदि को किसी भी हालात में सब कुछ ठीक नहीं माना जा सकता है। इन सब हालातों के बीच देश की अर्थव्यवस्था के प्रति लोगों के रुख को दो दृष्टि से समझना होगा। एक ओर बैंकों में बचत की भावना में गिरावट दर्ज हो रही है। एक समय था जब हमारी परंपरा में बचत को खास महत्व दिया जाता था आज हालात ठीक विपरीत है। बचत की तुलना में वित्तदायी संस्थाओं से कर्ज लेने वालों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। दूसरी ओर शेयर बाजार जिसे हमेशा से अस्थिर समझा जाता रहा है और जो राष्ट्रीय ही नहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सर्वाधिक जोखिम भरा निवेश माना जाता रहा है, आज देश का मध्यम वर्ग खासतौर से युवा पीढ़ी जोखिम भरे शेयर बाजार में बेहिचक निवेश करने को आगे आ रही है। हालांकि इसके पीछे शेयर बाजार में एक कारण आकर्षक रिटर्न को माना जा रहा है तो दूसरी और अन्य क्षेत्रों में अधिक अस्थिरता देख रहे हैं। हालांकि इसमें कोई दोराय नहीं होनी चाहिए कि शेयर बाजार सबसे जोखिम भरा है, पर जिस तरह से प्रति माह नित नये डीमैट अकाउंट खोले जा रहे हैं और जिस तरह से आईपीओ को रेस्पांस मिल रहा है उससे साफ हो जाता है कि आज की पीढ़ी लाख रिस्क होने के बावजूद जोखिम भरे रास्ते को चुन रही है।



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

समग्र रूप से देखा जाय तो इस साल जनवरी से सितंबर तक 34 आईपीओ के माध्यम से कंपनियों ने निवेशकों से 26913 करोड़ रुपये जुटाये हैं। सभी आईपीओ ओवर सब्सक्राइब रहे हैं।

डीमैट अकाउंट

फोटो की दुनिया

फेसबुक वॉल से

अगर आप बार-बार शिकायत नही करते है तो
आप किसी भी कठिनाई को दूर कर सकते है।

जातिगत जनगणना का मतलब वोट के लिये समाज को तोड़ने की सजिश

अगले वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव से ठीक पहले बिहार में जातिगत जनगणना के नतीजे जारी किये गये हैं। यह 17 साल से सत्ता पर काबि नीतीश कुमार की मंशा पर सवाल उठाते हैं। बिहार जैसे प्रदेश में जहां पहले लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी और फिर नीतीश कुमार के नेतृत्व में कुल 32 वर्षों से पिछड़ों का ही राज हो, वहां आज भी पिछड़ों के पिछड़ा रह जाने का राग अलापा जाये तो सवाल खड़े ही होंगे। जाहिर है इतने वर्ष चुप रहने के बाद चुनावी फायदे की चाह में करवायी गई जाति जनगणना एक राजनीतिक षड्यंत्र और प्रपंच ही है। वैसे भी बिहार में व्यग्तिगत राजनीतिक स्वार्थों के लिए की गई ये प्रक्रिया संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन है, क्योंकि 1948 के जनगणना कानून में जातिगत जनगणना करवाने का कोई प्रावधान ही नहीं है। जनगणना का विषय संविधान की सातवीं अनुसूची की पहली सूची में आता है और इसलिए इस तरह की जनगणना को कराने का अधिकार केवल केंद्र सरकार को है। इसलिए बिहार सरकार द्वारा की गई जाति जनगणना न केवल असंवैधानिक है, बल्कि देश को राजनीतिक लाभ के लिए बांटने और तोड़ने की एक कुत्सित साजिश है। दरअसल इन जातीय गणना करवाने वालों का समाज की बेहतरी से कोई लेना देना नहीं है। इनके द्वारा जातिगत गणना को ऐसे अंतिम दांव के रूप में देखा जा सकता है जो लोगों को कुशासन, बेरोजगारी, बिगड़ती कानून व्यवस्था के मुद्दों से भटका कर और जातियों में बांटकर उलझाना चाहता है, जिससे समाज बंट जाये और बंटे हुए वोट शायद इनकी चुनावी नैया पार लगा दें। देश, समाज और गरीबों के हालात से न इन्हें कभी सरोकार रहा है, न कभी रहने वाला है। जातीय जनगणना के समर्थक नेता कह रहे हैं कि जातियों की गणना से लोगों की स्थिति सुधरेगी। पर गरीबों का आंकड़ा तो सरकार के पास पहले से ही है। बिहार के कितने लोग गरीब और पिछड़े हैं, इसकी पूरी जानकारी शासन के पास है। तो क्यों नहीं सुधार किया अब तक? चाहे दलित हों, पिछड़े हों या मुसलमान हों, नीतीश कुमार और लालू-राबड़ी सरकार में उनकी हालत बद से बदतर ही हुई है। दरअसल, इनका दलित व पिछड़ा प्रेम सिर्फ जबानी जमा-खर्च है और कुछ नहीं। चाहे लालू यादव या नीतीश कुमार हों या कांग्रेस या स्व मुलायम सिंह यादव, इन्होंने हमेशा गरीबों का इस्तेमाल ही किया है। कभी जाति, कभी मजहब, कभी संप्रदाय के धागों में उलझा कर इन नेताओं ने उन्हें एक ऐसा वोट का एटीएम समझा है जिसमे कुछ बटन दबा कर जब चाहे अपने पाले में वोट डलवा लो। सच तो यह है कि इस बात का कोई ठोस आधार नहीं है कि सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की रफ्तार जाति और वर्ग-भेद के कारण थमी हुई है और जाति के खांचे में बटते ही सर्वव्यापी सुधार होने लगेगा। जाति जनगणना के बाद गरीब की स्थित में प्रभावी परिवर्तन आ जायेगा, इसका भी कोई प्रामाणिक आधार नहीं है। वैसे भी आज के जमाने में आरक्षण सहित हर क्षेत्र में बिना बाधा समान अवसर उपलब्ध हैं तो जातिगणना से कैसे कुछ नया हो जायेगा? जाति जनगणना के समर्थकों का यह तर्क कि इससे विभिन्न जातियों के मध्य व्याप्त विसंगतियों को समाप्त करने में सहायता मिलेगी भी संदेहास्पद है, क्योंकि यह एक ऐतिहासिक तथ्य है कि समाज में सब से अधिक विसंगतियां जाति-आधारित विभाजन से ही आई हैं और अगर मान भी लीजिए कि जातिगत जनगणना से यह पता चल भी जाता है कि फलां जाति संख्या में कम या ज्यादा है तो इससे सरकार की लोककल्याणकारी नीतियों को कैसे बदला जायेगा? इसके उलट, जातीय विभाजन लोक-विमर्श के केंद्र में आने से वास्तविक उपेक्षा की मार झेल रहे वर्गों के चिह्नित होने और प्रताड़ित होने की सम्भावना बढ़ जायेगी।



श्याम जाजू

देश, समाज और गरीबों के हालात से न इन्हें कभी सरोकार रहा है, न कभी रहने वाला है। जातीय जनगणना के समर्थक नेता कह रहे हैं कि जातियों की गणना से लोगों की स्थिति सुधरेगी।

जातिगत जनगणना

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. **RNI.** 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट । - फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : **rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com** (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

रबी फसल में करे सरसो व तोरी की खेती, होगा मुनाफा

खरीफ फसलों की कटाई के साथ ही किसान रबी फसलो की तैयारी में जुट गये है। ऐसे में अक्टूबर माह को सरसों और तोरी की खेती के लिए काफी उपयुक्त माना गया है। खाध्य तेल का सबसे अच्छा स्त्रोत सरसो की खेती कई दृष्टि से लाभकारी माना गया है। हर साल सरकार द्धारा इसके न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी किये जाने से बाजार में भी इसकी अच्छी कीमत मिल रही है। इस कारण बिहार समेत देश के कई राज्यो में हर साल सरसों की खेती का रकबा बढ रहा है। बिहार के पूर्वी चंपारण जिले के पीपरा कोठी कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिको की माने तो सरसों के बीज में तेल की मात्रा 30 से 48 प्रतिशत तक पाई जाती है। जिस कारण इसकी खेती किसानो के लिए काफी लाभकारी है।

कैसे मिट्टी और जलवायु में करे सरसो की खेती : कृषि विशेषज्ञओ की माने तो इसकी खेती सभी मिट्टी में की जा सकती है,लेकिन बलुई दोमट मिट्टी इसके लिए सर्वाधिक उपयुक्त माना गया है। सरसो की फसल हल्की क्षारीयता को सहन कर सकती है, लेकिन मिट्टी अम्लीय नहीं होनी चाहिए। सरसों की खेती शरद ऋतु में की जाती है, सरसो के अच्छे उत्पादन के लिए 15 से 25 सेल्सियस तापमान की आवश्यकता होती है।

सरसों की उन्नत किस्में : सरसो के बीज काफी महंगे होते है, ऐसे में किसान भाई हर साल बीज खरीदने की बजाय पिछले वर्ष बोये गये बीज की सफाई और ग्रेडिंग करके उसमें से रोगमुक्त ओर मोटे दानों को अलग कर उन बीजो का उपचारित कर बुवाई कर सकते हैं। अगर उन बीजो को सशंकित हो तो बाजार से आर एच 30, टी 59 (वरूणा), पूसा बोल्ड आशीर्वाद (आरके 01 से 03), अरावली (आरएन-393), NRC HB 101, NRC DR 2,R.H-749 जैसे उन्नत बीज खरीद कर बुवाई कर सकते है।

कैसे करे खेत की तैयारी : सरसों के लिए मिट्टी भुरभुरी होने चाहिए। खरीफ की कटाई के बाद एक गहरी जुताई करें। साथ ही नमी बनाये रखने के लिए इसमें हेगा जरूर लगाये। खेत में दीमक, चितकबरा एवं अन्य कीटो का प्रकोप अधिक हो तो, नियंत्रण हेतु अन्तिम जुताई के समय क्यूनालफॉस 1.5 प्रतिशत चूर्ण 25 किलोग्राम प्रति हेक्टयर की दर से खेत में मिलाये। साथ ही, 2 से 3 किलोग्राम एजोटोबेक्टर एवं पी.ए.बी कल्चर की 50 किलोग्राम सड़ी हुई गोबर की खाद या वर्मीकल्चर में मिलाकर अंतिम जुताई से पूर्व मिलाये।

सरसों की कब और कैसे बुवाई : सरसों की बुवाई के लिए उपयुक्त तापमान 25 से 26 डिग्री सेल्सियस तक रहता है। ऐसे में सरसों की बुवाई 05 अक्टूबर से 25 अक्टुबर तक कर देनी चाहिए। इसकी बुवाई कतारो में हो तो बेहतर होता है। कतार से कतार की दूरी 45 सें. मी. तथा पौधों से पौधें की दूरी 20 सें. मी. रखनी चाहिए। सिंचित क्षेत्र में बीज की गहराई 5 से.मी. तक रखा जा सकता है। बुवाई के लिए शुष्क क्षेत्र में 4 से 5 कि.ग्रा तथा सिंचित क्षेत्र में 3- 4 कि. ग्रा बीज प्रति हेक्टेयर पर्याप्त है।

बुवाई पूर्व करे बीजोपचार : पौधे को सड़न रोग से बचाने के लिए बीज को बुवाई के पूर्व फफूंदनाशक बाबस्टीन वीटावैक्स, कैपटान, थिरम, प्रोवेक्स में से कोई एक 3 से 5 ग्राम दवा प्रति किलो बीज की दर से उपचारित करें। साथ ही कीटो से बचाव ईमिडाक्लोरपीड 70 डब्लू पी, 10 मिलीलीटर प्रति किलोग्राम बीजदर से उपचरित करें। कीटनाशक उपचार के बाद में एजेटोबॅक्टर तथा फॉस्फोरस घोलक जीवाणु खाद, दोनों की 5 ग्राम मात्रा से प्रति किलो बीज को उपचारित कर बोने चाहिए।

कितना डाले खाद : सिंचित फसल के लिए 7 से 12 टन सड़ी गोबर, 175 किलो यूरिया, 250 सिंगल सुपर फॉस्फेट, 50 किलो म्यूरेट ऑफ पोटाश एवम 200 किलो जिप्सम बुवाई से पूर्व प्रति हेक्टेयर खेत में डाले। यूरिया की आधी मात्रा बुवाई के समय एवम शेष आधी मात्रा पहली सिंचाई के बाद खेत में दें। असिंचित क्षेत्र में वर्षा के पूर्व 4 से 5 टन सड़ी, 87 किलो यूरिया, 125 किलो सिंगल सुपर फॉस्फेट, 33 किलो म्यूरेट ऑफ पोटाश प्रति हेक्टेयर की दर से बुवाई के समय खेत में डाले।

कब करे सिंचाई : प्रथम सिंचाई बुवाई के 35 से 40 दिन बाद एवं द्वितीय सिंचाई दाने बनने की अवस्था में करें।

कैसे करे खरपतवार नियंत्रण : आमतौर पर सरसों के साथ खरपतवार उगते हैं। ऐसे में बुवाई के तीन सप्ताह बाद नियमित अन्तराल पर 2 से 3 बार निराई गुड़ाई (सोहनी) जरूर करे। साथ ही अंकुरण पूर्व बुवाई के तुरंत बाद खरपतवारनाशी पेंडीमेथालीन 30 ईसी रसायन की 3.3 लीटर मात्रा को प्रति हेक्टेयर की दर से 800 से 1000 लीटर पानी में घोल कर छिड़काव करना चाहिए।

कितना होगा उत्पादन : बेहतर जलवायु और फसल रोग, कीट एवं खरपतवार से मुक्त हो तो रहे सरसो का उत्पादन 25-30 क्विंटल प्रति हेक्टेयर मिल सकता है।

पितृ पक्ष के दौरान पिंडदान करने के बाद नहीं मिल रहे कौवे और गाय, तो करें ये उपाय

दर्पण करने में सफेद फूलों का महत्व काफी अधिक होता है। पुराणों में कद्दू के फूलों को श्राद्ध में उपयोग करने के लिए सबसे उपयुक्त बताया गया है लेकिन अब यह फूल मिलना काफी दुर्लभ हो गए हैं। ऐसे में श्राद्ध के दौरान चांदनी के फूलों का उपयोग किया जा सकता है। इन दिनों पितृपक्ष चल रहा है जबकि पिंडदान, तर्पण और श्राद्ध कर्म किए जा रहे हैं। पूर्वजों के निधन की तय तिथि पर श्रद्धा कर पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की जा रही है। यह एक ऐसी अवधि है, जो पितरों के साथ-साथ हमारे लिए भी बहुत जरूरी होता है। हिंदू शास्त्रों के मुताबिक पितृपक्ष में तर्पण से पितरों को मोक्ष मिलता है। साथ ही श्राद्ध, तर्पण और दान करने वाले साधक को पितृ दोष से मुक्ति मिल जाती है। पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए खाने से कर भाग भोग के निकल जाते हैं। यह भोग कौवा, गौ, स्वान और कन्या के लिए होता है।

अगर श्राद्ध करने में कुछ चीजों की व्यवस्था नहीं हो पा रही है तो श्राद्ध करने के कुछ अन्य विकल्प भी है। गौरतलब है कि दर्पण करने में सफेद फूलों का महत्व काफी अधिक होता है। पुराणों में कद्दू के फूलों को श्राद्ध में उपयोग करने के लिए सबसे उपयुक्त बताया गया है लेकिन अब यह फूल मिलना काफी दुर्लभ हो गए हैं। ऐसे में श्राद्ध के दौरान चांदनी के फूलों का उपयोग किया जा सकता है। अगर चांदनी के फूल भी उपलब्ध न हो तो कनेर के फूलों का उपयोग किया जा सकता है। हालांकि गए और स्वान का कोई विकल्प नहीं है। अगर किसी कारण से गए ना मिली तो शाम तक वृक्ष के नीचे भोग को विसर्जित किया जा सकता है। पितृ पक्ष की धारणी दर्पण करने के बाद पितरों को तृप्त करने के लिए भोजन का एक हिस्सा कौवा को भी दिया जाता है। हालांकि शहरों में अब काफी काफी कम दिखते हैं। कौवा को तलाशने के लिए काफी अधिक मशक्कत और मेहनत करनी पड़ती है। अगर कौवे नहीं मिल रहे हैं तो लोग किसी भी पक्षी को उसका भाग खिला सकते हैं।

❖ रितिका कमठान

पॉल्यूशन और सिगरेट के घातक जहर से फेफड़ों का ऐसे करें बचाव

जिन लोगों को सांस संबंधी समस्या होती है, उनको सर्दी में ज्यादा परेशानी होती है। ऐसे में जरूरी है कि लंग्स को इतना मजबूत बनाया जाए, जिससे कि प्रदूषण की मार लंग्स पर बहुत कम हो। ऐसे में आप इन टिप्स को फॉलो कर अपने लंग्स को हेल्दी रख सकते हैं। सर्दी के मौसम में प्रदूषण के कारण लोगों की परेशानियां काफी ज्यादा बढ़ जाती है। पिछले कई सालों से सर्दी आते ही इस तरह की समस्याएं परेशान करने लगी है। बता दें कि प्रदूषण की वजह से सबसे ज्यादा दिक्कत फेफड़ों को होती है। वहीं जिन लोगों को सांस संबंधी समस्या होती है, उनको सर्दी में ज्यादा परेशानी होती है। प्रदूषण की वजह से ब्रोंकाइटिस से लेकर क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज और गले में जलन आदि की समस्या होने लगती है। ऐसे में लंग्स को हेल्दी रखना काफी ज्यादा जरूरी होता है। ऐसे में जरूरी है कि लंग्स को इतना मजबूत बनाया जाए, जिससे कि प्रदूषण की मार लंग्स पर बहुत कम हो।

प्रदूषण से बचने के उपाय

गुड़ खाएं : बता दें कि गुड़ सांस की नली को साफ करने का काम करता है। गुड़ में एंटी-इंफ्लामेटरी गुण पाया जाता है। वहीं सांस में लिए गए विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में भी गुड़ सहायक होता है। गुड़ को एक प्राकृतिक सफाई एजेंट माना जाता है। यह श्वसन रोगों और अस्थमा के लक्षणों को कम करने में मदद कर सकता है।

नीलगिरी का तेल : प्रदूषण के समय सांस की दिक्कतों को कम करने में नीलगिरी का तेल बहुत फायदेमंद है। अगर छाती में प्रदूषण की वजह से कंजेशन हो गया है, तो वायु मार्ग को आराम देने के लिए आपको नीलगिरी तेल की कुछ बूंदे डाल देनी चाहिए।

अदरक : हांलाकि हम सब अदरक के लाभकारी गुणों से भलीभांति वाकिफ हैं। अदरक के सर्दी में अनेकों फायदे हैं। क्योंकि सर्दी के मौसम में प्रदूषण का सबसे ज्यादा सामना करना पड़ता है। ऐसे में अदरक और तुलसी के पत्ते का मिश्रण आपके गले की दिक्कतों को कम करने में मददगार होता है।

घर में रहें : ऐसे में अगर आप भी प्रदूषण से बचना चाहते हैं, तो ज्यादा से ज्यादा समय घर पर ही रहें। वहीं जरूरी काम होने पर घर से निकलें। क्योंकि बाहर निकलने पर जहरीली हवा सांस के जरिए अंदर जाती है और हमारे लंग्स को बीमार बनाते हैं। घर से निकलने के दौरान मास्क पहनना ना भूलें।

एक्सरसाइज करें : प्रदूषण की मार से बचने के लिए शरीर को अंदर से मजबूत बनाया जाना चाहिए। ऐसे में आपको अपनी डेली रूटीन में एक्सरसाइज को शामिल करना चाहिए। इसके साथ ही धूम्रपान और सिगरेट आदि के सेवन से बचना चाहिए।

❖ अनन्या मिश्रा

ज्यादा नींबू लेना सेहत के लिए हो सकता है नुकसानदायक

नींबू यूं तो डाइजेशन के लिए अच्छा माना जाता है, लेकिन इसका अधिक सेवन करना डाइजेस्टिव सिस्टम के लिए परेशानी खड़ी कर सकता है। इसके लैक्सेटिव इफेक्ट के कारण आपको डायरिया की शिकायत हो सकती है या फिर अन्य डाइजेशन प्रॉब्लम्स का सामना करना पड़ सकता है। नींबू को सेहत के लिए काफी अच्छा माना जाता है। नींबू विटामिन सी, पोटेशियम और फाइबर का अच्छा स्त्रोत हैं। इसलिए, जब नींबू को अपनी डेली डाइट में शामिल किया जाता है तो यह ना केवल इम्यून सिस्टम को बेहतर बनाता है, बल्कि पाचन में सुधार करने में भी मदद कर सकते हैं। लेकिन नींबू से मिलने वाले पोषक तत्वों का असली लाभ तभी मिलता है, जब इसे सीमित मात्रा में लिया जाए। कुछ लोग दिनभर में कई बार नींबू का सेवन करते हैं, जिससे उन्हें फायदे की जगह कई नुकसान का सामना करना पड़ता है। आमतौर पर प्रति दिन 1-2 नींबू का सेवन करना सुरक्षित है। इससे अधिक नींबू आपके लिए परेशानी खड़ी कर सकता है।

हो सकती है माइग्रेन की समस्या : अगर आपको पहले से ही सिर दर्द या माइग्रेन की शिकायत रहती है तो ऐसे में नींबू का अधिक सेवन करना आपके लिए नुकसानदायक हो सकता है। खट्टे फल अक्सर माइग्रेन और सिरदर्द का कारण बनते हैं। ऐसा इसलिए हो सकता है क्योंकि नींबू टायरामाइन का उत्पादन करता है। यह एक प्राकृतिक मोनोमाइन है, जो अक्सर सिरदर्द का कारण बनता है। इसलिए, दिनभर में एक या दो नींबू से अधिक ना लें।

हो सकती हैं डाइजेस्टिव प्रॉब्लम्स : नींबू यूं तो डाइजेशन के लिए अच्छा माना जाता है, लेकिन इसका अधिक सेवन करना डाइजेस्टिव सिस्टम के लिए परेशानी खड़ी कर सकता है। इसके लैक्सेटिव इफेक्ट के कारण आपको डायरिया की शिकायत हो सकती है या फिर अन्य डाइजेशन प्रॉब्लम्स का सामना करना पड़ सकता है।

एलर्जिक रिएक्शन : ऐसे भी कुछ लोग होते हैं, जिन्हें नींबू जैसे खट्टे फलों से एलर्जी हो सकती है। एलर्जी रिएक्शन होने पर उन्हें खुजली और पित्ती जैसे हल्के लक्षणों से लेकर एनाफिलेक्सिस जैसे गंभीर रिएक्शन तक हो सकते हैं। खासतौर से, जब आप अधिक मात्रा में इसका सेवन करते हैं तो समस्या बद से बदतर हो जाती है। इसलिए, ऐसे लोगों को नींबू या अन्य खट्टे फलों से दूर ही रहना चाहिए।

दांतों के इनेमल को नुकसान पहुंचना : नींबू का रस अम्लीय होता है, और एसिड के बार-बार संपर्क में आने से दांतों का इनेमल नष्ट हो सकता है। जब नींबू का सेवन अधिक मात्रा में किया जाता है, तब यह समस्या बढ़ सकती है। जिससे दांतों में सेंसेटिविटी, डिस्कलरेशन और दांतों में छेद होने का खतरा बढ़ जाता है। इस जोखिम को कम करने के लिए हमेशा एक स्ट्रॉ की मदद से नींबू पानी पीएं और बाद में सादे पानी से कुल्ला कर लें।

❖ मिताली जैन

सूडोकु नवताल- 6850

सरल

7	8	6		1		5		2
	9			8				3
1			6	9		7		
	3	8	2		1			
2	7	5				6	3	1
			5		7	2	8	
		9		7	4			6
8				2			5	
4		2		5		9	1	7

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6849 का हल

2	9	5	3	1	4	6	8	7
3	6	1	2	8	7	4	9	5
8	4	7	5	9	6	3	2	1
5	7	4	1	6	2	8	3	9
1	3	6	9	4	8	5	7	2
9	8	2	7	3	5	1	4	6
6	2	8	4	7	1	9	5	3
4	5	3	6	2	9	7	1	8
7	1	9	8	5	3	2	6	4

दैनिक पंचांग

12 अक्टूबर 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति

ग्रह स्थिति		लग्नारंभ समय	
सूर्य	कन्या में	तुला	06.24 बजे से
चंद्र	सिंह में	वृश्चिक	08.39 ब.से
मंगल	तुला में	धनु	10.55 बजे से
बुध	कन्या में	मकर	13.00 बजे से
गुरु	मेष में	कुंभ	14.47 बजे से
शुक्र	सिंह में	मीन	16.20 बजे से
शनि	कुंभ में	मेष	17.50 बजे से
राहु	मेष में	वृष	19.30 बजे से
केतु	तुला में	मिथुन	21.28 बजे से
		कर्क	23.42 बजे से
		सिंह	01.58 बजे से
		कन्या	04.10 बजे से

राहुकाल 1.30 से 3.00 बजे तक

गुरुवार 2023 वर्ष का 285 वां दिन
दिशाशूल दक्षिण **ऋतु** शरद।
विक्रम संवत् 2080 **शक संवत्** 1945
मास आश्विन (दक्षिण भारत में भाद्रपद) **पक्ष** कृष्ण
तिथि त्रयोदशी 19.54 बजे को समाप्त।
नक्षत्र पूर्वाफाल्गुनी 11.36 बजे को समाप्त। **योग** शुक्ल(शुक्र) 09.30 बजे को समाप्त। **करण** गर 06.48 बजे तदनन्तर वणिज 19.54 बजे को समाप्त।
चन्द्रायु 24.9 घण्टे
रवि क्रान्ति दक्षिण 07° 13'
सूर्य दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1871764
जूलियन दिन 2460229.5
कलियुग संवत् 5125
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2549
हिजरी सन् 1445
महीना रवि उलावल **तारीख** 26
विशेष त्रयोदशी श्राद्ध, मासिक शिवरात्रि, विश्व दृष्टि दिवस।

दिन का चौघड़िया		रात का चौघड़िया	
शुभ	05.54 से 07.22 बजे तक	अमृत	05.40 से 07.11 बजे तक
रोग	07.22 से 08.51 बजे तक	चर	07.11 से 08.43 बजे तक
उद्वेग	08.51 से 10.19 बजे तक	रोग	08.43 से 10.15 बजे तक
चर	10.19 से 11.47 बजे तक	काल	10.15 से 11.47 बजे तक
लाभ	11.47 से 01.15 बजे तक	लाभ	11.47 से 01.19 बजे तक
अमृत	01.15 से 02.43 बजे तक	उद्वेग	01.19 से 02.51 बजे तक
काल	02.43 से 04.11 बजे तक	शुभ	02.51 से 04.23 बजे तक
शुभ	04.11 से 05.40 बजे तक	अमृत	04.23 से 05.55 बजे तक

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

शब्द पहेली - 7912

बाएँ से दाएँ

1. सावधान,सचेत-3
3. खूबसूरत-3
5. वचन,प्रतिज्ञा-2
6. हत्या,मर्डर-2
8. तब तक,अवधि में-4
10. चरित्र,लक्षण-3
12. रूस की मुद्रा-3
13. परागकण-2
14. नाखून-2
15. छुटकारा,आजादी-3
17. तट,किनारा-3
19. ईश्वर,भगवान -4
21. अधीन,काबू-2
23. नवीन,नवजात-2
24. लेखनी,पेन-3
25. लाईन,रेखा -3

ऊपर से नीचे

1. हमेशा,सदैव-2
2. विष,जहर-3
3. गर्भ-3
4. नया,नवल-2
5. पुनरागमन-3
7. मस्ती,उछलकूद-3
8. स्वभाव,आदत-4
9. नुकसान,घाटा-2
12. कपोल,गाल-4
15. शान्ति,सन्नाटा-3
16. ताकत,दम,बल-2
18. बोलने का तरीका-3
19. प्रतिज्ञा,वचन-3
20. आज्ञापालन-3
22. वहम,संदेह-2
23. लोहे की तांत-2

शब्द पहेली -7911 का हल

ना	क	■	जि	रा	फ	■	ब	ला
ज	■	थे	ब	स	■	स	हा	रा
■	प	ना	ह	■	क	री	ना	■
क	र	म	■	दा	स	ता	■	वि
ले	ख	■	का	म	ना	■	दु	ना
जा	■	व	ज	न	■	प	ला	श
■	म	ह	ल	■	प	ह	रा	■
स	न	म	■	न	ह	र	■	जा
जा	न	■	ह	म	ला	■	शा	न

आज का राशिफल

मेष राशि : पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे।

वृष राशि : अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

मिथुन राशि : अपने संघर्ष में स्वयं के आर्थिक उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। रोजगार में तरक्की मिलेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है।

कर्क राशि : उच्च मनोबल रखकर कार्य करें, सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे।

सिंह राशि : यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी।

कन्या राशि : घर-परिवार में प्रसन्नता व सहयोग का वातावरण बनेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है।

तुला राशि : शांतिपूर्वक नित्य कार्य करें। संतान की प्रगति से संतोष होगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ में समय व्यतीत होगा। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं।

वृश्चिक राशि : अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी।

धनु राशि : बुद्धि और धन का दुरुपयोग न करें। व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। किसी का अभद्र व्यवहार खिन्नता व तनाव बढ़ायेगा।

मकर राशि : आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। मान-सम्मान बढ़ेगा।

कुंभ राशि : बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेगे।

मीन राशि : व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

गागर में सागर

जे पी नड्डा ने तंजानिया की राष्ट्रपति सामिया सुलुहु हसन से की मुलाकात

नई दिल्ली। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने तंजानिया के राष्ट्रपति सामिया सुलुहु हसन से मुलाकात की। राष्ट्रपति सामिया सुलुहु हसन सत्तारूढ़ पार्टी सीसीएम की अध्यक्ष भी हैं। बुधवार को जेपी नड्डा ने एक्स पर जानकारी साझा करते हुए कहा कि मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं ने अपने-अपने राजनीतिक दलों के कामकाज और पार्टी-दर-पार्टी संपर्क बढ़ाने के भविष्य के कदमों पर चर्चा की। उल्लेखनीय है कि तंजानिया की राष्ट्रपति सामिया सुलुहु हसन आठ अक्टूबर से तीन दिवसीय भारत यात्रा पर हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने अतीक अहमद के नाबालिग बेटों की रिहाई के मुद्दे को निपटाया

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मारे गए गैंगस्टर अतीक अहमद के दो नाबालिग बेटों की हिरासत के मुद्दे से संबंधित एक याचिका का निपटारा कर दिया है। न्यायमूर्ति एस. रवींद्र भट और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने हाल ही में इस तथ्य पर ध्यान दिया कि दोनों को सात महीने की अवधि के बाद सोमवार को बाल संरक्षण गृह से रिहा कर दिया गया और उन्हें उनकी मौसी परवीन को सौंप दिया गया है।

सुप्रीम कोर्ट ने उमर अंसारी को दी अग्रिम जमानत

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को गैंगस्टर से नेता बने मुख्तार अंसारी के बेटे उमर अंसारी को सरकारी संपत्ति के कथित दुरुपयोग के लिए अंसारी परिवार के खिलाफ दर्ज एक आपराधिक मामले में अग्रिम जमानत दे दी। न्यायाधीश एम.एम. सुंदरेश और प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने छोटे अंसारी को यह कहते हुए राहत दी कि वह उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा शुरू की गई कार्यवाही में सहयोग कर रहे हैं। इससे पहले जुलाई में, शीर्ष अदालत ने उन्हें जांच प्रक्रिया में उनकी मेहनती भागीदारी की शर्त पर गिरफ्तारी के खिलाफ अंतरिम सुरक्षा प्रदान की थी।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने स्वायत्त संस्था मेरा युवा भारत के गठन को मंजूरी दी

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने युवा विकास और युवा नेतृत्व वाले विकास के लिए प्रौद्योगिकी द्वारा संचालित एक व्यापक सक्षम तंत्र के रूप में कार्य करने और युवाओं को समान पहुंच प्रदान करने के लिए एक स्वायत्त निकाय मेरा युवा भारत (एमवाई भारत) की स्थापना को मंजूरी दे दी है। इसका उदेश्य उनकी आकांक्षाओं को साकार करना और सरकार के संपूर्ण दायरे में विकसित भारत का निर्माण करना है। केंद्रीय मंत्री

अनुराग ठाकुर ने इस बात को लेकर जानकारी दी। मेरा युवा भारत (एमवाई भारत) का प्राथमिक उद्देश्य इसे युवा विकास के लिए एक संपूर्ण सरकारी मंच बनाना है। नई व्यवस्था के तहत, संसाधनों तक पहुंच और अवसरों से जुड़ाव के साथ, युवा समुदाय परिवर्तन एजेंट और राष्ट्र निमार्ता बन जाएंगे, जिससे उन्हें सरकार और नागरिकों के बीच युवा सेतु के रूप में कार्य करने की अनुमति मिलेगी। यह राष्ट्र निर्माण के लिए अपार युवा ऊर्जा का उपयोग करना चाहता है। मेरा युवा भारत (ट भारत), एक स्वायत्त निकाय, राष्ट्रीय युवा नीति में युवा की परिभाषा के अनुरूप, 15-29 वर्ष के आयु वर्ग के युवाओं को लाभान्वित करेगा। विशेष रूप से किशोरों के लिए बनाए गए कार्यक्रम घटकों के मामले में, लाभार्थी 10-19 वर्ष के आयु वर्ग के होंगे।

सरकार ने तेजी से बदलती दुनिया में, जहां तीव्र गति का संचार, सोशल मीडिया, नए डिजिटल अवसर और उभरती प्रौद्योगिकियों का वातावरण है, युवाओं को शामिल करने और 'संपूर्ण सरकारी दृष्टिकोण' के सिद्धांतों द्वारा निर्देशित उनका सशक्तिकरण करने के लिए यह निर्णय लिया है कि एक नए स्वायत्तशासी निकाय, अर्थात मेरा युवा भारत (एमवाई भारत) के रूप में एक व्यापक सक्षम तंत्र स्थापित किया जाए।

इन मामलों में मिलेगा बढ़ावा

- युवाओं में नेतृत्व विकास
- अलग-अलग शारीरिक संपर्क से प्रोग्रामेटिक कौशल में बदलाव करके अनुभवात्मक शिक्षा के माध्यम से नेतृत्व कौशल में सुधार करें।
- युवाओं को सामाजिक नवप्रवर्तक, समुदायों में नेता बनाने के लिए उनमें अधिक निवेश करना।
- युवा नेतृत्व वाले विकास पर सरकार का ध्यान केंद्रित करना और युवाओं को विकास का सक्रिय चालक बनाना।
- युवा आकांक्षाओं और सामुदायिक आवश्यकताओं के बीच बेहतर तालमेल।
- मौजूदा कार्यक्रमों के अभिसरण के माध्यम से दक्षता में वृद्धि।
- युवा लोगों और मंत्रालयों के लिए वन स्टॉप शॉप के रूप में कार्य करें।
- एक केंद्रीकृत युवा डेटा बेस बनाएं।
- युवा सरकारी पहलों और युवाओं के साथ जुड़ने वाले अन्य हितधारकों की गतिविधियों को जोड़ने के लिए दोतरफा संचार में सुधार।
- एक भौतिक पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करते हुए पहुंच सुनिश्चित करना।

युवा शांति, समृद्धि और अनुशासन के मार्ग पर चलें : राष्ट्रपति मुर्मू

एजेंसी। श्रीनगर

भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि जब युवा शांति, समृद्धि और अनुशासन के मार्ग पर चलेंगे, तो राष्ट्र स्वतः ही समृद्ध और प्रगति करेगा। उन्होंने कश्मीर विश्वविद्यालय के 20वें दीक्षांत समारोह में 462 छात्रों में से 21 टॉपर्स के बीच स्वर्ण पदक वितरित किये। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दीक्षांत समारोह में अपना भाषण, ये चे मौज कश्मीर से शुरू किया और कहा कि मैं यहां आकर खुश हूं। मैं विभिन्न दीक्षांत समारोहों और देश के विभिन्न संस्थानों और विश्वविद्यालयों में गई हूं, लेकिन मैं युवाओं को बता दूं कि यह परिसर दूसरों की तुलना में अधिक सुंदर है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र तब और अधिक समृद्ध होगा, जब अधिक से अधिक युवा शांति और समृद्धि के मार्ग पर चलेंगे। उन्होंने कहा कि जब युवा अनुशासन का पालन करेंगे, तो राष्ट्र प्रगति करेगा। कश्मीर विश्वविद्यालय

को पहले भी हजरतबल का आशीर्वाद मिला है और आगे भी रहेगा। उन्होंने कहा कि वह 2023 में गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेने और उनकी सामाजिक सेवाओं के लिए नई दिल्ली के राष्ट्रपति भवन में एक स्थानीय लड़के किफायतुल्ला को नियुक्त करके खुश हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि मैं कश्मीर विश्वविद्यालय के छात्रों को उच्च शिक्षा के अलावा सामाजिक सेवाओं में भी भाग लेते देखना चाहती हूं, ताकि समाज में बदलाव आए। 462 छात्रों में से 21 टॉपर्स के बीच स्वर्ण पदक वितरित करने के बाद उन्होंने कहा कि मुझे यह देखकर खुशी हुई कि 55 प्रतिशत टॉपर्स लड़कियां हैं।

कश्मीर को दिए गए प्राकृतिक उपहारों, पर्यावरण की रक्षा पर जोर देते हुए उन्होंने कश्मीरी कहावत अन्न पोशे तेली येले वान पोशे कही। उन्होंने कहा कि प्रकृति की रक्षा करना हमारी जिम्मेदारी है और इसमें युवाओं को अपनी भूमिका निभानी होगी। उन्होंने कहा कि कश्मीर विश्वविद्यालय हिमालयन ग्लेशियरों की रक्षा के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रहा है और मुझे पता चला है कि कई मोर्चों पर शोध की एक श्रृंखला चल रही है। राष्ट्रपति ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति को पूर्ण रूप से लागू करने और अन्य राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से आगे रहने के लिए जम्मू-कश्मीर को बधाई दी।

राष्ट्रपति मुर्मू का हवाई अड्डे पर उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने स्वागत किया, जहां उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। हवाई अड्डे से राष्ट्रपति मुर्मू युद्ध स्मारक पर बलिदानी सैनिकों को श्रद्धांजलि देने के लिए श्रीनगर में सेना के 15 कोर मुख्यालय पहुंचीं। वह एक रात श्रीनगर में रुकेंगी और स्थानीय आदिवासी समूहों और महिला स्वयं सहायता समूहों के साथ बातचीत करेंगी। वह राजभवन श्रीनगर में अपने सम्मान में आयोजित एक नागरिक अभिनंदन समारोह में भी शामिल होंगी। राष्ट्रपति गुरुवार की सुबह जम्मू के कटरा में माता वैष्णो देवी मंदिर के लिए रवाना होंगी, जहां वे पुनर्निर्मित पार्वती भवन और स्काई वॉक का उद्घाटन करेंगी।

अनुराग ठाकुर ने 'केटीबी भारत हैं हम' एनीमेशन शृंखला लॉन्च की

एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारणमंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को 'कृष, ट्रिश और बाल्टीबॉय (केटीबी) भारत हैं हम' एनीमेशन शृंखला को लॉन्च किया। यह शृंखला आजादी के गुमनाम नायकों की कहानियों पर केंद्रित है। इसे 15 अक्टूबर को पूर्वाह्न 11 बजे दूरदर्शन के सभी चैनलों के साथ नेटफिल्किस और प्राइम वीडियो पर एक साथ प्रसारित किया जाएगा। 11 मिनट के इस एनिमेशन कार्यक्रम को हिन्दी और अंग्रेजी के साथ 12 भारतीय भाषाओं और सात अंतरराष्ट्रीय भाषाओं में तैयार किया गया है। केन्द्रीयमंत्री ठाकुर ने कहा कि भारत की स्वतंत्रता की लड़ाई में अहम भूमिका निभाने वाले गुमनाम नायकों की कहानी पूरे विश्व तक पहुंचाने के लिए इसे तैयार किया गया है। इसका मकसद यह है कि सारी दुनिया रानी अब्बक्का जैसे हमारे गुमनाम नायकों के बारे में जान सके। इस सीरीज के जरिए भारत की संस्कृति, इतिहास, जीवन और उपलब्धियों पर प्रकाश डालने का प्रयास किया गया है। इस सीरीज में करीब 30 फीसदी किरदार महिलाएं हैं। यह दशार्ता है कि आजादी की लड़ाई में महिलाओं की अहम भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि भारत को साल 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाना है। अगले 25 साल अमृतकाल के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिए गए मंत्र पंच प्रण के साथ उनके नेतृत्व में भारत नई ऊंचाइयों पर जा रहा है।

'थिएटर कमांड' बनाने की प्रक्रिया सशस्त्र बलों के महत्वाकांक्षी सुधारों में से एक : सीडीएस

सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे ने रूसी-यूक्रेन संघर्ष के चलते क्षेत्र में बढ़ी अशांति पर चिंता जताई

एजेंसी। नई दिल्ली

भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान का कहना है कि आजादी के बाद सशस्त्र बलों के पुनर्गठन के लिए 'थिएटर कमांड' बनाने की प्रक्रिया भारतीय सशस्त्र बलों के लिए सबसे महत्वाकांक्षी सुधारों में से एक है। सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे ने रूस-यूक्रेन संघर्ष के चलते क्षेत्र में बढ़ी अशांति पर चिंता जताई। वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने वायु सेना के आधुनिकीकरण के लिए व्यापक दृष्टिकोण प्रस्तुत किया, जिसमें क्षमता विकास, प्रौद्योगिकी आत्मसात, संयुक्तता और एकीकरण पर जोर दिया गया।

नई दिल्ली में एक संगठन की ओर से आयोजित 'इंडिया डिफेंस



कॉन्क्लेव' को सीडीएस जनरल चौहान, थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे और वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल विवेक राम चौधरी ने संबोधित किया। सीडीएस ने तीनों सेनाओं में व्यापक परिवर्तन की योजना तैयार करने के लिए सेना प्रमुखों और स्वयं के बीच आम सहमति बनाने को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि परिवर्तन के प्रयास से नौ प्रमुख कार्य क्षेत्रों की पहचान हुई है, जिसमें परिचालन, परिचालन-लॉजिस्टिक्स, प्रशिक्षण, मानव संसाधन, प्रशासन और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन शामिल हैं। भारत के दूसरे सीडीएस जनरल चौहान ने 'थिएटर कमांड' के बारे में इस बात पर प्रकाश डाला कि आम सहमति महत्वपूर्ण होने के साथ ही सामूहिक उद्देश्यों को हासिल करने में समझौते की बात भी महत्व रखती है।

कॉन्क्लेव में थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे ने घरेलू रक्षा उद्योग की प्रगति के बारे में विवरण साझा किया। उनके अनुसार कुल 340 स्वदेशी रक्षा उद्यम 2025 तक 230 अनुबंधों को साकार करने में सक्रिय रूप से लगे हुए हैं, जिसमें 2.5 लाख करोड़ रुपये का निवेश होगा। उन्होंने चल रहे रूसी-यूक्रेन संघर्ष पर चिंता जताते हुए कहा कि इसने क्षेत्र में अशांति को और बढ़ा दिया है। इन सबके बीच पूंजीगत खरीद के लिए आपातकालीन खरीद प्रावधानों कसे क्क्क्के तहत 17,500 करोड़ रुपये के परिव्यय वाले लगभग 68 अनुबंध पूरे हो गए हैं। आपातकालीन खरीद प्रावधान क्क्र के तहत 10,900 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ 73 अनुबंध किए गए हैं।

पठानकोट हमले के मास्टरमाइंड शाहिद लतीफ की पाक में हत्या

एजेंसी। नई दिल्ली

भारत के मोस्ट वांटेड आतंकवादियों में से एक और 2016 के पठानकोट हमले के मुख्य साजिशकर्ता शाहिद लतीफ की बुधवार को पाकिस्तान के सियालकोट शहर में एक मस्जिद के पास अज्ञात बंदूकधारियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। सूत्रों के मुताबिक, 41 वर्षीय आतंकवादी को शुक्रवार की नमाज के बाद नूर मदीना मस्जिद के पास मार दिया गया। हत्या के तुरंत बाद हमलावर मौके से भाग गए। पाकिस्तान पुलिस अभी तक बंदूकधारियों की पहचान नहीं कर पाई है। भारतीय एजेंसियों के अनुसार, लतीफ पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़ा था। उसने 2016 में पठानकोट एयरबेस पर हमले को अंजाम देने के लिए चार आतंकवादियों को निर्देशित किया था। लतीफ को 2010 में 24 अन्य आतंकवादियों के साथ भारत

सरकार ने रिहा कर दिया था। 1999 में इंडियन एयरलाइंस विमान (आईसी 814) के अपहरण के मामले में जैश-ए-मोहम्मद के संस्थापक मौलाना मसूद अजहर के साथ रिहाई की मांग करने वाले जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादियों की सूची में लतीफ का नाम भी था। पिछले साल अदालत में दायर एनआईए के आरोप पत्र के अनुसार, लतीफ ने नए घुसपैठ करने वाले जैश-ए-मोहम्मद आतंकवादियों को परिवहन और रसद सहायता प्रदान की थी, जो जम्मू क्षेत्र में सुरक्षा बलों और अन्य महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों पर आत्मघाती हमले को अंजाम देने के लिए भारत में घुसे थे।

FILMY हलचल

राकेश मिश्रा का देवी भजन 'नवमी के पूजाई' हुआ रिलीज

शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा का आगमन होने वाला है, इसी बीच सुपरस्टार

राकेश मिश्रा का देवी भजन नवमी के पूजाई रिलीज हो गया है। इस देवी भजन में राकेश मिश्रा मां भगवती के 9वें अवतार की महिमा का बखान करते नजर आ रहे हैं। यह देवी भजन टी-सीरीज हमार भोजपुरी पर रिलीज हुआ है। राकेश मिश्रा का देवी गीत इससे पहले एक रिलीज हो चुका है, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। अब एक बार फिर से टी-सीरीज हमार भोजपुरी पर उनका यह देवी भजन लोगों को पसंद आ रहा है। देवी भजन नवमी के पूजाई उस समय रिलीज हुआ है, जब राकेश मिश्रा के घर खुद कन्या रूपी बिटिया का जन्म हुआ है। राकेश मिश्रा इसे अपने लिए सौभाग्यशाली मानते हैं और इस भजन को लेकर कहते हैं कि माता रानी सबों की दुख हरती है और अपने भक्तों को मनवांछित फल प्रदान करती है। इसलिए हमने अपने इस भजन में मां के नवें अवतार की महिमा का बखान किया है, जो यकीनन माता के भक्तों को पसंद आएगी।

आमिर खान फिल्म 'सितारे जमीन पर' से करेंगे पर्दे पर वापसी

बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान का दर्शक काफी समय से इंतजार कर रहे हैं कि आमिर कब एक्टिंग में वापसी करेंगे। ऐसे में आमिर के अगले प्रोजेक्ट को लेकर नई जानकारी सामने आई है। आमिर जल्द ही फिल्म 'सितारे जमीन पर' का निर्माण करने वाले हैं, इतना ही नहीं बल्कि वह इसमें अभिनय भी करते नजर आएंगे। आमिर ने कार्यक्रम में अपने आने वाले प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी दी है। आमिर ने कहा, 'मैं सितारे जमीन पर' का निर्माण और अभिनय कर रहा हूं। 'तारे जमीन पर' से 10 कदम आगे बढ़कर यह फिल्म एक अहम विषय पर टिप्पणी करेगी। पिछली फिल्म ने आपको भावुक कर दिया था, लेकिन यह फिल्म आपको हंसाएगी।

महादेव ऑनलाइन ऐप मामले में संजय दत्त, सुनील शेट्टी समेत 34 अभिनेता हैं ईडी के रडार पर

महादेव ऑनलाइन गेमिंग ऐप मामले में नई जानकारी सामने आई है। 18 सितंबर को यूएई में आयोजित जन्मदिन समारोह और पार्टी में शामिल होने वालों में सुनील शेट्टी, संजय दत्त, रश्मिका मंदाना सहित 34 बॉलीवुड अभिनेताओं के नाम बताए गए हैं। ये सभी कलाकार अब ईडी की रडार पर हैं। यूएई में आयोजित पार्टी में एक यूट्यूब इन्फ्लुएंसर शामिल हुआ। उन्होंने अपने यूट्यूब चैनल पर एक वीडियो शेयर किया है जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इसमें शामिल हुए एक्टर्स की भी चर्चा होने लगी है इसीलिए ये अभिनेता ईडी के रडार पर आ गए हैं। बताया जाता है कि आरोपी सौरभ चंद्राकर ने अपनी शादी पर 200 करोड़ रुपये और

अपने जन्मदिन पार्टी पर 60 करोड़ रुपये खर्च किये थे। सामने आए वीडियो में कई कलाकार नजर आ रहे हैं। कौन से कलाकार हैं ईडी के रडार पर? दीप्ति साधवानी, रफ़्तार, सोनू सूद, सुनील शेट्टी, संजय दत्त, हार्डी संधू, सुनील ग्रोवर, रश्मिका मंधाना, सोनाक्षी सिन्हा, गुरु रंधावा, टाइगर श्रॉफ, सारा अली खान, सुखविंदर सिंह, कपिल शर्मा, मलाइका अरोड़ा, डीजे चेतस, नोरा फतेही, नुसरत भरूचा, मौनी रॉय, अमित त्रिवेदी, सोफी चौधरी, आफताब शिवदासानी, डेजी शाह, नरगिस फाखरी, उर्वशी रौतेला, इशिता राज, नेहा शर्मा, स्नेहा उलाल, प्रीति जंगियानी, शमिता शेट्टी, एलनाज, सोनाली सहगल, इशिता दत्ता, जियोर्जियो एंड्रियानी। एक वीडियो सामने आया है कि ये सभी कलाकार उस पार्टी में गए थे। सूत्रों ने बताया है कि महादेव बुक ऐप का विज्ञापन और प्रचार करने वाले इन सभी कलाकारों और गायकों को भारी रकम दी गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अब न केवल सौरभ चंद्राकर की शादी और बर्थडे पार्टी में शामिल होने और परफॉर्म करने वाले सेलिब्रिटीज बल्कि महादेव बुक ऐप का विज्ञापन और प्रचार करने वाले बॉलीवुड कलाकार भी ईडी के रडार पर हैं।

चुनावी चुनौतियां

पीएम पिथौरागढ़ से देशवासियों को देंगे कई अहम संदेश

हिन्दुत्व, सुरक्षा और विकास पर रहेगा फोकस

एजेंसी। देहरादून

ऐसा कई बार हुआ है, जबकि चुनावी चुनौतियों के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को संदेश देने के लिए उत्तराखंड की धरती को चुना। पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान भी मोदी का केदारनाथ धाम आना अभी तक सभी को याद है। अब पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के माहौल में मोदी एक बार गुरुवार को उत्तराखंड के सीमांत जिले पिथौरागढ़ में पहुंच रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी यहां से पूरे देश को कई संदेश देंगे। यह संदेश पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में तो भाजपा को ताकत तो देंगे ही, अगले साल होने

वाले लोकसभा चुनाव के लिए भी ऊर्जा जुटाने का काम करेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी के पिथौरागढ़ दौरे से जो संदेश पूरी मजबूती से आगे निकलेंगे, उसमें हिन्दुत्व, सुरक्षा और विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता पर माना जा सकता है। इस बार पिथौरागढ़ की धरती से मोदी भगवान शिव के आदि कैलाश का दर्शन करेंगे। जागेश्वर धाम में पूजा-अर्चना करेंगे। हिन्दुत्व के जिस दर्शन को अपने अंदाज से मोदी ने पिछले वर्षों में प्रचारित करने का काम किया है, उसे पिथौरागढ़ में विस्तार मिलना तय है।

मोदी का दौरा आंतरिक सुरक्षा के लिहाज से भी अहम है। चमोली जिले की तरह ही, पिथौरागढ़ की सीमाएं भी चीन से सटी हैं। उनकी केदारनाथ यात्रा में भी जहां हिन्दुत्व, सुरक्षा और विकास का सीधा संबंध था वहीं पिथौरागढ़ के 12 अक्टूबर के प्रस्तावित प्रवास में भी ये तीनों ही मजबूती से उपस्थित है। इसी क्रम में मोदी का सीमांत जिले में रहने वाले लोगों और वहां तैनात सेना और सुरक्षा बलों के जवानों से सीधे संवाद का भी कार्यक्रम है। साथ वे ही, 4200 करोड़ की योजनाओं का तोहफा भी देंगे।

पिथौरागढ़ में गुरुवार को मोदी की जनसभा भी प्रस्तावित है। माना जा रहा है कि जनसभा में मोदी का जो भाषण होगा, उसके दूरगामी चुनावी निहितार्थ भी होंगे। उत्तराखंड में लोकसभा की सिर्फ पांच सीटें हैं, लेकिन मोदी और भाजपा इस छोटे से राज्य के महत्व को कभी कम आंक कर नहीं चले हैं। मोदी का पिथौरागढ़ दौरा उत्तराखंड भाजपा को चुनावी तैयारी के हिसाब से चार्ज करने वाला भी साबित होगा।

गागर में सागर

मुख्यमंत्री को पुरस्कार राशि वितरण समारोह के लिए किया आमंत्रित

रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से बुधवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय के डायरेक्टर सुशांत गौरव ने मुलाकात की। उन्होंने 12 अक्टूबर को मेगा स्पोर्ट्स, कॉम्प्लेक्स, होटवार में आयोजित खिलाड़ी एवं प्रशिक्षक नकद पुरस्कार राशि (सम्मान राशि) वितरण समारोह-2023 में उन्हें बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया।

मुख्यमंत्री से जेसोवा के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की

रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से बुधवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड आईएएस ऑफिसर्स वाइव्स एशोसिएशन (जेसोवा) के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। मौके पर मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल ने दो नवंबर से छह नवंबर 2023 तक मोरहाबादी मैदान में आयोजित होने वाले जेसोवा दिवाली मेला-2023 के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित होने के लिए सादर आमंत्रित किया। मौके पर जेसोवा की अध्यक्ष मिनी सिंह, वरीय सदस्य रंजना स्वरूप, उपाध्यक्ष नमिता सिंह एवं प्रीति कुमार, सचिव मनु झा, सदस्य जगता कुमार तथा श्रेया चौरसिया उपस्थित थीं।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी के रुप में प्रदीप भगत ने दिया योगदान

रांची। प्रदीप भगत ने बुधवार को जिला आपूर्ति पदाधिकारी, रांची के रुप में योगदान दिया। निवर्तमान जिला आपूर्ति पदाधिकारी अल्बर्ट बिलुंग ने उन्हें कार्यभार सौंपा। पदभार सौंपने के पश्चात अल्बर्ट बिलुंग ने प्रदीप भगत को शुभकामनाएं दीं। जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप भगत ने कहा कि विभाग द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का बेहतर प्रयास होगा। प्रदीप भगत सरायकेला में जिला आपूर्ति पदाधिकारी के तौर पर अपनी सेवा दे चुके हैं।

डीएसपी और थाना प्रभारी ने किया कई पंडालों का निरीक्षण

रांची। राजधानी रांची में दुर्गा पूजा को लेकर पुलिस अलर्ट है। इसी क्रम में मंगलवार देर रात कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय और थाना प्रभारी शैलेश कुमार ने कई पूजा पंडालों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने राजस्थान मित्र मंडल पूजा समिति का निरीक्षण किया । इस दौरान समस्याओं को जाना और संदिग्ध लोगों को पकड़ कर पूछताछ भी की गई। डीएसपी ने बताया कि दुर्गा पूजा को लेकर पुलिस अलर्ट है, और हर छोटी बड़ी शिकायत पर पुलिस फौरन एक्शन ले रही है। साथ ही उन्होंने पूजा पंडाल के सदस्यों से अपील कि है कि संदिग्ध लोगों की सूचना तुरंत पुलिस को दे। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए है। सादे लिबास में भी पुलिसकर्मियों को लगाया गया है। साथ ही सभी पूजा पंडाल समितियां से सीसीटीवी कैमरा लगाने को भी कहा गया है।

बनाये जा रहे पंडालों के भौतिक सत्यापन का उपायुक्त ने दिया निर्देश

नवीन मेल संवाददाता। रांची

दुर्गा पूजा के अवसर पर विभिन्न पूजा समितियों द्वारा नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पूजा पंडालों का निर्माण किया जा रहा है। जिला प्रशासन की टीम द्वारा इन पूजा पंडालों का भौतिक सत्यापन किया जायेगा। उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा ने पूजा पंडालों की जांच/भौतिक सत्यापन के लिए जिलास्तरीय पदाधिकारियों और सभी अंचल अधिकारियों को निर्देश दिये हैं। पदाधिकारियों को सुरक्षा के दृष्टिकोण से पंडालों की जांच/भौतिक सत्यापन करते हुए आयोजकों/पदधारकों को आवश्यक दिशा-निर्देशों की जानकारी देते हुए जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने को कहा गया है। थानावार पूजा पंडालों की जांच/भौतिक सत्यापन करने वाले पदाधिकारियों की सूची निम्न हैः 1. कोतवाली थाना -मुंशी राम, अंचल अधिकारी, सदर, रांची। 2. अरगोड़ा थाना-अरुप कुमार चौधरी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, रांची। गोन्दा थाना-श्वेता भारती, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, रांची। 4. चुटिया थाना-कौशलेन्द्र कुमार सिंह, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, रांची। 5. जगरनाथपुर थाना-संगीता शरण, जिला कल्याण पदाधिकारी, रांची। 6. डेलीमार्केट थाना-देवनीश होरो, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, रांची। 7.डोरंडा थाना-अंचल अधिकारी, अरगोड़ा। 8.धुर्वा थाना-स्मृति कुमारी, आवासीय दण्डाधिकारी, रांची। 9. पंडरा ओपी-उत्तम कुमार, सचिव, कृषि उत्पादन बाजार समिति, रांची। 10.बरियातु थाना-मनोज कुमार, अंचल अधिकारी, अरगोड़ा। 11. लालपुर थाना- मनीषा तिर्की, विशेष विनिमय पदाधिकारी, रांची। 12. लोअर बाजार थाना-रवि शंकर मिश्रा, सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा, रांची। 13.सदर थाना-एजी कुजूर, जिला सहकारिता पदाधिकारी, रांची। 14. सुखदेवनगर थाना-राज कुमार प्रसाद, अंचल अधिकारी, हेहल। 15. हिन्दपीढ़ी थाना-राम शंकरप्रसाद सिंह, जिला कृषि पदाधिकारी, रांची। 16.नामकुम एवं टाटीसिलले थाना - अमित भगत, अंचल अधिकारी, नामकुम। अतिरिक्त थाना क्षेत्रों में संबंधित अंचल अधिकारियों को पूजा पंडालों की जांच/सत्यापन का निर्देश दिया गया है।

आयोजकों व पदधारकों को आवश्यक दिशा-निर्देशों की जानकारी देते हुए जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने को निर्देश दिया गया है

रातू रोड स्थित आरआर स्पोर्टिंग क्लब दुर्गा पूजा समिति

कलयुग और सतयुग का काल्पनिक थीम होगा विशेष आकर्षण

नवीन मेल संवाददाता। रांची

रातू रोड स्थित आरआर स्पोर्टिंग क्लब इस वर्ष दुर्गा पूजा को लेकर विशेष तैयारी में जुटा है। मां की प्रतिमा जहां बाहुबली के की थीम पर बनाई गयी है वहीं, श्रद्धालुओं को इस वर्ष स्पेशल लाइट इफेक्ट्स के जरिए कलयुग से लेकर सतयुग तक की अवस्था को दिखाया जाएगा। कैसे मनुष्य लोभ में पड़ कर अपना अस्तित्व भुलता जा रहा है। कैसे इंसान मोह माया के गिरफ्त में हैं। ऐसे दृश्यों का काल्पनिक चित्रण किया जाएगा। क्लब के कोषाध्यक्ष रोहित यादव ने बताया कि भव्य पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है। 50 से अधिक कारीगर पिछले डेढ़ महीने से दिन रात काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पंडाल बनाने में 30-35 लाख का खर्च किया जा रहा है। पंडाल 45 फीट ऊंचा और 55 फीट चौड़ा है। मां की प्रतिमा 30 फीट को होगी। मां की प्रतिमा बाहुबलि की तरह बड़ी होगी जबकि अन्य देवताओं की प्रतिमा छोटी होगी। इसके अलावा लाइटिंग पर विशेष तौर पर ध्यान रखा जा रहा है। पंडाल के बाहर भी विशेष प्रकार के लाइट्स लगाए जाएंगे। दूर से ही लोगों को अपनी ओर आकर्षित करेंगे। पूरा परिसर भव्य रूप से सजाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि दुर्गा पूजा के दौरान भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। सुरक्षा को लेकर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। पंडाल के बाहर और भीतर सभी आने-जाने वाले लोगों पर नजर रखी जाएगी। दो दर्जन से अधिक वालंटियर के जिम्में सुरक्षा की कमान रहेगी, महिला और पुरूष दोनों वालंटियर रहेंगे। राहुल यादव ने बताया कि कपाट पंचमी को श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खोल दिया जाएगा। क्लब के संरक्षक विक्की यादव, अध्यक्ष राहुल यादव भी पूजा के प्रबंधन में जोरशोर से जुटे हैं।

स्वास्थ्य मंत्री ने कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

रांची। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने बुधवार को कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो को श्रद्धांजलि अर्पित की। राज्य सरकार ने कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि आज एक महान हस्ती हमारे बीच नहीं रहे जिनका हमे हमेशा दुख रहेगा। सेंट मैरी कैथेड्रल ,पुरुलिया रोड में अपराह्न एक बजे उनका अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो का निधन चार अक्टूबर 2023 को हो गया था।

हेमंत सरकार गाजर-मूली नहीं कि उखाड़ फेंक दें: सुप्रियो

रांची। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी द्वारा राज्यपाल को पत्र लिखकर हेमंत सोरेन की सरकार को बर्खास्त करने और राष्ट्रपति शासन लगाए जाने की मांग पर झामुमो ने पलटवार किया है। झामुमो के केंद्रीय महासचिव एवं प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि बाबूलाल मरांडी 2024 और आगामी दिनों होने वाले पांच राज्यों के चुनाव में निश्चित हार को देख कर बौखला गए हैं। कारण केवल यही नहीं है। उनकी संकल्प यात्रा पूरी तरह विफल रही है। न जनता आ रही है, न उनके भाजपा नेता। पूरी तरह अकेले पड़ चुके हैं। ऊपर से देश की सारी केंद्रीय एजेंसियां हेमंत सरकार को अस्थिर करने, विकास को प्रभावित करने का प्रयास करने के बाद भी यह सरकार निरंतर काम कर रही है। यह सब देख कर वे अपना आपा खो चुके हैं। बाबूलाल मरांडी अपने पत्र में सूत्रों के हवाले से प्राप्त जानकारी का हवाला देते हैं। वो सूत्र कौन है, क्या-क्या जानकारी उनको दिए हैं।

बाल विवाह रोकने को राज्यव्यापी जन जागरुकता अभियान 16 को

नवीन मेल संवाददाता। रांची

बाल विवाह रोकने के लिए महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग 16 अक्टूबर को राज्यव्यापी जन जागरुकता अभियान चलाएगा। जानकारी के अनुसार विभागीय सचिव कृपानंद झा ने इस संबंध में सभी उपायुक्तों को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि जमीनी स्तर पर जनमानस को जागरूक करते हुए राज्य में बाल विवाह के खिलाफ सकारात्मक माहौल तैयार करने की जरूरत है। कम उम्र में विवाह से बहुत सारे बच्चे अनपढ़ और अकुशल रह जाते हैं।

केंद्रीय मंत्री ने सांसद को 2779 करोड़ की योजनाओं का ब्यौरा उपलब्ध कराया

रांची शहरी क्षेत्र में 32433 शहरी आवास हुए स्वीकृत

नवीन मेल संवाददाता। रांची

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा रांची लोकसभा क्षेत्र में 2779 करोड रुपए की परियोजनाएं संचालित हो रही हैं। इनमें कई और परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं और कई पर कार्य चल रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना, स्मार्ट सिटी मिशन, अटल नवीकरण शहरी परिवर्तन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, एनयुएलएम जैसी योजनाओं के माध्यम से बड़ा परिवर्तन देखने को मिला है। शहरी क्षेत्र में शहरी क्षेत्र में जीवन की गुणवत्ता में व्यापक सुधार हुआ है। इस जानकारी को लेकर केंद्रीय शहरी कार्य और आवास मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सांसद संजय सेठ को एक पत्र लिखा है। इस पत्र में केंद्रीय मंत्री ने रांची लोकसभा क्षेत्र में चल रही योजनाओं का ब्यौरा उपलब्ध कराया है। रांची शहरी क्षेत्र में 32433 शहरी आवास स्वीकृत किए गए हैं जिसमें 16479 आवास पूर्ण हो चुके हैं। इस कार्य के लिए भारत सरकार के द्वारा 526 करोड रुपए की स्वीकृति दी गई है और 376 करोड़ रूपया जारी भी कर दिया गया है। वही स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट को लेकर केंद्रीय मंत्री ने बताया है कि यह प्रोजेक्ट 1980 करोड रुपए का है, जिसमें 24 प्रकार के कार्य होने हैं। 18 प्रकार के कार्य पूर्ण हो चुके हैं जबकि 699 करोड रुपए की लागत से 6 परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है। वहीं अमृत योजना के तहत रांची में 271 करोड रुपए की लागत से आठ परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है, जिसमें 54 करोड रुपए लागत की छह परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं। वहीं 221 करोड रुपए की लागत से भी परियोजनाएं पूर्ण हुई हैं। अमृत योजना के तहत 2.31 करोड रुपए की लागत की तीन परियोजनाओं की स्वीकृति प्रदान की गई है। पीएम स्वनिधि योजना के तहत 6690 लोगों को लाभ दिया गया है। यह राशि 9.75 करोड रुपए की है। वही एनयुएलएम के तहत शहरी क्षेत्र की झुग्गी बस्तियों में रहने वाले लोगों को रोजगार के लिए कौशल विकास का प्रशिक्षण दिया जाना है। इसके तहत रांची में 3305 और कपाली में 94 स्वयं सहायता समूह तैयार किए गए हैं। जिसमें रांची में 2100 स्वयं सहायता समूह को राशि उपलब्ध कराई गई है जबकि कपाली में 84 स्वयं सहायता समूह को राशि उपलब्ध कराई गई है। इसके अलावे रांची शहर में 14128 लोगों को कौशल विकास का प्रशिक्षण दिया गया है, जिसमें 5224 लोगों का नियोजन विभिन्न संस्थाओं में किया गया है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा
e-mail ID : eedwsd.lohardaga1@gmail.com

सूचना

इस कार्यालय का ई प्रोक्योरमेंट अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 – 06/2022–23, तृतीय आमंत्रण जिसका PR no. 305230 Lohardaga(23-24):D है, को अपिरहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

क्र0	कार्य का नाम	ग्रुप संख्या
1	ग्राम मसुरियाखांड में सौर उर्जा आधारित जलापूर्ति योजना का निर्माण कार्य	LOH/ITDA/09
2	ग्राम सहेदापाट में सौर उर्जा आधारित जलापूर्ति योजना का निर्माण कार्य	LOH/ITDA/12

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा
PR.NO.308901 Lohardaga(23-24):D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा
e-mail ID : eedwsd.lohardaga1@gmail.com

सूचना

इस कार्यालय का ई प्रोक्योरमेंट अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 – 03/2022–23, अष्टम् आमंत्रण जिसका PR no. 305228 Lohardaga (23-24)#D है, को अपिरहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

क्र0	कार्य का नाम
1	Construction of 6 nos. 125 /115 mm Dia and 60 m deep Drilled Tube Well with installation of IM-II hand pump, 1.85 m diameter PCC platform and 3.0 m long drain on Turn-Key basis in different Rural habitations in Lohardaga District during FY 2022-23.

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा
PR 308903 Lohardaga(23-24)D

कार्यालय, जिला स्वास्थ्य समिति-अंधापन नियंत्रण कार्यक्रम, लोहरदगा
पत्रांक 126/ सूचना लोहरदगा, दिनांक10.10.2023।

लोहरदगा जिला में मोतियाबिंद मरीजों के ऑपरेशन हेतु दर्पण पोर्टल में निबंधित स्वयंसेवी संस्थाओं को MOU हेतु दिनांक 30 नवम्बर 2023 तक आमंत्रित किया जाता है।
इच्छुक स्वयंसेवी संस्थान विस्तृत जानकारी हेतु अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लोहरदगा के कार्यालय में संपर्क कर सकतेहैं।

अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी–सह–
सदस्य सचिव, जिला स्वास्थ्य समिति–
अंधापन नियंत्रण कार्यक्रम, लोहरदगा
PR 308894 Lohardaga(23-24)#D

कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम
ज्ञापांक ..... दिनांक .....
इच्छा से अभिव्यक्ति (EOI) सूचना संख्या16/2023–24

मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत बस डिप्पु के अन्दर निर्मित सामुदायिक शौचालय –सह– कौशल विकास केन्द्र का रख–रखाव किया जाना है। सामुदियक शौचालय–सह– कौशल विकास केन्द्र को 40,000 (चालीस हजार) रू0 प्रतिवर्ष के दर से भुगतान करना होगा। इच्छुक एजेन्सी एवं संवेदक दिनांक 20.10.2023को 1.00 बजे अपराह्न तक कार्यालय में दर/कोटेशन जमा कर सकते है। कोटेशन के साथ निविदा शूल्क मो0 5,000/- रू0 (जो वापस नहीं किया जाएगा) एवं सुरक्षित जमा राशि मो0 10,000/- रू0 बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक संलग्न करना अनिवार्य होगा। बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक नगर आयुक्त, मेदिनीनगर नगर निगम के पदनाम से देय होगा। कोटेशन दिनांक 20.10.2023 को 2.00 बजे अपराह्न में अधोहस्ताक्षरी के समक्ष खोली जाएगी। कोटेशनदाता/प्राधिकृत व्यक्ति कोटेशन खोलने के समय उपस्थित रह सकते है।
नोट :– निविदा संबंधित नियम एवं शर्तें कार्यालय सूचना पट पर एवं Website http//:udhd.jharkhand.gov.in के नोटिस पर अवलोकन किया जा सकता है। कार्यालय अवधि में देखी जा सकती है।

नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम
PR 308877 District(23-24).D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।
पत्रांक 1629/ग्रा॰वि॰वि॰प्र॰,चतरा, दिनांक–11.10.2023

शुद्धि–पत्र

ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा द्वारा Expression of Interest No.–RDD/SD/CHATRA/EOI-16/2023-24 में वर्णित कार्य का प्रकाशित शुद्धि पत्र जिसका PR 308046 Rural Development(23-24)#D द्वारा निविदा में भाग लेने हेतु कंडिका क्रमांक 08 में Last date of Submission of Bid Online/Time for receipt of bids 12.10.2023 के स्थान पर 18.10.2023, कंडिका क्रमांक 9 में Last Date And Time of Submission of Hard Copy of Cost of Tender, EMD and Other Documents 13.10.2023 के स्थान पर 19.10.2023 तथा कंडिका क्रमांक 10 में Technical Bid Opening Date and Time 14.10.2023 के स्थान पर 20.10.2023 पढ़ा जाय।
निविदा की शेष शर्ते पूर्ववत रहेगी। कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,
PR 308908 (Rural Development) 23-24 (D) चतरा।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा
e-mail ID : eedwsd.lohardaga1@gmail.com

सूचना

इस कार्यालय का ई प्रोक्योरमेंट अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 – 03/2022–23, अष्टम् आमंत्रण जिसका PR no. 305156 (Lohardaga)23-24*D है, को अपिरहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

क्र0	कार्य का नाम
1	Construction of 4 nos. 300/115 mm Dia and 90 m deep Gravel Packed Drilled Tube Well with installation of IM-II hand pump, 1.85 m diameter PCC platform and 3.0 m long drain on Turn-Key basis in different Rural habitations in Lohardaga District during FY 2022-23.

PR 308904 Lohardaga (23-24)_D कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा
e-mail ID : eedwsd.lohardaga1@gmail.com

सूचना

इस कार्यालय का ई प्रोक्योरमेंट अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 – 06/2022–23, तृतीय आमंत्रण जिसका PR no. 301251 Lohardaga(23-24)D है, को अपिरहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

क्र0	कार्य का नाम	ग्रुप संख्या
1	ग्राम दुन्दरू में सौर उर्जा आधारित जलापूर्ति योजना का निर्माण कार्य	LOH/ITDA/10
2	ग्राम चपाल में सौर उर्जा आधारित जलापूर्ति योजना का निर्माण कार्य	LOH/ITDA/11

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल
PR 308899 Lohardaga (23-24)_D लोहरदगा

कार्यालय- जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू
-:सूचना:-

निदेशानुसार एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला परिषद, पलामू अन्तर्गत निविदा के माध्यम से कार्यान्वित होने वाली योजनाओं में निविदा देने के लिए विभिन्न श्रेणियों में निबन्धन नवीकरण एवं नव निबंधन हेतु संवेदकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है। नव निबंधन हेतु आवेदन पत्र कार्यालय अवधी में निर्धारित आवेदन शुल्क 500/– रू0 का किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक का बैंक ड्राफ्ट (सचिव जिला परिषद, पलामू (Secretary, Zila Parishad, Palamu के पदनाम से होगा) जमा कर प्राप्त किया जा सकता है। आवेदन पत्र पूर्ण रूप से भर कर आवश्यक कागजात एवं निबंधन शुल्क का भारतीय स्टेट बैंक का ड्राफ्ट (जो सचिव जिला परिषद, पलामू के पदनाम से होगा) के साथ अन्तिम तिथि दिनांक 31.10.2023 को 5:00 बजे अपराहन् तक जिला अभियंता कार्यालय में जमा किया जा सकता है।
नियम एवं शर्तो की जानकारी जिला परिषद, पलामू के सूचना पट् पर अथवा कार्यालय अवधि में संबंधित सहायक से प्राप्त किया जा सकता है।

श्रेणी	निविदा राशि की सीमा	निबन्धन शुल्क	अभियुक्ति
1	2	3	4
1	2.50 करोड़ रूपये से उपर प्राक्कलितराशि के निविदा देने हेतु सक्षम।	2.00 लाख	बैंक ड्राफ्ट किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक को जो सचिव जिला परिषद, पलामू (Secretary, Zila Parishad, Palamu) के पदनाम से हो
2	50.00 लाख रूपये से उपर 2.50 करोड़ तक के प्रक्कलित राशि के निविदा देने हेतु सक्षम।	1.00 लाख	
3	10.00 लाख रूपये से उपर 50.00 लाख तक के प्राक्कलित राशि के निविदा देने हेतु समक्ष।	25 हजार	
4	10.00 लाख रूपये तक के प्राक्कलित राशि के निविदा देने हेतु सक्षम।	10 हजार	

अनु0 :– नियम एवं शर्त (एक पन्ने में)।
ह0/–
जिला अभियंता,
जिला परिषद, पलामू।
PR.NO.308860 District(23-24):D

भारत ने अफगानिस्तान को आठ विकेट से हराया

रोहित का शतक, विराट का अर्धशतक

एजेंसी। नई दिल्ली

टीम इंडिया ने क्रिकेट विश्व कप में जीत का क्रम जारी रखा है। ऑस्ट्रेलिया को 6 विकेट से हराने के बाद अब भारतीय टीम ने दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में अफगानिस्तान को भी 8 विकेट से धूल चटा थी। अफगानिस्तान ने पहले खेलते हुए कप्तान शाहिदी के 80 रनों की मदद से 272 रन बनाए थे। जवाब में खेलने उतरी टीम इंडिया की ओर से रोहित शर्मा ने 131 तो विराट कोहली ने 55 रन बनाकर टीम को जीत दिला दी। इससे पहले अफगानिस्तान की शुरूआत खराब रही। जसप्रीत बुमराह ने 7वें ओवर में अफगानी ओपनर इब्राहिम जादरान (22) का विकेट निकाला। जादरान बुमराह की अंदर आई गेंद को समझ नहीं पाए और राहुल को कैच थमा बैठे। इसके बाद रहमानउल्लाह गुरबाज 28 गेंदों पर 21 रन बनाकर हार्दिक पांड्या का शिकार बन गए। तभी भारतीय गेंदबाज शार्दुल ठाकुर ने भी स्ट्राइक की। उन्होंने 22 गेंदों पर 16 रन बनाने वाले रहमत शाह को पवेलियन का रास्ता दिखा दिया। 63 रन पर तीन विकेट गिर जाने के बाद अफगानी मध्यक्रम में कप्तान शाहिदी और उमरजई ने मोर्चा संभला और चौथे विकेट के लिए 121 रन की साझेदारी की। इस साझेदारी को पांड्या ने 34.2 ओवर में तोड़ते हुए अजमतुल्लाह उमरजई (62) को बोल्ड किया। भारत को पांचवीं सफलता कुलदीप यादव ने दिलाई जब 42.4 ओवर में उन्होंने शाहिदी को अपने जाल में फंसाते हुए एलबीडब्ल्यू किया। शाहिदी ने 88 गेंदों पर 8 चौकों और एक छक्के की मदद से 80 रन बनाए। बुमराह ने 45वें ओवर में अफगानिस्तान को दो झटके दिए। पहले 45वें ओवर की दूसरी गेंद पर बुमराह ने नजीबुल्लाह जादरान (2) को कोहली के हाथों कैच आउट करवाया और फिर मोहम्मद नबी (19) को छठी गेंद पर एलबीडब्ल्यू किया। बुमराह ने अपना चौथा और कुल 8वां विकेट लेते हुए राशिद खान (16) को शिकार बनाया और 48.1 ओवर में कुलदीप के हाथों कैच आउट हुए।

स्कोर बोर्ड

अफगानिस्तान	रन	बॉल	4	6
रहमानउल्लाह गुरबाज	21	28	3	1
इब्राहिम जदरान	22	28	4	0
रहमत शाह	16	22	3	0
हशमतउल्लाह शहीदी	80	88	8	1
अजमतउल्लाह ओमरजाई	62	69	2	4
मोहम्मद नबी	19	27	1	0
नजीबउल्लाह जदरान	2	8	0	0
राशिद खान	16	12	1	1
मुजीब उर रहमान नाबाद	10	12	2	0
नवीन उल हक	9	8	1	0

अतिरिक्त : 15, **कुल :** 272/8 (50 ओवर)
विकेट पतन: 1-32, 2-63, 3-63, 4-184, 5-225, 6-229, 7-235, 8-261 . डीआरएस
गेंदबाजी : जसप्रीत बुमराह 10-0-39-4, मोहम्मद सिराज 9-0-76-0, हार्दिक पंड्या 7-0-43-2, शार्दुल ठाकुर 6-0-31-1, कुलदीप यादव 10-0-40-1, रवींद्र जाडेजा 8-0-38-0

भारत	रन	बॉल	4	6
रोहित शर्मा	131	84	16	5
इशान किशन	47	47	5	2
विराट कोहली	55	56	6	0
श्रेयस अय्यर	25	23	1	1

अतिरिक्त : 15, **कुल :** 273/2 (35 ओवर)
विकेट पतन: 1-156 , 2-205. डीआरएस
गेंदबाजी : फजलहक फारूकी 6-0-50-0, मुजीब उर रहमान 8-0-64-0, नवीन उल हक 5-0-31-0, अजमतउल्लाह ओमरजाई 4-0-34-0, मोहम्मद नबी 4-0-32-0, राशिद खान 8-0-57-2

रोहित शर्मा ने सर्वाधिक छक्के उड़ाने में गेल का रिकॉर्ड तोड़ा

एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने अफगानिस्तान के खिलाफ यहां अरुण जेटली स्टेडियम में आतिशी बल्लेबाजी का नजारा पेश करते हुए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक छक्के उड़ाने में वेस्ट इंडीज के क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। रोहित ने मात्र 30 गेंदों में सात चौके और दो छक्के उड़ाते हुए अपना अर्धशतक पूरा किया। रोहित ने नवीन उल हक पर तीसरा छक्का उड़ाने के साथ यह रिकॉर्ड अपने नाम किया। रोहित के अब 554 छक्के हो गए हैं और उन होने गेल का 553 छक्कों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक छक्के : 554 - रोहित शर्मा 553 - क्रिस गेल 476 - शाहिद आफरीदी 398 - ब्रेंडन मैकुलम 383 - मार्टिन गुप्तिल

वर्ल्ड कप 2023 पॉइंट्स टेबल

टीम	मैच	जीत	हार	एनआरआर	नेट प्वाइंट्स
न्यूजीलैंड	2	2	0	+1.958	4
पाकिस्तान	2	2	0	+0.927	4
अफगानिस्तान	2	0	2	-1.907	0
ऑस्ट्रेलिया	1	0	1	-0.883	0
बांग्लादेश	2	1	1	-0.653	2
भारत	2	2	0	+1.500	4
साउथ अफ्रीका	1	1	0	+2.040	2
श्रीलंका	2	0	2	-1.161	0
नीदरलैंड्स	2	0	2	-1.800	0
इंग्लैंड	2	1	1	+0.553	2

एशियन गेम्स 2023

कांस्य पदक जीत झारखंड लौटीं तीन महिला खिलाड़ी

नवीन मेल संवाददाता। रांची

एशियन गेम्स में कांस्य पदक जीतकर रांची लौटे भारतीय महिला हॉकी टीम में शामिल झारखंड की तीन खिलाड़ियों का बुधवार को बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर जोरदार स्वागत किया गया। 23 सितम्बर से आठ अक्टूबर तक चीन के हांगझोऊ में आयोजित 19वीं एशियन गेम्स के महिला हॉकी प्रतिस्पर्धा में भारतीय महिला हॉकी टीम ने कांस्य पदक जीता है। इस टीम में झारखंड की तीन खिलाड़ी

निक्की प्रधान, सलीमा टेटे और संगीता कुमारी शामिल थीं। टीम में शामिल झारखंड की तीनों खिलाड़ी हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह के साथ बुधवार को रांची लौटीं।

भारत-पाक मैच को लेकर खास प्रोग्राम

मुकाबले से पहले होगा भव्य समारोह

एजेंसी। नई दिल्ली

भारत और पाकिस्तान के बीच शनिवार 14 अक्टूबर को एक नया अध्याय लिखेंगे क्योंकि दोनों क्रिकेट दिग्गज अहमदाबाद में वनडे विश्व कप 2023 में एक-दूसरे के सामने होंगी। लोगों को भी कट्टर प्रतिद्वंदियों को एक दूसरे के खिलाफ देखने का बहुत उत्साह है। अब यह उत्साह और भी बढ़ने वाला है क्योंकि भारत-पाक मैच से पहले सेरेमनी की जानकारी सामने आई है। वनडे विश्व कप 2023 का उद्घाटन समारोह रद्द कर दिया गया था लेकिन भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबले से पहले एक कार्यक्रम की संभावना है।

दुनिया के सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम नरेंद्र मोदी स्टेडियम में अमिताभ बच्चन और रजनीकांत जैसे भारतीय सिनेमा के दिग्गज इस बहुप्रतीक्षित टकराव को देखने के लिए स्टेडियम में मौजूद रहेंगे। दूसरी और 'मास्टर ब्लास्टर' सचिन तेंदुलकर भी इस हाई-ऑक्टेन गेम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। इसके अलावा मशहूर बॉलीवुड गायक अरिजीत सिंह के भी इस भव्य अवसर पर लाइव प्रस्तुति देने की उम्मीद है। गौर हो कि भारत ने अपने विश्व कप अभियान की शुरूआत ऑस्ट्रेलिया पर जीत के साथ की जबकि पाकिस्तान को बड़े मुकाबले की ओर बढ़ने के लिए दो मैचों में दो जीत की जरूरत है। बीसीसीआई ने टूर्नामेंट शुरू होने से पहले सचिन तेंदुलकर, रजनीकांत और अमिताभ बच्चन को गोल्डन टिकट दिए। भारत बनाम पाकिस्तान मैच के लिए बहुत सारे वीआईपी लोगों के आने की उम्मीद है।

हरभजन और बिपिन होंगे 37 वें राष्ट्रीय खेल के डिप्टी सीडीएम

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन ने बुधवार को गोआ में आयोजित किये जाने वाले 37वे राष्ट्रीय खेल के लिए अपने डिप्युटी सीडीएम की घोषणा कर दी। बुधवार को इसकी जानकारी देते हुए झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव डॉ मधुकांत पाठक ने बताया कि झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के वरीय पदाधिकारी सह ओलंपियन हरभजन सिंह और कब्बडी एसोसिएशन के सचिव बिपिन कुमार सिंह झारखंड दल के डिप्टी सी डी एम बनाये गए है।

उन्होंने बताया कि ये गेम्स गोआ के विभिन्न जगहों पर दिनांक 25 अक्टूबर से 9 नवम्बर तक आयोजित होंगे। ज्ञातव्य है कि शिवेंद्र नाथ दुबे कोषाध्यक्ष झारखंड दल के सी डी एम नियुक्त किये जा चुके हैं।

यूईएफए ने की यूरो 2028 और 2032 के मेजबानों की घोषणा

न्योन। यूईएफए ने मंगलवार को यहां आयोजित एक समारोह में यूरो 2028 और 2032 के मेजबान संघों की घोषणा की। इंग्लैंड, उत्तरी आयरलैंड, आयरलैंड, स्कॉटलैंड और वेल्स यूरो 2028 की मेजबानी करेंगे, जबकि 2032 संस्करण इटली और तुर्किये में आयोजित किया जाएगा। यूरो 2032 की मेजबानी के लिए शुरू में इतालवी और तुर्की फुटबॉल संघों ने अलग-अलग बोली लगाने का निर्णय लिया था, लेकिन दोनों देशों ने अंततः टूर्नामेंट के लिए संयुक्त बोली प्रस्तुत करने का फैसला किया। यूईएफए के अध्यक्ष अलेक्जेंडर सेफरिन ने सिन्हुआ के हवाले से कहा, मैं बोली लगाने वालों और मेजबान संघों को बधाई देना चाहता हूं, जिनके समर्पण, कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता को आज विधिवत मान्यता दी गई है। साथ मिलकर, हम इस महान टूर्नामेंट के अविस्मरणीय संस्करण बनाएंगे जो हमें एकजुट करेंगे और खेल भावना का जश्न मनाएंगे।

शंघाई मास्टर्स क्वार्टर फाइनल में पहंचे ह्यूबर्ट हुरकाज

शंघाई। ह्यूबर्ट हुरकाज ने झांग झिझेन को 7-6(6), 4-6, 7-6(4) से हराकर टेनिस के शंघाई मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। हुरकाज का अगला मुकाबला हंगरी के फैबियन से होगा, जिन्होंने आठवीं वरीयता प्राप्त कैस्पर रूड को 7-6 (3), 3-6, 6-4 से हराया। फैबियन ने मैच के बाद कहा, मैच खत्म करना कभी आसान नहीं होता। वह शीर्ष 10 खिलाड़ी में हैं और मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया। मैं मैच जीतकर बहुत खुश हूं। संयुक्त राज्य अमेरिका के सेबेस्टियन कोर्डा ने अर्जेंटीना के फ्रांसिस्को पर 7-5, 7-6 (6) से जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। कोर्डा ने कहा, जिस तरह से मैंने टाईब्रेक में खेला उससे मैं बहुत खुश हूं।

राफेल नडाल ऑस्ट्रेलियन ओपन-2024 में करेंगे वापसी : क्रेग टिली

एजेंसी। नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलियाई ओपन-2024 राफेल नडाल के फैंस के लिए बेहद खास रहने वाला है, क्योंकि लंबी चोट के बाद स्पेन के खिलाड़ी की वापसी होने वाली है। टूर्नामेंट के निदेशक क्रेग टिली ने बुधवार को इस बात की घोषणा की। चैनल नाइन टुडे से बात करते हुए, टिली ने खुलासा किया कि 22 बार का ग्रैंड स्लैम चैंपियन साल के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा करने की तैयारी कर रहे हैं। वह अपने आखिरी सीजन के लिए तैयार हैं। नडाल ने दो बार ऑस्ट्रेलियन ओपन जीता है। उन्होंने 2009 के फाइनल में रोजर फेडरर को हराया और 2022 में अपने 21वें ग्रैंड स्लैम खिताब के लिए डेनियल मेदवेदेव को हराया था। 37 वर्षीय स्पैनियार्ड जनवरी में लगी चोट के बाद से प्रतिस्पर्धी टेनिस से दूर हैं। नडाल ने ठीक होने के लिए पूरे सीजन से बाहर रहने का फैसला लिया। नडाल ने मई में कहा था, मैं सिर्फ खुद को फिर से प्रतिस्पर्धा करने का मौका देना चाहता हूं जो मेरा आखिरी साल होगा। मुझे उम्मीद है कि 2024 में जब मैं वापसी करुंगा तो वह मेरे करियर का एक यादगार साल रहेगा।

झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम घोषित, 27 से टूर्नामेंट शुरू

एजेंसी/नई दिल्ली

रांची में 27 अक्टूबर से पांच नवंबर के बीच खेली जाने वाली झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम की घोषणा बुधवार को कर दी गई। टूर्नामेंट में भारत के अलावा जापान, चीन, कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड की टीमे हिस्सा लेंगी। भारतीय महिला टीम ने हाल ही में 19वें एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीता था। सविता टूर्नामेंट में भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगी जबकि दीप ग्रेस एक्का उपकप्तान की भूमिका में होंगी। भारत टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरूआत 27 अक्टूबर को थाईलैंड के खिलाफ करेगा जिसके बाद 28 अक्टूबर को उसका मुकाबला मलेशिया से होगा। भारत अपने तीसरे गेम में सोमवार यानी 30 अक्टूबर को चीन से भिड़ेगा जबकि 31 अक्टूबर को जापान के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करेगा। भारत अपना अंतिम पूल मैच दो नवंबर को कोरिया के खिलाफ खेलेगा। टूर्नामेंट का सेमीफाइनल चार नवंबर को और फाइनल पांच नवंबर को खेला जाएगा।

टीम के मुख्य कोच जेनेके शोपमैन ने कहा, एक टीम के रूप में हमारी गति और निरंतर सुधार को जारी रखने के लिए यह एक महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है। हमने एशियाई खेलों में अच्छा प्रदर्शन किया था। आगामी टूर्नामेंट हमें अपने एशियाई चैलेंजर्स के खिलाफ अपनी स्थिति में और सुधार करने का मौका देगा।

भारतीय टीम

गोलकीपर : सविता और बिचु देवी खारीबाम
रक्षा पंक्ति : निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी और दीप ग्रेस एक्का रक्षा पंक्ति
मिडफील्ड लाइन-अप : निशा, सलीमा टेटे, नेहा, नवनीत कौर, सोनिका, मोनिका, ज्योति और बलजीत कौर
फॉरवर्ड : लालरेम्सियामी, संगीता कुमारी, दीपिका और वंदना कटारिया
बैकअप : शर्मिला देवी और वैष्णवी विट्ठल फाल्के

अबू धाबी टी10 — सातवें संस्करण के लिए न्यूयॉर्क स्ट्राइकर्स ने बनाई मजबूत टीम

कुसल परेरा, मोहम्मद हारिस का चयन

एजेंसी। अबू धाबी

सागर खन्ना के स्वामित्व वाले न्यूयॉर्क स्ट्राइकर्स ने प्लेयर ड्राफ्ट के माध्यम से अबू धाबी टी10 के सातवें संस्करण के लिए एक मजबूत टीम बनाई है। दिलचस्प बात यह है कि न्यूयॉर्क स्ट्राइकर्स की टीम ने पिछले साल अबू धाबी टी10 का अपना पहला सीजन खेला और उपविजेता रही।

न्यूयॉर्क स्ट्राइकर्स ने कार्ल क्रो को अपने मुख्य कोच बरकरार रखा है, जिन्होंने पहले टूर्नामेंट के 2021 संस्करण में डेक्कन ग्लेडियेटर्स को जीत दिलाई थी। क्रो की कोचिंग विशेषज्ञता विश्व स्तर पर विभिन्न क्रिकेट फ्रेंचाइजी तक फैली हुई है, जिसमें आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ उनका कार्यकाल भी शामिल है। क्रो को दक्षिण अफ्रीका के पूर्व हरफनमौला खिलाड़ी एल्बी मोर्कल की सहायता मिलेगी, जो टीम के गेंदबाजी कोच के रूप में काम करना जारी रखेंगे।

प्लेयर ड्राफ्ट शुरू होने से पहले ही, न्यूयॉर्क स्ट्राइकर्स ने पहले ही अपने रोस्टर में महत्वपूर्ण बदलाव कर दिए थे। उन्होंने पूर्व विंडीज कप्तान कीरोन पोलार्ड को अपने आइकन प्लेयर के रूप में बरकरार रखा। पोलार्ड ने कहा, मुझे फिर से न्यूयॉर्क स्ट्राइकर्स का नेतृत्व करने और इस असाधारण रूप से प्रतिभाशाली टीम के साथ काम करने का सौभाग्य मिला है। इस टीम के भीतर हम जिस मानक की आकांक्षा रखते हैं वह उत्कृष्टता से कम नहीं है और परिणामस्वरूप, हम पिछले साल की तुलना में एक कदम आगे जाने और अबू धाबी टी10 चैंपियनशिप जीतने के लिए अपना सब कुछ देंगे।

पोलार्ड के साथ हमवतन सुनील नरेन (प्लेटिनम), पाकिस्तान के पूर्व कप्तान शोएब मलिक (एशियाई सुपर स्टार), और तेजतर्रार बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर (कैट ए) शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, टीम ने अपने लाइनअप को और मजबूत करते हुए त्रिनिदाद के स्पिनर अकील होसेन और यूएई के बल्लेबाज मुहम्मद वसीम को भी बरकरार रखने का फैसला किया।

न्यूयॉर्क स्ट्राइकर्स ने ड्राफ्ट में कुछ रणनीतिक चयन किए, जिससे अंतरराष्ट्रीय प्रतिभा और उभरती संभावनाओं का मिश्रण सामने आया। श्रीलंका से, उन्होंने चार होनहार खिलाड़ियों - लाहिरू कुमारा (कैट सी), चमिका करुणारत्ने (कैट सी), कुसल परेरा (कैट सी) के साथ-साथ युवा लसिथ क्रूसपुले (उभरते हुए) का चयन किया है। इनके अलावा अफगान बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज (कैट ए), और हार्ड-हिटिंग पाकिस्तानी सनसनी मोहम्मद हारिस (कैट बी) भी टीम में शामिल हैं।

न्यूयॉर्क स्ट्राइकर्स की टीम

ड्राफ्ट के द्वारा चुने गए खिलाड़ी : रहमानुल्लाह गुरबाज (कैट ए), ओडियन स्मिथ (कैट बी), मोहम्मद हारिस (कैट बी), लाहिरू कुमारा (कैट सी), चमिका करुणारत्ने (कैट सी), कुसल परेरा (कैट सी), मुहम्मद जवादुल्लाह (यूएई-) आरईएस), चुंदंगापोयिल रिजवान (यूएई-आरईएस), लसिथ क्रूसपुले (उभरते हुए), विल जैक्स (ऑप्ट 1), अली खान (ऑप्ट 2)।
बरकरार रखे गए खिलाड़ी : कीरोन पोलार्ड (आइकन), अकील होसेन (कैट बी), मुहम्मद वसीम (यूएई-आरईएस)।
पूर्व-करार : सुनील नरेन (प्लैटिनम), मोहम्मद आमिर (कैट ए), शोएब मलिक (एशियाई सुपर स्टार)।

खिलाड़ियों के ड्राफ्ट के सफल समापन के बाद, मुख्य कोच कार्ल क्रो ने कहा, मैं ड्राफ्ट से वास्तव में खुश हूं। हमें वे खिलाड़ी मिल गए जिनकी हम तलाश कर रहे थे। हम उत्साहित हैं और आने वाले सीजन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं और हमारे पास टूर्नामेंट में एक महत्वपूर्ण छाप छोड़ने का पूरा मौका है।

टीम के मालिक सागर खन्ना ने कहा, हम इस बात से बहुत खुश हैं कि खिलाड़ियों का ड्राफ्ट हमारे लिए कैसा रहा क्योंकि हमें वह मिला जो हम चाहते थे। यह हमारी योजनाओं के अनुसार हुआ। हमें विश्वास है कि हमारी टीम मुख्य कोच क्रो और गेंदबाजी कोच मोर्कल के मार्गदर्शन में बेहतर करेगी। हम पिछले साल खिताब जीतने के बहुत करीब थे, लेकिन नहीं जीत सके, हालांकि, इस साल हम प्रतिष्ठित ट्रॉफी जीतने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता एक नवंबर को

नवीन मेल संवाददाता। रांची

खेलकूद व युवा कार्य निदेशालय रांची की ओर से वित्तीय वर्ष 2023-24 में मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। यह पुरुष और महिला दोनों वर्गों में होगी। प्रतियोगिता की शुरूआत एक नवंबर से जिले के सभी 194 पंचायतों में होनी है। प्रतियोगिता में भागीदारी करने वाले खिलाड़ियों की आयु सीमा 18 से 40 वर्ष के बीच होनी चाहिए। यह जानकारी जिला खेल पदाधिकारी संतोष कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि यह प्रतियोगिता पंचायत स्तर से शुरू होकर राज्य स्तर तक आयोजित होगी। प्रतियोगिता के अंतर्गत सभी मैच नॉकआउट आधार पर खेले जायेंगे। उन्होंने बताया कि जिले भर में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता के संचालन के लिए पंचायत स्तर पर गठित कमेटी के अध्यक्ष मुखिया होंगे। उनके अलावा कमेटी में बीइइओ, पंचायत सचिव, संबंधित प्रखंड का उत्कृष्ट खिलाड़ी और विद्यालय के प्रधानाचार्य शामिल होंगे। आयोजन के लिए पंचायत कमेटियों को मिलेंगे पांच-पांच हजार, दूसरे चरण में प्रखंड स्तर पर होगी प्रतियोगिता, खर्च के लिए मिलेंगे दस-दस हजार रुपये, तीसरे चरण में होगी जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता।